दैनिक
लखनऊ से प्रकाशित एवं उ.प्र., बिहार, झारखण्ड, मध्यप्रदेश, राजस्थान, दिल्ली में प्रसारित
RNI-UPHIN/2014/58471
# अमन लेखनी





क्राइम-ड्रामा 'आश्रम 4' वेब सीरीज का ऐलान

2-3 हजार थी पहली सैलरी, आज करोड़ों की हैं मालकिन

वर्ष : 12 | अंक : 241 | लखनऊ, 25 अगस्त, मंगलवार 2026 | पृष्ठ : 08 | मूल्य : 2.00 रुपए

'समरसता संकल्प अभियान' के दौरान कांग्रेस पर नवीन का तंज

# वंदेमातरम का अपमान करने वालों को जनता सिखाएगी सबक

नवीन ने कहा कि पीएम नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में गरीब और अंतिम व्यक्ति तक विकास योजनाएं पहुंचाई जा रही हैं तथा 25 करोड़ लोगों को गरीबी से बाहर निकाला गया है

**अमन लेखनी समाचार/ नई दिल्ली,**

भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन ने विपक्षी दलों पर बांटने की सोच के साथ काम करने और वंदे मातरम का अपमान करने का आरोप लगाया और कहा कि भारत के लोग उनकी सोच बदल देंगे। यहां तालकटोरा स्टेडियम में संत गुरु रविदास की 650वीं जयंती के मौके पर 'समरसता संकल्प दिवस' कार्यक्रम को संबोधित करते हुए नवीन ने कहा कि भारत की संस्कृति और विरासत को सालों से चुनौतियों का सामना करना पड़ा है, लेकिन उनकी जड़ें इतनी मजबूत हैं कि वे उनका सामना कर सकती हैं। लोगों ने इस देश पर सैकड़ों साल तक शासन किया, लेकिन वे हमारी संस्कृति की नींव को उखाड़ने में नाकाम रहे। आज भी कुछ लोग समाज में बांटने की सोच के साथ काम करते हैं।

**कुछ लोग समाज को बांटने की सोच के साथ काम कर रहे**

संत रविदास के समरसता विचारों को जनता तक पहुंचाएंगे



कार्यक्रम को संबोधित करते राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन

### हर वर्ग को विकसित भारत के लक्ष्य से जोड़ेंगे

नवीन ने कहा कि पीएम नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में गरीब और अंतिम व्यक्ति तक विकास योजनाएं पहुंचाई जा रही हैं तथा 25 करोड़ लोगों को गरीबी से बाहर निकाला गया है। भाजपा का संकल्प है कि समाज के हर वर्ग को जोड़कर 2047 तक 'विकसित भारत' के लक्ष्य को साकार किया जाए। संत शिरोमणि रविदास की 650वीं जयंती को पीएम मोदी की सोच के साथ पूरी पार्टी मना रही है।

**गुरुओं के आशीर्वाद से अभियान सफल होगा**

नवीन ने कहा कि समरसता संकल्प अभियान का उद्देश्य संत रविदास जी के सामाजिक समरसता, समानता और निष्काम कर्म के विचारों को जन-जन तक पहुंचाना है। उन्होंने कहा कि 29 जुलाई को जब इस पवित्र अभियान की शुरुआत की गई, तो वह दिन गुरु पूर्णिमा का था। गुरु पूर्णिमा के दिन इस कार्यक्रम का आरंभ इसलिए किया गया कि जिस दिन गुरुओं का आशीर्वाद मिलेगा।

### भारत संतों और तप की भूमि

उन्होंने कहा कि भारत की यह भूमि संतों की भूमि है, यह तप की भूमि है। हम सब इसके साक्षी हैं कि इस देश में जब-जब कोई असमानता आई है, जब-जब इस देश को आपदा मिली है और जब-जब देश को उस आपदा से बाहर निकालने का अवसर मिला है, तब संतों का आशीर्वाद इस देश को हमेशा मिलता रहा है। संतों और महापुरुषों ने जो ज्ञान

### रविदास ने सनातन परंपराओं को बचाया

नवीन ने कहा कि हम संत शिरोमणि रविदास के उन प्रयासों को भी स्मरण करना चाहते हैं। जब समाज में ऊंच-नीच थी और समाज कई कुप्रथाओं से जकड़ा था, उस समय उनके विचारों और प्रयासों ने कड़ा प्रहार किया तथा पूरे देश में सामाजिक समरसता की नींव रखने का काम गुरु रविदास ने किया। भाजपा उन्हीं के विचारों को लेकर इस पूरे समरसता संकल्प अभियान की शुरुआत कर रही है।

### पीएम मोदी ने गरीबों की चिंता की

भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष ने कहा कि जब कोरोना कालखंड में 'प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना' की शुरुआत की और हर गरीब के घर में 5 किलो अनाज मुफ्त में पहुंचाने की व्यवस्था की गई, तो कहीं न कहीं यह कल्पना थी कि कोई व्यक्ति भूखा न सोए और कोई व्यक्ति अन्न के लिए मोहताज न रहे। आज जब हम कहते हैं कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में समरसता के उस भाव को आगे लेकर जाते हुए 25 करोड़ लोगों को गरीबी रेखा से बाहर निकालने का काम किया गया, तो यह कहीं न कहीं संत शिरोमणि रविदास की सोच को आगे बढ़ाने का काम है।

---

## खबर संक्षेप

### उप राष्ट्रपति ने स्वदेशी पापकॉर्न लॉन्च किया

**अमरावती।** भारत के उपराष्ट्रपति सी.पी. राधाकृष्णन ने आंध्र प्रदेश के एलुरु जिले के मुसुनुरु में देश का



पहला स्वदेशी, नॉन-जीएमओ और हाई-एक्सपेंशन पापकॉर्न मक्का संकर बीज लॉन्च किया है। इसे 'गोरमेट पॉपकोर्निका' कंपनी द्वारा विकसित किया गया है। इस अवसर पर सीएम एन. चंद्रबाबू नायडू भी उपस्थिति थे।

### आईआईटी कानपुर के पूर्व छात्र ने दिए 300 करोड़

**कानपुर।** आईआईटी कानपुर के पूर्व छात्र राकेश गंगवाल ने संस्थान को 300 करोड़ रुपए दान में दिए हैं।



वे एयरलाइंस कंपनी इंडिगो के को-फाउंडर हैं। उन्होंने यह दान स्कूल ऑफ मेडिकल साइंसेज एंड टेक्नोलॉजी के विकास के लिए दिया है। इस नए योगदान के साथ, मेडिकल स्कूल के लिए गंगवाल का योगदान 400 करोड़ हो गया है।

### सांसद विधायक की मंजूरी क्यों लेनी होगी?

**नई दिल्ली।** दिल्ली हाई कोर्ट ने दिल्ली सरकार को दिल्ली लक्ष्मी योजना का लाभ लेने के लिए



स्थानीय सांसद या विधायक की मंजूरी की जरूरत के पीछे की वजह बताने को कहा है। कोर्ट ने दिल्ली सरकार को जनहित याचिका पर 10 दिन के अंदर हलफनामा दाखिल करने का निर्देश दिया है। मामले पर अगली सुनवाई 17 अक्टूबर को होगी।

### दिल्ली ननि में नाव लेकर पहुंचे आप पार्षद

**नई दिल्ली।** नगर निगम सदन की बैठक में सोमवार को सुरक्षा में बड़ी लापरवाही देखने को मिली।



बरसात के मौसम में जगह-जगह हो रहे जलभराव का विरोध करते हुए आम आदमी पार्टी (आप) के पार्षद नांव लेकर कार्यवाही में पहुंच गए। इसके साथ ही वे बैठक में जोर-जोर से नारे लगाने लगे।

---

महिला प्रदर्शनकारियों की शिकायतों पर सुप्रीम कोर्ट गंभीर

# जंतर-मंतर पर यौन उत्पीड़न की जांच पहले होगी, कमेटी जल्द अंतरिम रिपोर्ट करे दाखिल

न्यायमूर्ति सूर्यकांत ने कहा कि पुलिस हिंसा के आरोपों की जांच के लिए गठित हाई-पावर्ड एन्क्वायरी कमेटी के अध्यक्ष को शिकायतें प्राप्त करने के लिए नोडल अधिकारियों की नियुक्ति का अधिकार दिया गया है। नोडल अधिकारियों की नियुक्ति के बाद शिकायत दर्ज कराने की प्रक्रिया सार्वजनिक की जाएगी

**राजकुमार सिंह चौहान ब्यूरो प्रमुख/ नई दिल्ली,**

सुप्रीम कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति सूर्यकांत ने सोमवार को स्पष्ट किया कि जंतर-मंतर पर छात्र प्रदर्शनों के दौरान पुलिस हिंसा के आरोपों की जांच के लिए गठित हाई-पावर्ड एन्क्वायरी कमेटी महिला प्रदर्शनकारियों द्वारा लगाए गए यौन उत्पीड़न और दुर्व्यवहार के आरोपों की प्राथमिकता के आधार पर जांच करेगी।

सीजेआई ने कहा कि 18 अगस्त के आदेश के अनुसार, कमेटी को महिला प्रदर्शनकारियों के खिलाफ कथित यौन हिंसा, उत्पीड़न, छेड़छाड़ और अन्य प्रकार की हिंसा से जुड़ी शिकायतों पर प्राथमिकता से विचार करते हुए जल्द से जल्द अंतरिम रिपोर्ट दाखिल करनी है। यह मामला तब सामने आया, जब सीनियर एडवोकेट शोभा गुप्ता ने 20 जुलाई को जंतर-मंतर पर हुए छात्र प्रदर्शन के दौरान महिला प्रदर्शनकारियों के साथ कथित यौन उत्पीड़न के मामलों पर सुप्रीम कोर्ट से स्वतः संज्ञान लेने का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि महिला प्रदर्शनकारियों ने पुलिसकर्मियों द्वारा कथित छेड़छाड़ और यौन उत्पीड़न की शिकायतें की हैं।

### पांच सदस्यीय कमेटी करेगी आरोपों की जांच

**20** जुलाई के प्रदर्शन से उठा यह मामला

कमेटी प्राथमिकता से विचार करे



**इसी मुद्दे पर अलग रिट याचिका भी दायर**

इस पर जस्टिस जॉयमाल्य बागची ने बताया कि इसी मुद्दे को लेकर एक अलग रिट याचिका भी दायर की गई है और हाई-पावर्ड कमेटी को मामले की जांच करने के लिए कहा गया है। सीजेआई ने कहा कि कमेटी के अध्यक्ष को शिकायतें प्राप्त करने के लिए नोडल अधिकारियों की नियुक्ति का अधिकार दिया गया है। नोडल अधिकारियों की नियुक्ति के बाद शिकायत दर्ज कराने की प्रक्रिया सार्वजनिक की जाएगी।

**महिलाओं की शिकायतों को मिलेगी प्राथमिकता**

कमेटी को विशेष रूप से महिला प्रदर्शनकारियों के खिलाफ कथित लक्षित हिंसा, उत्पीड़न, छेड़छाड़ और किसी भी प्रकार के द्वितीयक उत्पीड़न की शिकायतों की प्राथमिकता के आधार पर जांच करने को कहा गया है। इसके साथ ही पुलिस बल के कथित अत्यधिक इस्तेमाल और छेड़छाड़ के आरोपों पर जल्द से जल्द अंतरिम रिपोर्ट दाखिल करने का निर्देश दिया गया है।

शीर्ष अदालत ने राज्यों से मांगा जवाब

### फुटपाथ पर कब होगी लोगों के चलने की व्यवस्था? यह जिंदगी का अहम हिस्सा

सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि फुटपाथ लोगों की जिंदगी का एक अहम हिस्सा हैं। कोर्ट ने सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों को निर्देश दिया कि वे पैदल चलने वालों के लिए सही ढंग से कब्जे-मुक्त जगह बनाने के कोर्ट के निर्देशों के पालन पर जवाब दें। बेंच ने सड़क वाली जगहों पर सही ढंग से फुटपाथ बनाने के मामले में सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों से जवाब मांगा है। बेंच ने कहा कि पहला कदम पैदल चलने वालों के लिए जगह को सही ढंग से चिह्नित करना है।

जेपीएससी परीक्षाओं को लेकर सुको में सुनवाई

### झारखंड सरकार और केंद्र को दिया नोटिस

14वीं झारखंड लोक सेवा आयोग (जेपीएससी) की प्रारंभिक परीक्षा में कथित अनियमितताओं की सीबीआई जांच की मांग को लेकर दाखिल जनहित याचिका पर सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई हुई। सुनवाई के बाद सर्वोच्च अदालत ने मामले में जेपीएससी और जेएसएससी को नोटिस जारी कर जवाब मांगा है। यह जनहित याचिका प्रार्थी हरिशरण देवगन की ओर से सुप्रीम कोर्ट में दाखिल की गई है। याचिका में 14वीं जेपीएससी प्रारंभिक परीक्षा से जुड़े मामले की जांच केंद्रीय जांच ब्यूरो से कराने की मांग की गई है।

महुआ मोइत्रा पहुंचीं सुको

### अदालत ने तत्काल सुनवाई से किया इनकार

तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) सांसद महुआ मोइत्रा ने सोमवार को सुप्रीम कोर्ट का रुख किया।



उन्होंने पश्चिम बंगाल के नदिया जिले में स्थित सरकारी सर्किट हाउस से जिला प्रशासन के अधिकारियों द्वारा कथित तौर पर बाहर निकाले जाने का आरोप लगाया है। हालांकि, सुप्रीम कोर्ट ने मामले की तत्काल सुनवाई से इनकार कर दिया। सीजेआई ने कहा कि हम इस पर विचार नहीं करने जा रहे हैं। यह मामला हाई कोर्ट भी सुन सकता है।

### स्वतंत्र जांच की मांग

महुआ मोइत्रा की ओर से पेश वकील ने कहा कि यह घटना उनके संसदीय क्षेत्र कृष्णनगर में देर रात हुई और मामले की स्वतंत्र जांच की जरूरत है। इस मामले में हाईकोर्ट पहले ही सुरक्षा संबंधी आदेश पारित कर चुका है।

---

'एक देश, एक चुनाव' का विरोध

# कांग्रेस और टीएमसी ने संसदीय समिति की बैठक में किया विरोध



**अमन लेखनी समाचार/ नई दिल्ली,**

पूर्व केंद्रीय मंत्री पी चिदंबरम ने लोकसभा और राज्य विधानसभाओं के एक साथ चुनाव कराने के प्रस्ताव का संसद की संयुक्त समिति के समक्ष जोरदार विरोध किया। उन्होंने इस पहल को भयानक और असंवैधानिक बताया। पूर्व गृह और वित्त मंत्री ने कहा कि 'एक देश, एक चुनाव' के तहत पूरे देश में एक साथ चुनाव कराने का प्रस्ताव बिना सोचे-समझे किया गया प्रयास है। चिदंबरम ने संविधान (129वां संशोधन) विधेयक, 2024 और केंद्र शासित प्रदेश कानून (संशोधन) विधेयक, 2024 पर विचार कर रही संसद की संयुक्त समिति के समक्ष पेश होकर अपनी राय रखी।

### निर्वाचन आयोग को मिल जाएंगे बेलगाम अधिकारः टीएमसी

समिति की सदस्य और तृणमूल कांग्रेस की नेता सागरिका घोष ने विधेयक का विरोध करते कहा कि इससे निर्वाचन आयोग को बेलगाम अधिकार मिल जाएंगे। भाजपा सांसद पीपी चौधरी की अध्यक्षता



वाली समिति के समक्ष पद्म पुरस्कार से सम्मानित करीब 10 लोगों के एक समूह ने भी अलग से अपनी राय रखी। इनमें तरलोचन सिंह, नवीन खन्ना, मीनाक्षी जैन और नीरू कुमार शामिल थे। पद्म पुरस्कार विजेताओं में से कुछ ने एक साथ चुनाव कराने की पहल का समर्थन किया, जबकि अन्य ने इसका विरोध किया। विरोध करने वालों ने कहा कि इससे देश में अराजकता पैदा हो सकती है। ये दोनों विधेयक दिसंबर 2024 में लोकसभा में पेश किए गए थे।

### उच्च स्तरीय समिति ने की थी सिफारिश

इन विधेयकों को पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद की अध्यक्षता वाली उच्चस्तरीय समिति की सिफारिशों के बाद तैयार किया गया था। समिति ने चरणबद्ध तरीके से लोकसभा, राज्य विधानसभाओं और स्थानीय निकायों के चुनाव एक साथ कराने की सिफारिश की थी। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह भी कोविंद की अध्यक्षता वाली इस उच्चस्तरीय समिति के सदस्य थे। संविधान लागू होने के बाद 1951 से 1967 तक लोकसभा और सभी राज्य विधानसभाओं के चुनाव एक साथ हुए थे। लोकसभा और राज्य विधानसभाओं के पहले आम चुनाव 1951-52 में एक साथ हुए थे। इसके बाद 1957, 1962 और 1967 में भी यह व्यवस्था जारी रही। हालांकि, कुछ राज्य विधानसभाओं के समय से पहले भंग होने के कारण 1968 और 1969 में एक साथ चुनाव कराने का यह चक्र टूट गया।

---

आरक्षण पर चिराग पासवान की दो टूक

# ये खैरात नहीं, सांविधानिक अधिकार, कोई समझौता नहीं

**अमन लेखनी समाचार/ नई दिल्ली,**

लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) के प्रमुख और केंद्रीय मंत्री चिराग पासवान ने कहा कि जाति आधारित आरक्षण को खत्म नहीं किया जा सकता, क्योंकि यह सांविधानिक अधिकार है। वहीं, विपक्ष ने आरोप लगाया कि सत्तारूढ़ दल आरक्षण खत्म करने के लिए संविधान में संशोधन करना चाहता है। उन्होंने कहा कि यह व्यवस्था बाबासाहेब की सोच के आधार पर स्थापित की गई थी और दुनिया की कोई ताकत इसे कमजोर नहीं कर पाएगी। जब तक मैं, रामविलास पासवान का बेटा, इस सरकार का हिस्सा हूं, मैं इस व्यवस्था से समझौता नहीं होने दूंगा। पासवान ने कहा कि विपक्षी दल हर चीज में राजनीति देखते हैं। आखिर संघ, भाजपा और हमारी पार्टी सभी एनडीए का हिस्सा हैं या नहीं? क्या किसी के कह देने भर से आरक्षण खत्म किया जा सकता है? यह सांविधानिक अधिकार है।



चिराग पासवान

गृह मंत्री शाह से मिले सीएम सरमा

# बाढ़ के नुकसान की दी जानकारी राहत-पुनर्वास का मिला आश्वासन

**अमन लेखनी समाचार/ नई दिल्ली,**

असम के सीएम हिमंत बिस्वा सरमा ने केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह से मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने गृह मंत्री को राज्य में हाल ही में आई विनाशकारी बाढ़ से हुए नुकसान, राहत कार्यों और प्रभावित लोगों के पुनर्वास के संबंध में विस्तृत जानकारी दी। बैठक में असम से जुड़े कई अन्य महत्वपूर्ण विषयों पर भी चर्चा हुई। सीएम ने गृह मंत्री को बाढ़ से हुई तबाही के पैमाने और राज्य सरकार द्वारा चलाए जा रहे राहत, पुनर्वास व पुनर्निर्माण कार्यों के बारे में अवगत कराया। गृह मंत्री अमित शाह ने बाढ़ से हुए नुकसान की गंभीरता को स्वीकार करते हुए असम सरकार को प्रभावित क्षेत्रों में पुनर्वास और पुनर्निर्माण कार्यों के लिए केंद्र सरकार की ओर से पूर्ण सहयोग देने का आश्वासन दिया।



गृह मंत्री शाह से मिलते सीएम हिमंता

## दिल्ली में भारी बारिश से जनजीवन अस्त-व्यस्त



दिल्ली के संगम विहार इलाके में जलभराव में फंसी स्कूली छात्राएं

**इलाके और सड़कें झील में तब्दील**

**नई दिल्ली।** दिल्ली-एनसीआर में सावन के आखिरी सोमवार को सुबह से ही बारिश की झड़ी लग गई। जिससे जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया। कई जगह जलभराव और पेड़ गिरने से आवागमन ठप हो गया। इसके कारण विभिन्न स्थानों पर यातायात जाम की स्थिति बन गई। कई इलाकों में सड़कें झील में तब्दील हो गईं। करीब दो से तीन फीट तक पानी भर जाने से हालात बदतर हो गए। कई इलाकों में दो से तीन फीट तक पानी जमा हो गया। इससे पैदल यात्रियों के साथ वाहन चालकों को भी परेशानी हुई। सुबह करीब 10 बजे बारिश शुरू हुई और दोपहर 12 से एक बजे के बीच तेज बारिश के कारण शहर के कई हिस्सों में जलभराव की स्थिति गंभीर हो गई।

संक्षेप

## गुजरात से लखनऊ भेजी गई 436 बैटरियों में से 41 बैटरियां रास्ते से गायब

अमन लेखनी समाचार

सरोजनीनगर, लखनऊ। बिजनौर थाना क्षेत्र में बीते दिनों गुजरात से लखनऊ के लिए भेजी गई 436 बैटरियों में से 41 बैटरियां रास्ते से गायब हो गई। इस मामले में सीजे डॉर्सल लॉजिस्टिक्स लिमिटेड के अधिकृत प्रतिनिधि शिव शंकर जायसवाल ने बिजनौर थाने में गुजरात के भुज स्थित गांधीधाम निवासी ट्रांसपोर्टर केके चौधरी, राजस्थान के बाड़मेर स्थित पनानियों का ताला, होडू निवासी ट्रक मालिक राणाराम और राजस्थान के ही बाड़मेर स्थित पायला खुर्द निवासी ट्रक चालक मोटा राम सहित डिपो इंचार्ज रविंद्र कुमार व अन्य अज्ञात के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है। शिव शंकर जायसवाल के मुताबिक कंपनी ने पूर्ण ट्रक लोड माल ढुलाई के लिए केके चौधरी ट्रांसपोर्ट से संपर्क किया था। तब ब्रोकर की ओर से ट्रक (आरजे 39 जीए 3747) उपलब्ध कराया गया था। शिव शंकर का कहना है कि इस ट्रक में सात अगस्त को गुजरात के मुंद्रा स्थित ईस्टमैन ऑटो एंड पावर लिमिटेड के परिसर से 436 बैटरियां लादकर लखनऊ के सरोजनीनगर स्थित नटकुर के भंडारी फार्म पहुंचाने के लिए रवाना की गई थीं। माल की लोडिंग चालक और डिपो इंचार्ज की मौजूदगी में हुई थी। इसका कन्साइनमेंट नोट भी जारी किया गया था शिव शंकर का कहना है 13 अगस्त को ट्रक माल लेकर बिजनौर थाना क्षेत्र स्थित कन्साइनी परिसर पहुंचा। वहां माल की जांच के दौरान 41 बैटरियां कम मिलीं। तब इसकी जानकारी कंपनी अधिकारियों को दी गई। सूचना मिलने पर कंपनी के अधिकारी मौके पर पहुंचे और पुलिस की 112 हेल्पलाइन पर भी घटना की जानकारी दी। शिव शंकर जायसवाल ने आशंका जताई है कि ट्रक चालक, मालिक और ब्रोकर ने आपस में मिलीभगत कर अन्य लोगों के साथ मिलकर रास्ते में बैटरियों का गबन किया है। आरोप है कि इस कृत्य से कंपनी को आर्थिक नुकसान पहुंचाया गया। फिलहाल कंपनी के शाखा प्रबंधक शिव शंकर जायसवाल की तहरीर पर पुलिस रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच कर रही है।

# सावन के अंतिम सोमवार पर शिवालयों में उमड़ी आस्था

अमन लेखनी समाचार



मोहनलालगंज। सावन माह के अंतिम सोमवार को नगर पंचायत मोहनलालगंज के मऊ स्थित श्री गौरी-शंकर हनुमान मंदिर में श्रद्धा और आस्था का सैलाब उमड़ पड़ा। सुबह से ही हर-हर महादेव के जयघोष से मंदिर परिसर गूंजता रहा। श्रद्धालुओं ने भगवान शिव का जलाभिषेक कर परिवार की सुख-समृद्धि और क्षेत्र की खुशहाली की कामना की मंदिर में भक्त नितुल शर्मा ने अपने परिवार के साथ विधि-विधान से भगवान शिव का रुद्राभिषेक कराया वैदिक मंत्रोच्चार के बीच जल, दूध, दही, घी, शहद और बेलपत्र से महादेव का अभिषेक एवं पूजन किया गया। इसके बाद प्रसाद वितरण और भजन-कीर्तन का आयोजन भी हुआ। सावन के अंतिम सोमवार के चलते दिनभर मंदिर में श्रद्धालुओं का तांता लगा रहा। भीड़ को देखते हुए पुलिस प्रशासन भी मुस्तैद रहा और सुरक्षा व यातायात व्यवस्था के पुख्ता इंतजाम किए गए, जिससे श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की परेशानी का सामना नहीं करना पड़ा।

# रेलवे लाइन की पटरी पर दो शव मिलने से मचा हड़कंप,

अमन लेखनी समाचार

सरोजनीनगर, लखनऊ। सरोजनीनगर थाना क्षेत्र में सोमवार को रेलवे लाइन की पटरी पर दो शव मिलने से हड़कंप मच गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने दोनों की पहचान कराने का प्रयास किया, लेकिन मौके पर दोनों शवों की शिनाख्त नहीं हो सकी। बाद में पोस्टमार्टम हाउस पहुंची महिला ने एक शव की पहचान अपने 16 वर्षीय बेटे कृष्णा शर्मा के रूप में की। पुलिस के मुताबिक सोमवार सुबह करीब 11:30 बजे आलमनगर से उतरठिया की ओर जा रही ट्रेन के चालक ने सरोजनीनगर थाना क्षेत्र स्थित ट्रांसपोर्ट नगर स्टेशन मास्टर को रेलवे लाइन पर दो लोगों के शव पड़े होने की सूचना दी। स्टेशन से जानकारी मिलने पर सरोजनीनगर पुलिस मौके पर पहुंची। जहाँ कानपुर रोड स्थित बीमा अस्पताल के पास रेलवे लाइन किनारे थोड़ी थोड़ी दूरी पर करीब 16 वर्षीय किशोर और करीब 25 वर्षीय युवक के शव पड़े मिले। पुलिस ने आसपास के लोगों को बुलाकर उनकी पहचान कराने की कोशिश की, लेकिन उनकी पहचान नहीं हो सकी। बाद में पुलिस ने दोनों शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। उधर घटना को लेकर आसपास लोगों में चर्चा हुई तो कृष्णा नगर थाना क्षेत्र के अलीनगर सुनहरा स्थित हरिओम नगर निवासी महिला रीता को इस बारे में पता चला। तब उसने पोस्टमार्टम हाउस पहुंचकर नाबालिक की पहचान अपने बेटे कृष्णा शर्मा (16) के रूप में की। पुलिस के मुताबिक महिला रीता कृष्णानगर थाना क्षेत्र के अलीनगर सुनहरा स्थित हरिओम नगर में पिछले करीब 2 वर्षों से किराए के मकान में मृतक कृष्णा और छोटे बेटे देवराज के साथ रहती हैं। जबकि रीता के पति मुन्ना सुशांत गोल्फ सिटी के सरसवा गांव स्थित अपने घर में रहकर खेती किसानी करते हैं।

# नवांगतुक छात्र-छात्राओं का ओरिएंटेशन कार्यक्रम संपन्न

अमन लेखनी समाचार



गोसाईगंज। गोसाईगंज के निकट के गांव चांद सराय में स्थित संस्था श्री शारदा ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशन में नव प्रवेशित एवं नवांगतुक छात्र-छात्राओं के स्वागत एवं मार्गदर्शन के लिए सोमवार को ओरिएंटेशन कार्यक्रम आयोजित किया गया। आयोजन के मुख्य अतिथि प्रो. (डॉ.) अमर पाल सिंह, कुलपति, डॉ. राम मनोहर लोहिया राष्ट्रीय विधि विश्वविद्यालय रहे। राज्य संपादक दैनिक जागरण आशुतोष शुक्ला विशेष अतिथि के रूप में अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। मुख्य एवं विशेष अतिथि ने नवांगतुक छात्र-छात्राओं का मार्गदर्शन करते हुए उन्हें शिक्षा, अनुशासन, लक्ष्य निर्धारण और उज्ज्वल भविष्य के निर्माण के लिए प्रेरित किया। अतिथियों ने विद्यार्थियों को संस्थान की शैक्षणिक गतिविधियों का भरपूर लाभ उठाते हुए निरंतर मेहनत और सकारात्मक सोच के साथ आगे बढ़ने का संदेश दिया। कार्यक्रम के दौरान डीन एकेडमिक डॉ. अरुण कुमार शुक्ला ने धन्यवाद ज्ञापन प्रस्तुत किया। इस अवसर पर उत्कृष्ट कार्य करने वाले शिक्षकों एवं प्रशासनिक कर्मचारियों को सम्मानित किया गया। साथ ही प्रत्येक सेमेस्टर के सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओं को भी पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर डॉ. विवेक मिश्रा, डीन, श्री शारदा ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशन, लखनऊ सहित संस्थान के शिक्षकगण एवं अन्य गणमान्य लोग मौजूद रहे।

# ओमेक्स न्यू हजरतगंज में पुलिस की पैदल गश्त, सुरक्षा व्यवस्था का लिया जायजा



अमन लेखनी समाचार

गोसाईगंज। सुरक्षा व्यवस्था को और मजबूत करने तथा अपराध पर प्रभावी अंकुश लगाने के उद्देश्य से पुलिस ने सोमवार को ओमेक्स न्यू हजरतगंज क्षेत्र में पैदल गश्त कर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। एसीपी गोसाईगंज ऋषभ यादव के नेतृत्व में सुशांत गोल्फ सिटी पुलिस बल ने क्षेत्र में पैदल गश्त की। इस दौरान पुलिस टीम ने होटल सहित प्रमुख स्थानों की चेकिंग कर वहां की सुरक्षा व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया। पुलिस ने होटल संचालकों और संबंधित लोगों से सुरक्षा व्यवस्था को लेकर जानकारी ली तथा आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए। पुलिस अधिकारियों ने लोगों से संदिग्ध गतिविधियों की तत्काल सूचना पुलिस को देने और सुरक्षा मानकों का पालन करने की अपील की। गश्त के दौरान पुलिस बल ने क्षेत्र में मौजूद लोगों से संवाद कर सुरक्षा का भरोसा भी दिलाया। एसीपी ऋषभ यादव ने बताया कि अपराध और अपराधियों पर प्रभावी अंकुश लगाने के लिए पुलिस की सतर्कता लगातार बढ़ाई जा रही है। संवेदनशील एवं प्रमुख स्थानों पर नियमित गश्त और चेकिंग के माध्यम से कानून-व्यवस्था को मजबूत बनाए रखने का प्रयास जारी रहेगा।

# डीसीपी दक्षिणी ने बिजनौर थाने का किया निरीक्षण

अमन लेखनी समाचार



सरोजनीनगर, लखनऊ। डीसीपी दक्षिणी मोहम्मद मुश्ताक ने सोमवार को बिजनौर थाने का आकस्मिक निरीक्षण किया। वह दोपहर करीब 3:15 बजे बिजनौर थाने पहुंचे थे। इस दौरान उन्होंने थाना परिसर, अभिलेखों, मालखाना, साफ-सफाई, कानून-व्यवस्था और अपराध नियंत्रण की व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उन्होंने अधिकारियों और कर्मचारियों को थाने की व्यवस्थाओं में सुधार के साथ अपराध नियंत्रण को लेकर प्रभावी पुलिसिंग के निर्देश दिए। डीसीपी ने थाना परिसर में खड़े वाहनों का विधिवत चिन्हीकरण कर प्रत्येक वाहन की अलग फाइल तैयार करने तथा नियमानुसार कार्रवाई के निर्देश दिए। अव्यवस्थित वाहनों व निष्प्रयोज्य सामग्री का निस्तारण, परिसर की नियमित सफाई, सौंदर्यीकरण, वृक्षारोपण और हरित क्षेत्र विकसित करने पर भी जोर दिया। पुलिसकर्मियों के शारीरिक व मानसिक स्वास्थ्य को ध्यान में रखते हुए व्यायाम की समुचित व्यवस्था करने को कहा। जर्जर भवनों को चिन्हित कर नियमानुसार ध्वस्तीकरण तथा जल निकासी की समस्या के समाधान के लिए नगर निकाय से समन्वय के निर्देश दिए। उन्होंने मेस की स्वच्छता और भोजन की गुणवत्ता की नियमित निगरानी, सीमावर्ती क्षेत्रों में प्रभावी गश्त तथा पड़ोसी थानों और जनपदों की पुलिस से समन्वय बढ़ाने को कहा। क्षेत्र में सक्रिय अपराधियों का सत्यापन कर निरोधात्मक कार्रवाई, विशेष रूप से चिन्हित अपराधियों की गतिविधियों पर नजर रखने और गुमशुदा लोगों की बरामदगी के लिए गठित टीमों के प्रयासों की नियमित समीक्षा के निर्देश दिए। लंबित विवेचनाओं का गुणवत्तापूर्ण एवं समयबद्ध निस्तारण, साक्ष्य और गवाहों के बयान समय से दर्ज कराने तथा अनावश्यक विलंब पर जिम्मेदारी तय करने को कहा। बाजारों और संवेदनशील स्थानों पर सीसीटीवी कैमरों की उपलब्धता व कार्यशीलता सुनिश्चित करने के साथ तकनीकी संसाधनों के प्रभावी इस्तेमाल के निर्देश दिए। डीसीपी ने मिशन शक्ति और एंटी रोमियो अभियान को प्रभावी बनाने, महिलाओं व बालिकाओं को सुरक्षा संबंधी जानकारी देने तथा आईजीआरएस शिकायतों का निष्पक्ष और समयबद्ध निस्तारण सुनिश्चित करने पर विशेष जोर दिया। उन्होंने फरियादियों से शालीन व्यवहार और उनकी शिकायतों के त्वरित समाधान के निर्देश दिए। इस दौरान डीसीपी ने मिशन शक्ति केंद्र प्रभारी महिला उप निरीक्षक आराधना वर्मा के काम की तारीफ करते हुए उन्हें 5000 रुपये इनाम देने की घोषणा की। इससे पहले डीसीपी दक्षिणी ने बिजनौर थाना स्थित नवनिर्मित मिशन शक्ति केंद्र का फीता काटकर उद्घाटन भी किया। उन्होंने संबंधित अधिकारियों व कर्मचारियों को आगंतुकों और पीड़ितों की शिकायतों का संवेदनशीलता के साथ उचित निस्तारण करने के निर्देश दिए।

# सड़क हादसे में घायल युवक की इलाज के दौरान मौत

हादसा

अमन लेखनी समाचार



मृतक सुजीत फाइल फोटो

लखनऊ। किसी काम से बाइक से बाजार जा रहे एक युवक ने एक ऑटो को बचाने के चक्कर में सामने से आ रही कार से भिड़ंत हो गई। बाइक सवार युवक गंभीर रूप से घायल हो गया है। राहगीरों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायल अवस्था में युवक को नजदीकी सीएचसी में भर्ती कराया जहां चिकित्सको ने हालत गंभीर देख ट्रामा सेंटर रेफर कर दिया। जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। मलिहाबाद थाना क्षेत्र के काजी खेड़ा निवासी सुमित यादव (21) रविवार शाम को बाइक से रहीमाबाद के गहदो बाजार जा रहा था। तभी नारायणपुर गांव के पास एक ऑटो वाले को बचाने के प्रयास में सामने से आ रही स्विफ्ट डिजायर कार से भिड़ंत हो गई। इससे बाइक सवार युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। राहगीरों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायल अवस्था में युवक को माल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया जहां चिकित्सकों ने हालत गंभीर देख उसे ट्रॉमा सेंटर रेफर कर दिया जहां इलाज के दौरान रविवार देर रात उसकी मौत हो गई। मृतक सुमित यादव माल के पारा गांव में बिल्डिंग की दुकान चलाता था। मृतक के परिवार में पिता रामस्वरूप, माता रूपा, दो भाई अमित, गौरव है जिनका रो-रो कर बुरा हाल है। पुलिस ने क्षतिग्रस्त दोनों वाहनों को अपने कब्जे में ले लिया है। रहीमाबाद इंस्पेक्टर अरुण कुमार त्रिगुणायक ने बताया कि मिली तहरीर के आधार पर टक्कर मारने वाली गाड़ी के नंबर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर आगे की विधिक कार्रवाई की जा रही है।

# ई-रिक्शा चोरी का खुलासा, दो आरोपी गिरफ्तार

अमन लेखनी समाचार




मोहनलालगंज। घर के बाहर खड़ा ई-रिक्शा चोरी करने वाले दो आरोपियों को मोहनलालगंज पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने उनके कब्जे से चोरी गया ई-रिक्शा भी बरामद कर लिया दोनों को न्यायालय में पेश कर जेल भेज दिया गया पुलिस के अनुसार, बैरीसालपुर निवासी राकेश ने रविवार को तहरीर देकर बताया था कि उनके घर के बाहर खड़ा नया ई-रिक्शा रात में चोरी हो गया। तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर पुलिस ने जांच शुरू की।

जांच के दौरान पुलिस ने तकनीकी साक्ष्यों और मुखबिर की सूचना पर लालता खेड़ा (निगोहां) निवासी जीतू और बेनीपुर (हरगांव, सीतापुर) निवासी रामप्रसाद को गिरफ्तार कर लिया। उनके कब्जे से चोरी किया गया ई-रिक्शा बरामद हुआ वही पूछताछ में आरोपियों ने बताया कि उन्होंने रानीखेड़ा गांव से रात में घर के बाहर खड़ा ई-रिक्शा चोरी किया था उसे बेचने के लिए ले जाते समय कनकहा-तेलीबाग नहर मार्ग पर बैटरी डिस्चार्ज हो गई। इसके बाद उन्होंने ई-रिक्शा सुनसान स्थान पर छिपा दिया। सोमवार को दोनों उसे पैदल ढकेलकर बेचने ले जा रहे थे, तभी पुलिस ने दबोच लिया पुलिस के मुताबिक, गिरफ्तार आरोपी जीतू का आपराधिक इतिहास भी उसके खिलाफ वर्ष 2025 में वजीरगंज थाने में चोरी का मुकदमा दर्ज।

# बेटे-बहू की प्रताड़ना से परेशान बुजुर्ग की पुलिस ने सुनी फरियाद, घर पहुंचकर दिलाया सुरक्षा का भरोसा

अमन लेखनी समाचार



गोसाईगंज। बेटे और बहू से कथित प्रताड़ना से परेशान एक बुजुर्ग सोमवार को मदद की आस लेकर थाना गोसाईगंज पहुंचा। बुजुर्ग की व्यथा सुनकर पुलिस ने तत्काल संवेदनशीलता दिखाई और उसकी शिकायत पर कार्रवाई करते हुए उसे सुरक्षा का भरोसा दिलाया। थाने पहुंचने पर बुजुर्ग भावुक हो गया और अपनी परेशानी पुलिस के सामने रखी। उसकी स्थिति को देखते हुए प्रभारी निरीक्षक दिलेश कुमार सिंह ने उसे अपने पास बैठाकर ढांढस बंधाया और जलपान कराया। इसके बाद बुजुर्ग से पूरे मामले की जानकारी लेकर उसका प्रार्थना पत्र लिया गया। मामले को गंभीरता से लेते हुए पुलिस टीम को तत्काल बुजुर्ग के साथ उसके घर भेजा गया। महिला उपनिरीक्षक सोनम राय और हेड कांस्टेबल सर्वेश सिंह ने मौके पर पहुंचकर बुजुर्ग की बहू को आवश्यक हिदायत दी। वहीं, बुजुर्ग के बेटे के खिलाफ निरोधात्मक कार्रवाई की गई। पुलिस ने बुजुर्ग को भरोसा दिलाया कि भविष्य में किसी भी तरह की परेशानी होने पर वह तत्काल पुलिस से संपर्क करे। पुलिसकर्मियों ने उसे हरसंभव कानूनी सहायता और सुरक्षा उपलब्ध कराने का आश्वासन भी दिया। पुलिस की इस पहल से बुजुर्ग को राहत मिली। थाने में शिकायत लेकर पहुंचे बुजुर्ग के प्रति पुलिस के संवेदनशील रवैये और तत्काल कार्रवाई की क्षेत्र में चर्चा रही। इस पूरे मामले में खाकी का मानवीय चेहरा भी देखने को मिला।

# गोसाईगंज थाने का डीसीपी दक्षिणी ने किया आकस्मिक निरीक्षण, व्यवस्थाओं में सुधार के दिए निर्देश

अमन लेखनी समाचार



गोसाईगंज। पुलिस उपायुक्त दक्षिणी, कमिश्नरेट लखनऊ मोहम्मद मुश्ताक ने सोमवार को थाना गोसाईगंज का आकस्मिक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने थाना परिसर, अभिलेखों, वाहनों, मालखाना, मेस, साफ-सफाई, कानून-व्यवस्था और अपराध नियंत्रण की व्यवस्थाओं का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान खामियों में सुधार और पुलिसिंग को और प्रभावी बनाने के लिए अधिकारियों व कर्मचारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। डीसीपी ने थाना परिसर में खड़े वाहनों का विधिवत चिन्हीकरण कर प्रत्येक वाहन की अलग फाइल तैयार करने तथा निष्प्रयोज्य वाहनों और सामग्री का नियमानुसार निस्तारण कराने के निर्देश दिए। परिसर की साफ-सफाई, सौंदर्यीकरण, वृक्षारोपण और हरित क्षेत्र विकसित करने पर भी जोर दिया। पुलिसकर्मियों के शारीरिक व मानसिक स्वास्थ्य के लिए व्यायाम की समुचित व्यवस्था कराने को कहा। उन्होंने जर्जर भवनों का चिन्हीकरण कर नियमानुसार ध्वस्तीकरण, जल निकासी की समस्या के समाधान के लिए नगर निकाय से समन्वय और मेस में स्वच्छता व भोजन की गुणवत्ता पर नियमित निगरानी के निर्देश दिए। अपराध नियंत्रण को लेकर सीमावर्ती क्षेत्रों में प्रभावी गश्त, अपराधियों का सत्यापन और असामाजिक तत्वों पर कार्रवाई के साथ लंबित विवेचनाओं की नियमित समीक्षा कर समयबद्ध निस्तारण के निर्देश दिए। महत्वपूर्ण स्थानों और बाजारों में सीसीटीवी कैमरों की उपलब्धता व कार्यशीलता सुनिश्चित करने को कहा। डीसीपी ने मिशन शक्ति और एंटी रोमियो अभियान को प्रभावी बनाने, महिलाओं व बालिकाओं को सुरक्षा संबंधी जानकारी देने तथा आईजीआरएस शिकायतों का गुणवत्तापूर्ण एवं समयबद्ध निस्तारण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि फरियादियों के साथ संवेदनशील व्यवहार और अपराध नियंत्रण में किसी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

# जल भरकर अटेर पहुंचे कांवड़िए, बाबा को किया जलाभिषेक

अमन लेखनी समाचार



लखनऊ। माल क्षेत्र के अटेर गांव स्थित प्राचीन गरीब नाथ बाबा मंदिर से रविवार शाम श्रद्धालुओं का जत्था डाक कांवड़ लेकर रवाना हुआ। सोमवार को बीकेटी स्थित चंद्रिका देवी धाम के समीप गोमती नदी से विधि-विधान के साथ पवित्र जल भरा गया। इसके बाद कांवड़िए निर्धारित मार्ग से दौड़ते हुए अटेर गांव स्थित गरीब नाथ बाबा मंदिर पहुंचे और भगवान गरीब नाथ बाबा का जलाभिषेक किया। सुबह श्रद्धालुओं के मंदिर पहुंचते ही पूरे परिसर का माहौल भक्तिमय हो गया। कांवड़ियों ने मंदिर में विधि-विधान से पूजा-अर्चना की और गोमती नदी से लाए गए पवित्र जल से बाबा का अभिषेक किया। इस दौरान मंदिर परिसर हर-हर महादेव और बम-बम भोले के जयकारों से गूंज उठा। श्रद्धालुओं ने भगवान शिव की आराधना कर परिवार और क्षेत्र की सुख-समृद्धि तथा विश्व कल्याण की कामना की। डाक कांवड़ यात्रा को लेकर श्रद्धालुओं में विशेष उत्साह देखने को मिला। कांवड़ियों ने पूरी श्रद्धा और आस्था के साथ यात्रा पूरी की। रास्ते में ग्रामीणों और स्थानीय लोगों ने कांवड़ियों का स्वागत किया और उनकी सेवा में जुटे रहे। कई स्थानों पर श्रद्धालुओं के लिए पेयजल आदि की व्यवस्था भी की गई। कांवड़ यात्रा के दौरान गांव का माहौल पूरी तरह शिवमय नजर आया। श्रद्धालुओं की आस्था और उत्साह ने धार्मिक वातावरण को और भी भक्तिमय बना दिया। जलाभिषेक के बाद भक्तों ने मंदिर में पूजा-अर्चना कर भगवान भोलेनाथ से क्षेत्र में सुख-शांति और समृद्धि की प्रार्थना की।

# मोहनलालगंज बार के संस्थापक सदस्य रामनरेश सिंह का निधन

अमन लेखनी समाचार



मोहनलालगंज। नगर पंचायत बख्खा खेड़ा निवासी वरिष्ठ अधिवक्ता एवं मोहनलालगंज तहसील बार एसोसिएशन के संस्थापक सदस्य रामनरेश सिंह का सोमवार शाम बीमारी के चलते एक निजी अस्पताल में निधन हो गया। उनके निधन की सूचना मिलते ही मोहनलालगंज तहसील परिसर और क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई रामनरेश सिंह वर्ष 1975 से अधिवक्ता के रूप में सक्रिय रूप से वकालत कर रहे थे वह मोहनलालगंज तहसील बार एसोसिएशन के संस्थापक सदस्यों में शामिल थे तथा तीन बार बार एसोसिएशन के अध्यक्ष पद का दायित्व भी संभाल चुके थे। उनके निधन से अधिवक्ता समाज ने एक वरिष्ठ एवं अनुभवी विधिवेत्ता को खो दिया उनके निधन पर मंगलवार को मोहनलालगंज तहसील में शोकसभा (कंडोलेंस) आयोजित की जाएगी। रामनरेश सिंह अपने पीछे पत्नी अंजनी सिंह, पुत्र अनुराग सिंह एवं पुत्री श्वेता सिंह सहित भरा-पूरा परिवार छोड़ गए वरिष्ठ अधिवक्ता के निधन पर बार एसोसिएशन पदाधिकारियों, अधिवक्ताओं तथा क्षेत्र के गणमान्य लोगों ने गहरा शोक व्यक्त करते हुए उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की।

# विवाहिता मौत प्रकरण में वांछित जेठ गिरफ्तार

अमन लेखनी समाचार




मोहनलालगंज। खुजौली गांव में विवाहिता को आत्महत्या के लिए उकसाने के मामले में मोहनलालगंज पुलिस ने वांछित जेठ को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया है। मामले में पहले ही मृतका के पति को जेल भेजा जा चुका है, जबकि अन्य आरोपितों की तलाश जारी पुलिस के अनुसार, बीते 9 जुलाई को एक महिला ने डायल-112 पर सूचना दी थी कि उसकी पुत्री ने अपनी बहन के मोबाइल पर रोते हुए फोन कर कहा था, ₹मुझे बचा लो।₹ सूचना मिलने पर परिजन खुजौली स्थित ससुराल पहुंचे, जहां विवाहिता का शव संदिग्ध परिस्थितियों में फंदे से लटका मिला परिजनों की तहरीर पर मोहनलालगंज पुलिस ने बीएनएस की धाराओं में मुकदमा दर्ज किया विवेचना के दौरान मिले साक्ष्यों के आधार पर धारा 103(1) बीएनएस हटाकर धारा 108 (आत्महत्या के लिए दुष्प्रेरण) बढ़ाई गई इस मामले में पुलिस 12 जुलाई को मृतका के पति अनिल कुमार रावत उर्फ छोटू को गिरफ्तार कर जेल भेज चुकी है। डीसीपी दक्षिणी मो. मुश्ताक के निर्देश पर गठित पुलिस टीमों ने तकनीकी और स्थानीय सूचना तंत्र की मदद से वांछित आरोपी सुनील रावत पुत्र बंशी उर्फ प्रहलाद रावत, निवासी खुजौली, मोहनलालगंज को गिरफ्तार कर लिया पुलिस ने आरोपी को न्यायालय में पेश कर दिया मामले के अन्य वांछित आरोपितों की तलाश जारी है।

## संक्षेप

### फसल चराने को मना करने पर दो भाइयों को लाठी डंडो से पीटा

उन्नाव। असोहा थाना क्षेत्र के समाधा गांव निवासिनी भगवान देइ ने प्रार्थना पत्र देते हुए बताया कि बीते ग्यारह अगस्त शाम लगभग चार बजे गांव के ही नंन्हके रावत खेतो में खड़ी धान की फसल अपने जानवरो से चरा रहे थे जब हमने मना किया तो गाली गलौज करते हुए मारने दौड़े ,मेरे परिजनों को देख भाग निकले शाम को जब मैं मेरे पति नान्हई ,देवर प्रेम खेतो से काम करके घर वापस जा रहे थे तभी नंन्हके अपने भाइयों रामलखन व पूरन पहले से घात लगाए बैठे थे हमलोगों को आता देख लाठी डंडो से मारने लगे हमलोगों का शोर सुन ग्रामीण को आता देख जान से मारने की धमकी दे भाग निकले ।थानाध्यछ फूल सिंह ने बताया कि प्रार्थना पत्र के आधार पर संगत धाराओ में अभियोग पंजिकृत कर लिया गया है

### घर से खींच कर महिला को पीटा दर्ज हुआ मुकदमा

उन्नाव।पुलिस चौकी कालूखेड़ा छेत्र खजुहा खेड़ा गांव निवासिनी राजरानी ने स्थानीय असोहा थाने में प्रार्थना पत्र देते हुए बताया कि मेरे पड़ोसी लल्लू उनकी पत्नी उषा व बच्चे अनुराग व बबली आये दिन अकारण ही भद्दी भद्दी गालिया देते है मेरे मना करने पर हमसे मारपीट करने लगे ,मेरे घर मे कोई नही था ,उक्त लोगो ने हमको घर से खींच कर मारा ,जिसके चलते मुह व शरीर पर चोटे आई मेरे चिल्लाने पर जब पड़ोसी मुझे बचाने दौड़े तो धमकी देते हुए भाग गए ।थाना प्रभारी फूल सिंह ने बताया कि प्रार्थना पत्र मिला है ,प्रार्थना पत्र के आधार पर अभियोग पंजिकृत करते हुए दोषियों के खिलाफ कार्यवाही की जा रही है ।

### अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार चार श्रद्धालु घायल

बांगरमऊ, उन्नाव। कोतवाली क्षेत्र में लखनऊ-आगरा एक्सप्रेसवे पर सोमवार को तेज रफ्तार अज्ञात वाहन की टक्कर से दो बाइकों पर सवार चार श्रद्धालु गंभीर रूप से घायल हो गए।हादसा टोल नाका के निकट हुआ।सूचना पर पहुंची पुलिस ने सभी घायलों को यहाँ के सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया। जहां प्राथमिक उपचार के बाद उनकी गंभीर हालत को देखते हुए जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। कानपुर जनपद के बिल्हौर थाना क्षेत्र के मतलबपुर गांव निवासी आयुष पुत्र भोला, आशीष पुत्र भडनतु, सुमित पुत्र श्रीनाथ तथा अंश दो अलग अलग बाइकों पर सवार होकर हरदोई जनपद के मल्लावां थाना क्षेत्र स्थित सुनासीर नाथ बाबा मंदिर में दर्शन करने जा रहे थे। रास्ते मे कोतवाली क्षेत्र के लखनऊ-आगरा एक्सप्रेसवे के टोल नाका के पास पीछे से आ रहे तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने दोनों बाइकों में जोरदार टक्कर मार दी।टक्कर इतनी तेज थी कि दोनों बाइकों पर सवार चारों युवक सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना पर पुलिस पहुंची और घायलों को उपचार के लिए सरकारी अस्पताल पहुंचाया। चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद चारों को जिला अस्पताल रेफर कर दिया। पुलिस अज्ञात वाहन की तलाश में जुटी है।

# डीएम व एसपी की अध्यक्षता में आयोजित हुई पीस कमेटी की बैठक

अमन लेखनी समाचार



उन्नाव। बारावफात त्यौहार को शान्तिपूर्वक, सकुशल एवं सौहार्दपूर्ण ढंग से मनाये जाने के दृष्टिगत्त विकास भवन स्थित सभागार में जिलाधिकारी घनश्याम मीना की अध्यक्षता एवं पुलिस अधीक्षक जय प्रकाश सिंह की उपस्थिति में जिले के धार्मिक गुरूओं तथा जनपद स्तरीय अधिकारियों के साथ पीस कमेटी की बैठक सम्पन्न हुई।बैठक में विभिन्न धर्म गुरूओं द्वारा जुलूस के दौरान होने वाली विभिन्न प्रकार की समस्याओं से डीएम को अवगत कराया गया, जिसको लेकर जिलाधिकारी ने सभी को आश्वस्त किया कि दिये गए सुझावों / समस्याओं का संज्ञान लेकर आवश्यक कार्यवाही करायी जाएगी। इस मौके पर डीएम ने समस्त उप जिलाधिकारियों, क्षेत्राधिकारियों एवं नगर निकायों के अधिशासी अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि परम्पराएं, जो पूर्व से प्रचलित है, उन्ही के अनुसार त्यौहार को मनाया जाए। कोई नई परम्परा न रखी जाए। निकलने वाले जुलूसो के दौरान सुरक्षा व यातायात व्यवस्था के विशेष प्रबन्ध किए जाए।सभी आयोजनों में भीड़ का सही आंकलन कर लिया जाए और तद् ?नुसार नियंत्रण किया जाए ताकि किसी भी प्रकार की अप्रिय घटना न हो। जुलूस के मार्गों पर अभियान चलाकर साफ-सफाई के पर्याप्त इंतजाम कर लिए जाएं तथा जुलूस के पूरे रास्तों को उप जिलाधिकारी एवं क्षेत्राधिकारी गण संयुक्तरूप से भ्रमण कर लें जो भी कमियां हो उन्हें तत्काल पूर्ण कर लें।सभी रूटों पर जर्जर विद्युत लाइनों को व्यस्थित कर लिया जाए।उन्होने कहा कि जनपद में निकलने वाले जुलूसो मे डी0जे0 एवं झंडो की ऊँचाई का विशेष खयाल रखा जाए युवा वर्ग डी 0जे 0 के ऊपर न बैठे तथा कोई भी अश्लील गानों को न बजाया जाय। सभी जुलूस निर्धारित रूट पर ही निकाले जाएं, किसी भी नयी परम्परा की अनुमति नहीं दी जाएगी।जुलूस निकलने वाले रास्तो पर कोई भी अवारा पशु न दिखे, सभी अवारा पशुओं को गौशालाओं में भिजवाया जाए।जुलूस वाले रास्तो पर प्रकाश व्यवस्था सुनिश्चित की जाय। उन्होंने कहा कि जिला प्रशासन अलर्ट रहे तथा दिए गए दायित्वों में किसी भी प्रकार की लापरवाही न बरते।उन्होंने कहा कि सभी लोग सोशल मीडिया का प्रयोग सोच समझ कर करें। किसी भी प्रकार की अफवाह को लेकर भ्रमित न हो तथा आपसी शांति एवं सौहार्द को बनाए रखें। उन्होंने कहा कि बारावफात त्यौहार को सकुशल संपन्न कराने के लिए तहसील स्तर एवं जनपद स्तर पर कंट्रोल रूम स्थापित किए जाएंगे जिससे पर्व के समय किसी भी प्रकार की समस्या का समाधान आसानी से किया जा सके।उन्होंने सभी जनपदवासियों से कहा कि सभी लोग संयम, मानवता, संवेदनशीलता, शालीनता, भाई-चारा, प्रेम व सौहार्द एवं परम्पराओं का पालन करते हुए बारावफात पर्व को मनाये।इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक जय प्रकाश सिंह ने कहा कि जुलूस मे युवा वर्ग अति उत्साह मे कोई ऐसा कार्य न करें जिससे किसी को नुकसान पहुचे। अपने-अपने क्षेत्रों से निकलने वाले जुलूसों के समय का आंकलन अवश्य कर लिया जाए। जुलूसों से सम्बन्धित छोटी-छोटी कमियों को गम्भीरता से लेते हुए ससयम निस्तारित कर लिया जाए। उन्होंने कहा कि जुलूस में सम्मिलित होने वाले डीजे पर कोई भी अश्लील गानों को न चलाया जाए।जिला प्रशासन एवं पुलिस प्रशासन आपके साथ है।जुलूस के साथ पुलिस प्रशासन एवं लगाए गए वॉलिंटियर्स समन्वय स्थापित करते हुए जुलूस को सकुशल संपन्न कराने मे मदद करेंगे।बैठक में मुख्य विकास अधिकारी कृति राज अपर जिलाधिकारी (न्यायिक) अमिताभ यादव, अपर पुलिस अधीक्षक (उत्तरी) अखिलेश सिंह, जिला विकास अधिकारी देव कुमार चतुवेर्दी, सिटी मजिस्ट्रेट मनोज कुमार सिंह, समस्त उप जिलाधिकारी/ क्षेत्राधिकारी गण सहित धर्म गुरु आदि मौजूद रहे।

# श्रावण मास के अंतिम सोमवार को शिवालयों में श्रद्धालु भक्तों की भारी भीड़ उमड़ी

अमन लेखनी समाचार



बांगरमऊ, उन्नाव। पवित्र श्रावण मास के अंतिम सोमवार को नगर एवं क्षेत्र में भक्ति और आस्था का अनुपम संगम देखने को मिला। प्रातःकाल से ही नगर एवं क्षेत्र के विभिन्न शिवालयों में श्रद्धालु भक्तों की भारी भीड़ उमड़ पड़ी। हर-हर महादेव और बम-बम भोले के जयघोष से समूचा वातावरण शिवमय हो उठा। श्रद्धालुओं ने विधि-विधानपूर्वक भगवान भोलेनाथ का जलाभिषेक, दुग्धाभिषेक एवं पूजन-अर्चन कर सुख-समृद्धि और परिवार की मंगलकामना की। नगर के बाईपास मार्ग किनारे स्थित प्रसिद्ध बाबा बोधेश्वर मंदिर में भी भक्तों का सैलाब उमड़ा। मंदिर परिसर में सुबह से ही श्रद्धालुओं की लंबी कतारें लगी रहीं। भक्तों ने भगवान शिव के पावन शिवलिंग पर गंगाजल, दूध, बेलपत्र, धतूरा, पुष्प एवं फल अर्पित कर अपनी श्रद्धा निवेदित की। मान्यता है कि सावन के सोमवार को भगवान आशुतोष की आराधना करने से मनोकामनाएं पूर्ण होती हैं, इसी विश्वास के साथ दूर-दराज से भी श्रद्धालु बाबा के दरबार में पहुंचे। अंतिम सोमवार के अवसर पर मंदिर को बाहर से आए कारीगरों द्वारा रंग-बिरंगे पुष्पों से भव्य एवं मनोहारी ढंग से सजाया गया। फूलों की अनुपम सजावट से मंदिर परिसर की आभा देखते ही बन रही थी। श्रद्धालु मंदिर की साज-सज्जा देखकर अभिभूत नजर आए। मंदिर समिति की ओर से श्रद्धालुओं के लिए आवश्यक व्यवस्थाएं की गईं। वहीं सपा नेता मोहम्मद इमरान सिद्दीकी द्वारा भी शिविर लगाकर भक्तों को प्रसाद वितरित किया गया।प्रसाद ग्रहण कर श्रद्धालुओं ने इसे बाबा भोलेनाथ की कृपा का प्रसाद बताया।देर शाम तक मंदिर परिसर में श्रद्धालुओं की आवाजाही बनी रही और भक्ति की धारा प्रवाहित होती रही। मंदिर परिसर में आज विधायक श्रीकांत कटियार, नगर पालिका अध्यक्ष राम जी गुप्ता, भाजपा युवा मोर्चा के जिला अध्यक्ष बाला राव गुप्ता, भाजपा नेता व ब्लॉक प्रमुख पति अर्जुन लाल दिवाकर, गिरीश वर्मा व उपेंद्र अवस्थी आदि का व्यवस्था में सराहनीय योगदान रहा। सुरक्षा व्यवस्था की दृष्टि से कोतवाल अखिलेश चंद्र पांडेय भारी पुलिस बल के साथ मौजूद रहे।

# जहरीले कीड़े के डसने से वृद्ध की मौत, अस्पतालों के चक्कर में तोड़ा दम

अमन लेखनी समाचार



उन्नाव।सोहरामऊ थाना क्षेत्र के बीकामऊ गांव में जहरीले कीड़े के काटने से एक बुजुर्ग की जान चली गई।गांव निवासी सुशील दीक्षित (63) पुत्र स्वर्गीय प्रेम शंकर दीक्षित सोमवार शाम खेत में बनी कोठरी में किसी काम से गए थे। वहीं किसी जहरीले कीड़े ने उन्हें डस लिया। परिजनों को जानकारी हुई तो वे उन्हें लेकर इलाज के लिए कई अस्पतालों में भागे, लेकिन डॉक्टरों ने भर्ती करने से मना कर दिया। बताया जा रहा है कि अस्पतालों के चक्कर काटते समय ही रास्ते में उनकी मौत हो गई।मौत की सूचना मिलते ही गांव में मातम पसर गया। मृतक अपने पीछे पत्नी इंद्रावती और चार संतानों को रोता-बिलखता छोड़ गए हैं। उनके बड़े बेटे आशीष (38), दूसरे बेटे कपिल (27) तथा दो बेटियां पारुल (37) और नीतू (34) हैं।परिजनों ने बिना पुलिस को सूचना दिए ही अंतिम संस्कार करने की तैयारी कर ली है।

# ईद मिलादुन्नबी ₹12 रबी उल अव्वल₹ की तैयारियां शुरू, 26 अगस्त को मनाया जाएगा त्यौहार

अमन लेखनी समाचार

बांगरमऊ, उन्नाव। मुस्लिम समुदाय के सबसे पवित्र और अकीदत के पर्वों में शुमार जश्न-ए-चरागां और ईद मिलादुन्नबी (12 रबी उल अव्वल) की तैयारियां बांगरमऊ नगर सहित पूरे ग्रामीण और शहरी अंचल में पूरे उत्साह के साथ शुरू हो गई हैं।पैगंबर हजरत मोहम्मद साहब के यौम-ए-पैदाइश (जन्मदिन) के इस मुबारक मौके पर हर तरफ खुशी और अकीदत का माहौल देखने को मिल रहा है पर्व को लेकर बांगरमऊ नगर की सभी प्रमुख मस्जिदों, दरगाहों, मदरसों और गलियों को आकर्षक रंग-बिरंगी लाइटों, झालरों, फूलों और इस्लामी परचमों से सजाया जा रहा है। घरों में भी साफ-सफाई और सजावट का दौर शुरू हो चुका है। बाजारों में भी खरीदारों की खासी भीड़ देखी जा रही है, जहां लोग रोशनी के सामान और सजावटी चीजों की खरीदारी कर रहे हैं। ?12 रबी उल अव्वल के मुबारक दिन बांगरमऊ नगर के साथ-साथ नजदीकी कस्बे गंजमुरादाबाद में भी एक विशाल और भव्य जुलूस-ए-मोहम्मदी निकाला जाता है। ?इस जुलूस में बड़ी संख्या में अकीदतमंद शामिल होते हैं। ?जुलूस के दौरान नात-ए-पाक औरदुरूद-ओ-सलाम की सदाओं से पूरा वातावरण गूंज उठता है। ?अमन, भाईचारे और इंसानियत का पैगाम देते हुए यह जुलूस विभिन्न मार्गों से होते हुए गुजरता है, जिसका जगह-जगह स्वागत किया जाता है। मुस्लिम समुदाय के लोगों का मानना है कि पैगंबर हजरत मोहम्मद साहब इस दुनिया में रहमत बनकर आए थे, जिन्होंने पूरी मानवता को मोहब्बत, सच्चाई, शांति और भाईचारे का पाठ पढ़ाया। उनकी पैदाइश के दिन मुसलमान अल्लाह का शुक्र अदा करते हैं, गरीबों को खाना खिलाते हैं (नियाज-ओ-तबर्रुक का एहतमाम करते हैं) और उनके बताए हुए नेक रास्तों पर चलने का संकल्प लेते हैं। नगर पालिका परिषद और ?पुलिस प्रशासन द्वारा जुलूस के मार्गों पर सुरक्षा, साफ-सफाई और शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुख्ता तैयारियां की जा रही हैं, ताकि यह पावन पर्व आपसी सौहार्द और हर्षोल्लास के साथ संपन्न हो सके।

# 51 लीटर गंगा जल लेकर दो सगे भाई पैदल यात्रा कर पहुंचे शिव मंदिर

अमन लेखनी समाचार

बांगरमऊ, उन्नाव।51 लीटर गंगा जल लेकर शिव मंदिर तक नंगे पाँव पैदल यात्रा कर जलाभिषेक करने को लेकर दो भाइयों की जोड़ी चर्चा में बनी रही। बांगरमऊ क्षेत्र के गांव देवी पुरवा निवासी राजेश व सर्वेश दोनो सगे भाई है सावन माह के अंतिम सोमवार को जलाभिषेक करने के लिए दोनों भाइयों ने नानामऊ गंगा तट पहुंचकर स्नान कर 51 लीटर जल लेकर नंगे पांव मल्लावां थानाक्षेत्र स्थित कपिलेश्वर महादेव मंदिर जाते हुए देखा गया दोपहर करीब यह लोग गंजमुरादाबाद पहुंचे तमाम लोगों द्वारा भाइयों की इस आस्था की चर्चा होती रही।ज्ञात हो अंतिम सोमवार के अवशर पर नगर के गंभीर गिरी ,पत्थर वाला शिवाला आदि सहित अनेक शिव मंदिरों में भक्तों की भीड़ बनी रही इसके अलावा युवा शक्ति भक्ति में सराबोर दिखाई दी तमाम युवाओं की टोली इस बार डांक कांवड़ के रूप में प्रमुख हरदोई उन्नाव मार्ग पर दौड़ती दिखी।




# सावन के अंतिम सोमवार को गंगा तट पर उमड़ी भक्तों की भीड़

अमन लेखनी समाचार

सुमेरपुर, उन्नाव।सावन माह के चौथे सोमवार पर विकासखंड क्षेत्र और बक्सर गंगा घाट पर भक्ति व आस्था का अद्भुत संगम देखने को मिला।तड़के 2 बजे से ही बक्सर घाट पर श्रद्धालुओं के पहुंचने का सिलसिला शुरू हो गया था। 'हर-हर महादेव' और 'बम-बम भोले' के जयकारों के बीच हजारों भक्तों ने पवित्र गंगा में आस्था की डुबकी लगाई और सुख-समृद्धि की कामना की।माँ चंद्रिका के दर्शन के बाद भूतेश्वर बाबा का जलाभिषेकगंगा स्नान के उपरांत श्रद्धालुओं ने माँ चंद्रिका अम्बिका मंदिर में दर्शन-पूजन किया।इसके बाद भक्त प्रमुख शिवालयों की ओर बढ़े, जहां भूतेश्वर बाबा मंदिर परिसर में गंगाजल, बेलपत्र, धतूरा, आक, भांग और दूध अर्पित कर विशेष पूजा-अर्चना की गई। मंदिर परिसर में श्रद्धालुओं ने रुद्राभिषेक भी कराया।इस अवसर पर महिलाओं ने व्रत रखकर भोलेनाथ का श्रृंगार किया, वहीं युवाओं में भी पूजा-अर्चना को लेकर खासा उत्साह देखा गया।डीजे की धुन पर थिरकते निकले कांवड़ियों के जत्थेगंगा घाट से जल भरकर डाक कांवड़, बाइक कांवड़ और पैदल कांवड़ के जत्थे लगातार शिवालयों की ओर प्रस्थान करते रहे। डीजे की धुन और शिव भजनों पर नाचते-गाते कांवड़ियों का उत्साह देखते ही बन रहा था।मार्ग में कई स्थानों पर सेवादारों द्वारा कांवड़ियों के लिए भंडारे और जलपान की विशेष व्यवस्था की गई थी।इस मौके पर जल पुलिस की नावें व पुलिस लगातार गश्त करती रही। एसएचओ बारा धर्मेंद्रनाथ मिश्र और चौकी प्रभारी राजेंद्र कुमार मिश्र के नेतृत्व में पुलिस बल, और पीएससी के जवान घाट से लेकर मंदिर परिसर तक तैनात रहे।

## धान की फसल के विवाद में मां बेटी को पीटा दर्ज हुआ मुकदमा

अमन लेखनी समाचार

सुमेरपुर, उन्नाव।बिहार थाना क्षेत्र स्थित दर्शनखेड़ा मजरा गौरा निवासिनी देवी ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि 8 अगस्त शाम गाँव के ही निवासी राजेश आदि द्वारा उनकी धान की फसल को नुकसान पहुंचाया गया था। जब वह शिकायत करने पहुंची, तो आरोपी राजेश,मुन्नालाल , और सुन्दारा ने गाली-गलौज करते हुए पीड़िता और उसकी पुत्री ऊषा देवी का गला दबाकर उनके साथ मारपीट की।चीख-पुकार मचाने पर आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए मौके से भाग निकले।श्री मती देवी ने बताया झगड़े के दौरान उनका वीवो (श्र५ङ्ग) कंपनी का मोबाइल फोन गिर गया था, जिसे आरोपियों द्वारा ही रख लेने की आशंका जताई गई है।थानाध्यक्ष राहुल सिंह ने बताया मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच की जा रही है।

# सेवानिवृत होने पर विभागीय लोगो ने माल्यार्पण व स्मृति चिन्ह भेंट कर दी विदाई

अमन लेखनी समाचार

उन्नाव। असोहा क्षेत्र के सरैया प्राचीन गांव निवासी सुरेंद्र कुमार यादव 1990 में डाक विभाग में भर्ती हुए थे 24 साल तक डाक विभाग में सेवा करने के बाद सहायक डाकपाल असोहा से वह आज सेवानिवृत हो गए ।आज दोपहर काथा स्थित पोस्ट ऑफिस में सह विभाग कर्मियों व उनके शुभचिंतको ने सुरेंद्र कुमार को रामचरितमानस की पुस्तक अंग वस्त्र भेंट कर माल्यार्पण कर मुह मीठा कराया इस मौके पर शाखा डाकपाल बुद्धि तिवारी, डाक अधी दर्शक राम रूप सिंह सहायक डाकपाल राजकुमार शुक्ला शाखा डाकपाल शीतला बक्श सेवानिवृत्ति डाकपाल छेदीलाल सहायक शाखा डाकपाल प्रभात सिंह अशोक कुमार विनोद कुमार सुनील कुमार सहित अन्य लोगों ने सुरेंद्र कुमार के कार्य के लिए भूरि भूरि प्रशंसा करते हुए अंगवस्त्र भेंट करते हुए भावभीनी विदाई दी ।




# पवित्र सावन माह में शिव मंदिरों में आयोजित किया जा रहा रुद्राभिषेक



अमन लेखनी समाचार

फतेहपुर चौरासी, उन्नाव।क्षेत्र में सावन महीने में शिवभक्ति की गंगा क्षेत्र में बह रही है।जगह जगह रुद्राभिषेक और भंडारे कराए जा रहे हैं।गाँव लवानी में कृष्ण दत्त बाजपेई,पट्टी उस्मान के गौरी शंकर मन्दिर में जितेंद्र तिवारी और ऊगू के प्रसिद्ध नील कंठ महादेव मन्दिर में शोभित पटेल द्वारा रुद्राभिषेक कराया गया।जिसमें आचार्य जटा शंकर शुक्ल ने पूजन अर्चन करायासाथ में पुजारी लवकुश तिवारी भी रहे।कृष्ण दत्त बाजपेई ने विशाल भंडारे का आयोजन किया जिसमें क्षेत्र के लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया।इससे पहले शंकर जी का बेलपत्र चन्दन दूध दही शहद फूल आदि से अभिषेक कर श्रृंगार किया गया। नीलकंठ महादेव मन्दिर में शिव की दो मूर्तियां नीलम और स्फटिक की स्थापित हैं जिन्हें देखने दूर दूर से लोग आते हैं।

# पेड़- पौधों को राखी बाँध कर मनायें वृक्ष रक्षाबंधन:अनूप मिश्रा

अमन लेखनी समाचार



उन्नाव।रक्षा बंधन का पर्व भाई-बहन के अटूट प्रेम और आपसी विश्वास का प्रतीक माना जाता है।इस दिन बहनें भाई की कलाई पर राखी बांधती हैं, वहीं भाई बहन की रक्षा का संकल्प लेते हैं।इसी परंपरा को पर्यावरण संरक्षण से जोड़ते हुए इन दिनों उन्नाव में पर्यावरण प्रेमी दरोगा अनूप मिश्र द्वारा वृक्ष रक्षाबंधन का पर्व भी व्यापक स्तर पर मनाया जा रहा है।इसी कड़ी में उन्नाव पुलिस कंट्रोल रूम प्रभारी एवं ट्री मैन के रूप में पर्यावरण संरक्षण का संदेश दे रहे वरिष्ठ उपनिरीक्षक अनूप मिश्र अपूर्व ने स्थानीय बीघापुर क्षेत्र के ओसियाँ स्थित प्राथमिक विद्यालय बंधवा में सहायक अध्यापक गरिमा गुप्ता के संचालन में पर्यावरण रक्षा उत्सव की शुरूआत की। कार्यक्रम के दौरान बच्चों ने विद्यालय परिसर में लगे पेड़-पौधों को पर्यावरण राखी बांधी व उनकी सुरक्षा का संकल्प लिया।वृक्ष रक्षाबंधन पर्व के सुअवसर पर छात्राओं ने ट्री मैन अनूप मिश्र को भी राखी बांधी। इस दौरान उन्होंने छात्राओं एवं बच्चों को पेड़-पौधों को राखी बांधकर रक्षाबंधन को पर्यावरण रक्षा उत्सव के रूप में मनाने के लिए प्रेरित किया।उन्होंने बच्चों को वृक्षों की रक्षा और अधिक से अधिक पौधे लगाने का संकल्प भी दिलाया। बच्चों ने पुलिस अंकल अनूप मिश्र के साथ विद्यालय परिसर में बरगद सहित 11 पौधों को लगाया अनूप मिश्र ने कहा कि पेड़-पौधे भी हमारे जीवन का अभिन्न हिस्सा हैं। उनकी रक्षा करना केवल पर्यावरण के प्रति जिम्मेदारी नहीं, बल्कि आने वाली पीढ़ियों के सुरक्षित भविष्य का एक पक्का भरोसा है। प्राथमिक विद्यालय बंधवा हरियाली को बढ़ावा देने के लिए ग्रीन स्कूल ऑफ उन्नाव अवार्ड से सम्मानित किया गया। विद्यालय में पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता बढ़ाने एवं बच्चों को पेड़-पौधों की सुरक्षा के लिए प्रेरित करने की दिशा में किए जा रहे प्रयासों को इस सम्मान के माध्यम से सराहा गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि अनूप मिश्रा द्वारा आरती वर्मा (प्रधानाध्यापक ),सहायक शिक्षक गरिमा गुप्ता,सुनीता सिंह शिक्षा मित्र संतोष कुमार को विद्यालय में हरियाली लाने और पर्यावरण संरक्षण में योगदान देने लिए पर्यावरण प्रहरी वृक्ष मित्र सम्मान प्रदान किया गया।शिक्षकों ने बच्चों को पौधों की देखभाल, वृक्षों की सुरक्षा और स्वच्छ एवं हरित वातावरण बनाए रखने के लिए प्रेरित करने का संकल्प लिया। सहायक अध्यापक गरिमा गुप्ता के मार्गदर्शन में बच्चों द्वारा बनाये गये हरित बधाई पत्रों और उनमें लिखे पर्यावरण संरक्षण संदेशों की ट्री मैन अनूप मिश्रा द्वारा अत्यन्त सराहना की गई। विद्यालय में बच्चों के लिए प्रतिदिन भोजन तैयार कर सेवा और समर्पण की मिसाल पेश करने वाली स्कूल की रसोइया माता रानी और सावित्री को उनके उत्कृष्ट योगदान के लिए उपहार भेंट करके माता अन्नपूर्णा सेवा सम्मान से सम्मानित किया गया।सम्मान मिलने पर दोनों रसोइयों में खुशी का माहौल रहा। इस अवसर पर उनके सेवाभाव और बच्चों के प्रति समर्पण की सराहना की गई। ट्री मैन अनूप मिश्रा के साथ बरगद संरक्षण अभियान के तहत विद्यालय की प्रधानाध्यापक आरती वर्मा, सहायक शिक्षिका गरिमा गुप्ता एवं सुनीता सिंह, शिक्षा मित्र संतोष कुमार तथा रसोइया सावित्री सिंह ,रानी सिंह और स्कूल के बच्चों ने पौधों को लगाकर पूजा अर्चना करके उनकी रक्षा का संकल्प लिया।

# बड़े भाई ने छोटे भाई को हंसिया मारकर उतारा मौत के घाट आरोपी को पुलिस ने हथियार समेत दबोचा

अमन लेखनी समाचार




पुरवा, उन्नाव। थाना क्षेत्र के चकजमालपुर गांव में जमीन के बंटवारे को लेकर बड़े भाई ने छोटे भाई की हंसिया से वार कर हत्या कर दी। पुलिस ने आरोपी को 24 घंटे के अंदर आलाकत्ल समेत गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।पुलिस के अनुसार, 23 अगस्त को माधुरी पत्नी स्वर्गीय दिलीप कुमार निवासी चकजमालपुर ने थाने में तहरीर दी थी। आरोप था कि जमीन के बंटवारे को लेकर उसके पति दिलीप कुमार का उसके बड़े भाई केशन से झगड़ा हो गया था।झगड़े के दौरान केशन ने हंसिया से दिलीप के सीने पर वार कर दिया, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई।तहरीर के आधार पर थाना पुरवा में मुकदमा संख्या 278/26 धारा 103(1) बीएनएस के तहत केस दर्ज किया गया था। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर चलाए जा रहे अभियान के तहत थाना प्रभारी भुवन सिंह मौर्य ने टीम के साथ कार्रवाई करते हुए आरोपी केशन पुत्र स्वर्गीय सुंदरलाल को गिरफ्तार कर लिया। उसके पास से हत्या में प्रयुक्त हंसिया भी बरामद हुई है।गिरफ्तार अभियुक्त को न्यायालय के समक्ष पेश किया गया।गिरफ्तारी करने वाली टीम में थाना प्रभारी के साथ उपनिरीक्षक सियाराम चौरसिया, कांस्टेबल नेत्रपाल और महिला कांस्टेबल शशि अहिरवार शामिल रहे

# चोरों के हौसले बुलंद एक घर से नगदी समेत पार कर दिया लाखो के जेवरात ऑटो से जा रही एक महिला से छीना बैग

अमन लेखनी समाचार



बांगरमऊ, उन्नाव।क्षेत्र में चोरों, टप्पेबाजों की चहलकदमी तेज होती दिख रही है घटनाक्रम के क्रम में एक महिला के घर से नगदी जेवर चोरी हो गया तो दूसरी महिला का वाहन से बैग छीन लिया गया तथा तीसरी एक घटना में चोरों ने शराब की दुकान पर हाथ साफ कर दिए।

पहली घटना में बांगरमऊ के गांव फतेहपुर खालसा निवासी जैनब पत्नी तौहीद ने पुलिस को पत्र देकर बताया कि उसके घर में पीछे का ताला तोड़कर घुसे अज्ञात चोरों ने 25,000 की नगदी सहित लांखो रुपए का जेवर चोरी कर लिया गया।

दूसरी घटना में बेहटा मुजावर थानाक्षेत्र के गांव शिव बक्स खेड़ा निवासी रजाना पत्नी वीरेश ने पुलिस को शिकायती पत्र देकर कहा कि सी एन जी ऑटो में बैठकर घर आ रही थी तभी सर्विस रोड पर जोगीकोट माइनर पुलिया के निकट ऑटो में बैठे एक अन्य व्यक्ति ने उसे पकड़ लिया जबकि दूसरा व्यक्ति बाइक से मौके पर पहुंचा और उसके पास से बैग छीनकर उसे वाहन से उतारकर भाग निकले महिला के अनुसार उसके बैग में 1500 की नगदी के अलावा सोने चांदी के जेवरात भी थे।

इसी क्रम में बेहटा मुजावर के गांव रूरी स्थित कम्पोजिट अंग्रेजी शराब की दुकान को निशाना बनाते हुए चोरों ने हजारों रुपए की शराब पार कर दी।

उक्त तीनों घटनाओं ने पुलिस के सामने चुनौती पेश कर दी है

## सम्पादकीय

# सरकार को दबाव में लेने की कोशिश में विपक्ष

लोकतंत्र में विपक्ष का काम केवल सरकार की आलोचना करना नहीं, बल्कि सत्ता से जवाब मांगना और जनता के मुद्दों को मजबूती से उठाना भी होता है, लेकिन जब राजनीतिक विरोध और दबाव की रणनीति अपनाई जाती है, तब सवाल उठना स्वाभाविक है कि विपक्ष मुद्दा उठा रहा है या सरकार को दबाव में लेने की कोशिश कर रहा है। दिल्ली में जंतर-मंतर प्रदर्शन के दौरान घायल छात्र की एफआईआर को लेकर राहुल गांधी का संसद मार्ग थाने के बाहर धरने पर बैठना और राजस्थान में सरकारी स्कूल की स्थिति देखने गई एक कॉकरोच जनता पार्टी (सीजेपी) कार्यकर्ता आशुतोष रांका और उनकी टीम के साथ विवाद, इसी व्यापक राजनीतिक प्रवृत्ति की ओर संकेत करते हैं। जंतर-मंतर मामले में छात्र साहिल का आरोप गंभीर है। उसका दावा है कि प्रदर्शन के दौरान पैलेट गन के छर्रे लगने से उसकी दाहिनी आंख की रोशनी लगभग चली गई और शरीर में बड़ी संख्या में छर्रे अब भी मौजूद हैं। यदि यह आरोप सही है तो यह केवल एक छात्र की चोट का मामला नहीं, बल्कि पुलिस कार्रवाई और नागरिक अधिकारों से जुड़ा गंभीर प्रश्न है। ऐसे मामले में निष्पक्ष जांच और प्राथमिकी दर्ज होना जरूरी है। पुलिस का यह कहना कि 20 जुलाई की घटनाओं से जुड़े मामलों की जांच पहले से क्राइम ब्रांच कर रही है,तर्कसंगत हो सकता है, लेकिन पीड़ित को शिकायत दर्ज कराने के लिए थानों के चक्कर लगवाना व्यवस्था की संवेदनशीलता पर सवाल जरूर खड़ा करता है। इसी मुद्दे पर विपक्ष की भूमिका भी कसौटी पर है। किसी पीड़ित को न्याय दिलाने के लिए आवाज उठाना विपक्ष का अधिकार और जिम्मेदारी है, मगर पुलिस थाने के बाहर धरना देकर तत्काल एफआईआर की मांग करना राजनीतिक दबाव की रणनीति भी माना जा सकता है। वहीं, राजस्थान का स्कूल विवाद इस तस्वीर का दूसरा पहलू सामने रखता है। सरकारी स्कूल की वास्तविक स्थिति देखने पहुंची सीजेपी टीम ने मारपीट, पत्थरबाजी और वाहनों में तोड़फोड़ के आरोप लगाए, जबकि ग्रामीणों ने इसे केवल तीखी बहस बताया। ग्रामीणों का कहना है कि उन्हें आशंका थी कि स्कूल का मौजूदा ढांचा हटाया जा सकता है, जबकि टीम का दावा है कि वह केवल स्कूल की स्थिति देखने गई थी। ग्रामीणों का कहना है कि स्कूल की मरम्मत के लिए फंड मंजूर हो चुका है। इमारत कंडम हो चुकी थी इसलिए दूसरी जगह कक्षाएं लगवाई जा रही हैं। ऐसे में इस मामले को राजनीतिक रंग देना कहां तक उचित है? हालांकि दोनों पक्षों के दावों में जमीन-आसमान का अंतर है।ऐसे में राजनीतिक बयानबाजी से पहले तथ्य सामने आना जरूरी है। विडंबना यह है कि स्कूल, छात्र और पुलिस कार्रवाई जैसे जनता से सीधे जुड़े मुद्दे भी राजनीतिक खेमेबंदी में बदलते जा रहे हैं। लोकतंत्र में सरकार से सवाल पूछना जरूरी है, लेकिन सवालों का जवाब तथ्यों से मिलना चाहिए और विपक्ष की आवाज भी तथ्यों पर आधारित होनी चाहिए। सरकार यदि वास्तव में पारदर्शी है तो उसे जांच से डरना नहीं चाहिए। वहीं, विपक्ष को भी यह समझना होगा कि हर प्रशासनिक कार्रवाई को राजनीतिक दमन बताना उसकी विश्वसनीयता को कमजोर कर सकता है। जंतर-मंतर की घटना में निष्पक्ष जांच हो, घायल छात्र को न्याय मिले और दोषी चाहे कोई भी हो, उस पर कार्रवाई हो। राजस्थान के स्कूल विवाद में भी आरोपों की स्वतंत्र जांच हो और सरकारी स्कूल की वास्तविक स्थिति जनता के सामने आए। लोकतंत्र की मजबूती सड़क पर शक्ति प्रदर्शन से नहीं, संस्थाओं की निष्पक्षता और राजनीतिक दलों की जवाबदेही से होती है।

# पीढ़ीगत विभाजन : कितने अभिमन्यु-भीष्म



मुद्दा

विवेक मिश्रा

यह महज संयोग था या भारतीय लोकतांत्रिक व्यवस्था में सत्ता स्थापना के आधार संगठन के रूप में सीजेपी को विकल्प की तरह प्रस्तुत करने की सुनियोजित नीति थी ? सीजेपी खुद को एक दबाव समूह के तौर पर बढ़ाने की घोषणा करती है। अब पीढ़ी के आधार पर पुष्ट और तुष्ट करने की यह व्यूह रचना, कितने अभिमन्यु लील जाएगी? कितने भीष्म शर शैय्या पर पहुंचाएगी? यह विवेकपूर्ण विमर्श हमें करना होगा। नित नए विभाजन से हम देश में महाभारत का अखाड़ा तो खड़ा कर सकते हैं, लेकिन महान भारत का नगाड़ा हम विश्व को नहीं सुना सकेंगे। अभिमन्यु, अर्जुन और भीष्म को पीढ़ीगत आतंरिक संघर्ष में झोंकने से श्रेयस्कर है, हम इनकी समुचित शक्ति का प्रयोग राष्ट्र के नव उत्कर्ष में करें।

सोशल मीडिया की आभासी दुनिया में निर्मित एक व्यंग्य समूह जंतर- मंतर वेधशाला के निकट, देश के सभी जेनजी नक्षत्रों को एक ही कक्षा में इस प्रकार स्थापित कर देगा कि एक दशक से अधिक पुरानी सुदृढ़ सत्ता को ग्रहण झेलना पड़े, ऐसा आंकलन शायद ही किसी ने किया होगा। आंदोलन की सफ़लता के बाद सीजेपी नामक इस व्यंग्य समूह की आगामी योजनाओं पर सबकी नजर टिकी थी। 6 अगस्त को सीजेपी का नेतृत्व एक प्रेस वार्ता आयोजित करता है, ठीक कुछ घंटे पहले जब राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सरसंघचालक मोहन भागवत का पूर्व निर्धारित संवाद कार्यक्रम जेनजी के साथ होने वाला था। यह महज संयोग था या भारतीय लोकतांत्रिक व्यवस्था में सत्ता स्थापना के आधार संगठन के रूप में सीजेपी को विकल्प की तरह प्रस्तुत करने की सुनियोजित नीति थी ? सीजेपी खुद को एक दबाव समूह ( पब्लिक प्रेशर ग्रुप) के तौर पर बढ़ाने की घोषणा करती है। संगठन के विस्तार की दृष्टि से संपूर्ण देश को पांच जोन में बांटकर, प्रत्येक जोन का एक प्रभारी नियुक्त करने का ऐलान होता है।

आईटी मीडिया, शोध व नीति, न्यायिक, वित्तीय जैसी इकाइयों के निर्माण की बात मुख्य संयोजक अभिजीत दीपके के नेतृत्व में रखी गई। दीपके ने सितम्बर से संपूर्ण देश में 'क्या बोलती पब्लिक' अभियान को आम जनता के बीच ले जाने की बात कही, जिसका उद्देश्य लोगों के सुझावों, अपेक्षाओं और चिंताओं को सुनना बताया। इस कार्ययोजना का सबसे अहम हिस्सा इस सवाल पर केंद्रित था कि सीजेपी एक समूह के रूप किन विषयों को लेकर आगे बढ़ेगी? जिसे स्पष्ट करते हुए शिक्षा सुधार, चुनाव आयोग, न्याय पालिका, मुख्यधारा की टीवी मीडिया और दलबदल करते नेताओं की जवाबदेही जैसे मुद्दों से सम्बद्ध हो, आगे बढ़ने की बात रखी गई। इन सभी संदर्भित मुद्दों की समालोचनात्मक समीक्षा करने पर कुछ रोचक बातें प्रकट होती हैं। यह सभी मुद्दे ऐसे हैं जो सीधे जनसरोकार से जुड़ते हैं या जनसंवाद में आमतौर पर कहे-सुने जाते रहे हैं। विशेषकर जेनजी आयुवर्ग इन विषयों पर बहुत मुखर रहता है। शिक्षा सुधार का विषय तो व्यापक स्वरूप ले ही चुका है। शिक्षा संस्थाओं में जेनी जी और अल्फ़ा युवाओं से नित्य संपर्क में आने वाले, कार्यरत सरकारी हाई स्कूल व हायर सेकंडरी शिक्षकों की औसत आयु देशभर में 42 से 45 वर्ष है, जबकि निजी स्कूलों में यही आयु औसत 32 से 35 वर्ष का है। तथ्यात्मक रूप से शिक्षकों और अध्यनरत विद्यार्थियों की आयु सीमा का यह अंतर जिसे हम अंग्रेजी में जेनरेशन गेप कहते हैं, इस नई युवा श्रृंखला को पढ़ने-गढ़ने में कितना और कैसे प्रभावित करेगा, यह शोध का विषय है, लेकिन यह सीजेपी की विस्तार नीति में प्रमुख स्थान रख सकता है। भारतीय मुख्य न्यायाधीश की टिप्पणी से जन्मी सीजेपी, न्यायिक प्रणाली में विलंब, उच्च न्यायालयों में मुकदमों की सुनवाई व चयन प्रक्रिया जैसे सामान्य जन आधारित पहलुओं को न सिर्फ छू रही है, बल्कि बेहद बेबाकी से प्रकट करती है। इन सबको उम्र के तराजू पर तोलने की रणनीति की ओर बढ़ती लगती है।

चूंकि देश के सभी न्यायाधीशों की उम्र सर्वोच्च न्यायालय में 59 से 61 वर्ष तो उच्चतम न्यायालय में 51



से 53 वर्ष है। लंबे कार्यकाल उपरांत पदस्थापना, अनुभव व गुणवत्ता की दृष्टि से तो ठीक नजर आते हैं, पर नियुक्ति से रिटायरमेंट तक कार्य अवधि में कमी पाई जाती है। चुनाव आयोग पर, अधिकारियों व कर्मचारियों की कम संख्या, ईवीएम, एस.आई.आर और जवाबदेही से जुड़े विपक्ष के प्रश्न तो हैं ही। इस सब के मध्य केंद्रीय व राज्यों के चुनाव आयोगों में पदाधिकारियों की उम्र का माध्य भी 45 से 48 वर्ष होना, सीजेपी के केंद्र में दिखता है। औसत उम्र का यह पैमाना, मुख्य धारा के टीवी मीडिया समूहों और एंकरों से जुड़े मुद्दे में भी निकलकर आता है। वहां समाचार वाचकों (एंकरों) की उम्र भी अधिकांशतः 40 से 45 वर्ष के निकट निकल कर आती है। इन तथ्यों को कपोल कल्पित कयास नहीं कहा जा सकता है। ऐसे दो प्रसंग हैं जब सीजेपी संयोजक अभिजीत दीपके ने बुजुर्ग नेतृत्व को नकारा है।

अन्ना हजारे के विषय में कहा कि - 'कब तक बुड्ढे लोग सब कुछ निर्णय करेंगे, जिनका सब कुछ हो गया है। 60-70 की उम्र वाले लोग रिटायर्ड हों, आश्रम में बैठें'। सीजेपी नेतृत्व का स्पष्ट मानना रहा है कि बड़ी उम्र के नेताओं से संवाद करके क्या हासिल होगा? यह दबाव समूह एक नए तरह के वोटबैंक को भारतीय राजनीति में स्थापित करने की तैयारी में है, जहां सीजेपी की भूमिका किंग मेकर की रहे, जैसी भाजपा की विजय में आर.एस.एस. की रहती है। युवा मतदाताओं के नाम से अब तक प्रचलित एक बड़े वोटर समूह को, ऐसे जेन-जी आयु वर्ग में विभाजित किया गया है, जिनका 2029 के चुनाव में हिस्सा 25% रहेगा। कुल मतदाताओं की संख्या 38 करोड़ होगी और हर चार में से एक मतदाता जेन-जी रहेगा। संभावित है, जो समूह या राजनीतिक दल इनका प्रतिनिधित्व करेगा, वही देश का भी प्रतिनिधित्व करेगा। जेनजी में एकमुश्त मतदान करने की प्रवृत्ति देखी जा सकती है, क्योंकि यह जाति और धर्म के समूहों में प्रायः कम ही जुटता है। इस संपूर्ण तर्क की प्रथम परीक्षा आगामी उत्तरप्रदेश के विधानसभा चुनावों में आयोजित होगी, जहां मतदान देने वाले जेन जी युवाओं और उनसे ठीक पहले की जेनरेशन 'मिलेनियंस' की संख्या लगभग एक समान रहने वाली है। जेन-जी मतदाताओं की संख्या इस चुनाव में 45 करोड़ होगी अर्थात 34 प्रतिशत की कुल मतदाताओं में हिस्सेदारी, जबकि मिलेनियन जेनरेशन की संख्या 44 से 46 करोड़ बताई जा रही है। इसके अनुसार इनकी हिस्सेदारी भी 34 प्रतिशत से 35 प्रतिशत के बीच रहेगी। लेकिन जैसा कि सामने आता है, मिलेनियंस की जेनरेशन कई मुद्दों और कारणों के चलते, मत विभाजन से गुजरती है और जेन जी इनसे अप्रभावित रहकर मत रखने के लिए जानी जाती है।

ऐसे में, इस नई पीढ़ी का एकमुश्त झुकाव किसी एक दल या व्यक्ति के प्रति उत्तरप्रदेश विधानसभा चुनाव में निर्णायक हो सकता है। इसलिए देश के सभी राजनीतिक दल और संघ अब जेनज़ी संवाद को प्राथमिकता दे रहे हैं। चुनावी राजनीति की दृष्टि से मतदाताओं की यह लामबंदी यद्यपि ठीक हो, लेकिन एक देश के रूप में भारतीय मतदाताओं को जाति, धर्म और अब पीढ़ी के आधार पर पुष्ट और तुष्ट करने की यह व्यूह रचना, कितने अभिमन्यु लील जाएगी? कितने भीष्म शर शैय्या पर पहुंचाएगी? यह विवेकपूर्ण विमर्श हमें करना होगा। नित नए विभाजन से हम देश में महाभारत का अखाड़ा तो खड़ा कर सकते हैं, लेकिन महान भारत का नगाड़ा हम विश्व को नहीं सुना सकेंगे। अभिमन्यु, अर्जुन और भीष्म को पीढ़ीगत आतंरिक संघर्ष में झोंकने से श्रेयस्कर है, हम इनकी समुचित शक्ति का प्रयोग राष्ट्र के नव उत्कर्ष में करें।

मंथन

रोहित माहेश्वरी



# ऑनलाइन गेमिंग से बर्बाद हो रहे युवा

बीते कुछ सालों में ऑनलाइन गेमिंग का दायरा कुछ इस कदर बढ़ा है कि देश के युवा इसकी चपेट में आकर बर्बाद हो रहे हैं, अपना लाखों-करोड़ों रुपया गंवा रहे हैं। सरकार का अनुमान है कि लगभग 45 करोड़ लोग ऑनलाइन रियल-मनी गेमिंग में हर साल लगभग 20,000 करोड़ रुपये गंवा देते हैं। बीते दिनों पंजाब के नवांशहर में ऑनलाइन गेमिंग में 5 से 7 लाख रुपये की भारी रकम हारने के बाद तीन दोस्तों ने कथित तौर पर जहर खा लिया। इस दर्दनाक घटना में 21 वर्षीय युवक और एक किशोर की मौत हो गई, जबकि तीसरे किशोर का इलाज अस्पताल में जारी है। बीती 8 अगस्त को शाहजहांपुर में ऑनलाइन गेम में हारने से अवसादग्रस्त एक 36 वर्षीय युवक ने आत्महत्या कर ली। 30 जुलाई को बिहार के कटिहार में ऑनलाइन गेमिंग की लत एक युवक के लिए जानलेवा साबित हुई। बीती मार्च में कर्नाटक के 'बीदर आयुर्विज्ञान संस्थान' के 21 वर्षीय मेडिकल छात्र ने ऑनलाइन गेमिंग में 80,000 रुपये गंवाने के बाद वित्तीय दबाव से परेशान होकर आत्महत्या कर ली। सस्ते इंटरनेट और किफायती स्मार्टफोन के बदौलत भारत ने न सिर्फ 'डिजिटल इंडिया' तक का सफर तय किया। बल्कि इसके साथ-साथ ऑनलाइन रियल मनी गेमिंग और बेटिंग जैसी इंडस्ट्री भी फलने-फूलने लगी। भारत में ऑनलाइन रियल मनी गेमिंग की शुरुआत किफायती इंटरनेट और स्मार्टफोन के साथ ही शुरू हुई। इंटरनेट और मोबाइल फोन ने इसका आधार बनाया और लोगों के बीच में तेजी से पॉपुलर किया। साल 2006 से 2010 के बीच में भारतीय मोबाइल यूजर्स के बीच ऐस-2-थ्री और 'रम्मी सर्कल' जैसे शुरुआती प्लेटफॉर्म्स ने ऑनलाइन रम्मी गेम्स को बढ़ावा दिया। 2008 में 'ड्रीम11' की शुरुआत हुई, जिसने 2012 से रियल मनी फैंटेसी क्रिकेट पेश किया। इस गेम के विनर्स से ऐसी माउथ पब्लिसिटी मिली कि देश में लगभग हर तीसरे क्रिकेट फैन के फोन में यह ऐप या ऐसी ही दूसरी ऐप मिल जाएगी। साल 2016 में भारत में टेलीकॉम कंपनियां ने मोबाइल इंटरनेट को काफी हद तक किफायती कर दिया। पूरे महीने के लिए मिलने वाला 1 से 2 जीबी डाटा डेली कर दिया गया। इससे मोबाइल गेमिंग के यूजर्स में काफी बढ़ोतरी हुई। किफायती इंटरनेट ने डिजिटल इंडिया को भी बढ़ावा मिला। यूपीआई ने न सिर्फ डिजिटल पेमेंट्स को आसान बनाया बल्कि रियल मनी गेमिंग प्लेटफॉर्म से ट्रांजेक्शन को भी आसान बना दिया। अब लोग आसानी से इन प्लेटफॉर्म में रुपये लगा सकते थे और जीतने पर आसानी से निकाल भी सकते थे। 2017 में पंजाब और हरियाणा हाईकोर्ट ने 'ड्रीम11' के फॉर्मेट को 'गेम ऑफ स्किल' करार दिया। बाद में सुप्रीम कोर्ट ने भी इस फैसले को बरकरार रखा। इससे पहले रम्मी को भी स्किल-बेस्ड गेम करार दिया जा चुका था। सुप्रीम कोर्ट के इन फैसलों के बाद भारत में रियल मनी गेमिंग को कुछ हद तक कानूनी मान्यता मिली और भारत में गेमिंग इंडस्ट्री को तेजी मिली। कोविड-19 के चलते लगे लॉकडाउन में लाखों यूजर्स ने मनोरंजन के लिए इस तरह के गेमिंग प्लेटफॉर्म का रुख किया। वहीं इस बीच इस तरह के गेमिंग प्लेटफॉर्म को घरेलू निवेशकों के साथ-साथ जमकर एफडीआई भी मिले। अकेले 2018 से 21 के बीच में ऑनलाइन गेमिंग को 700 मिलियन डॉलर से ज्यादा का विदेशी निवेश मिला और ड्रीम11, एमपीएल जैसे स्टार्टअप देखते-देखते यूनिकॉर्न बन गए। भारत के ऑनलाइन गेमिंग को मिले बूम के चलते 2023 तक भारत में इसका मार्केट साइज 3.7 अरब डॉलर का हो चुका था। इसके साथ ही 2029 तक इसके 9.1 अरब डॉलर तक पहुंचने का अनुमान है। निस्संदेह, ऑनलाइन गेम के लालच में किशोर-युवा विवेक खो देते हैं। आज कम कीमत पर मोबाइल फोन और कनेक्टिविटी मौजूद हैं और इसकी वजह से ऑनलाइन जुए की लोकप्रियता पूरी दुनिया में फ़ैल रही है जो कि यह एक चिंता का विषय बन गया है। वास्तव में, आज मोबाइल दुधारी तलवार जैसे हो गए हैं। सूचना-संवाद तो देते हैं, साथ ही तमाम आघातों की आशंकाएं भी रहती हैं। जो मोबाइल बच्चों को ऑनलाइन पढ़ाई और संवाद के लिए दिए जाते हैं, उसका दुरुपयोग बच्चे ऑनलाइन गेमिंग व वर्जित सामग्री देखने के लिए करने लगे हैं।

# सब प्राणियों का प्रेम व स्नेह से मार्गदर्शन करती हैं मां जगदंबा



संकलित

दर्शन

इस जगत की प्रत्येक वस्तु, चर या अचर का मूल स्रोत एक निगूढ़ शक्ति है, जो तर्क और बुद्धि की सीमा के परे है! कोई पूछे कि यह शक्ति स्त्रीलिंग है या पुल्लिंग, तो उत्तर के स्त्रीलिंग होने की संभावना अधिक है। जैसे एक नए जीवन को गढ़ने के लिए सहनशीलता, धैर्य, करुणा और क्षमता एक मां में ही होती है, वैसे ही विश्वमातृत्व की अनंत शक्ति ही इतने महत एवं विशाल जगत को जन्म दे सकती है। नवरात्र में, पहले तीन दिन दुर्गा देवी की उपासना की जाती है, फिर अगले तीन दिन लक्ष्मी देवी की और अंतिम के तीन दिन सरस्वती देवी की! देवी के ये तीन रूप क्रमशः तीन गुणों के प्रतीक हैं-तमोगुण, रजोगुण और सतोगुण। यहां हम आश्चर्य में पड़ सकते हैं कि दुर्गा देवी तम की प्रतीक क्यों? भौतिक जगत में रहते हुए थोड़े-बहुत तमोगुण की भी आवश्यकता होती है। तमस पर्याप्त न हो तो हम ठीक से सो भी नहीं पाएंगे। आज कितने लोग अनिद्रा से ग्रस्त नींद की गोलियों के आदी हैं? क्यों उन्हें ठीक से नींद नहीं आती? क्योंकि उनके शरीर में तमस की कमी है। अतः वे अपने शरीर में कृत्रिम रूप से तमस का निर्माण करते हैं! बीच के तीन दिन, देवी की पूजा लक्ष्मी रूप में होती है-रजोगुण के रूप में, जिसकी आवश्यकता किसी भी कार्य को करने में होती है। पैसा कमाना हो, चाहे कोई इच्छा पूरी करनी हो। शरीर में अत्यधिक या अति न्यून रजोगुण होना भी समस्याएं खड़ी करता है। अत्यधिक रजोगुण होगा तो ठीक से सोच भी नहीं सकते और शांति-विश्रांति भी दूर रहती है! फिर तनाव, चिंता और उच्च रक्तचाप हो जाता है।

# क्या भोग लगाना पाखंड है?



संकलित

प्रेरणा

एक बार सन् 1989 में मैंने सुबह टीवी खोला तो जगत गुरु शंकराचार्य कांची कामकोटि जी से प्रश्नोत्तरी कार्यक्रम चल रहा था। एक व्यक्ति ने प्रश्न किया कि हम भगवान को भोग क्यों लगाते हैं। जगद्गुरु शंकराचार्य जी ने कहा यह समझने की बात है कि जब हम प्रभु को भोग लगाते हैं तो वह उसमें से क्या ग्रहण करते हैं। मान लीजिए कि आप लड्डू लेकर भगवान को भोग चढ़ाने मंदिर जा रहे हैं और रास्ते में आपका जानने वाला कोई मिलता है और पूछता है यह क्या है तब आप उसे बताते हैं कि यह लड्डू है। फिर वह पूछता है कि किसका है? तब आप कहते हैं कि यह मेरा है। फिर जब आप वही मिष्ठान्न प्रभु के श्री चरणों में रख कर उन्हें समर्पित कर देते हैं और उसे लेकर घर को चलते हैं तब फिर आपको जानने वाला कोई दूसरा मिलता है और वह पूछता है कि यह क्या है ? तब आप कहते हैं कि यह प्रसाद है फिर वह पूछता है कि किसका है तब आप कहते हैं कि यह हनुमान जी का है। अब समझने वाली बात यह है कि लड्डू वही है। उसके रंग रूप स्वाद परिमाण में कोई अंतर नहीं पड़ता है तो प्रभु ने उसमें से क्या ग्रहण किया कि उसका नाम बदल गया। वास्तव में प्रभु ने मनुष्य के मम-कार को हर लिया। यह मेरा है का जो भाव था, अहंकार था प्रभु के चरणों में समर्पित करते ही उसका हरण हो गया। प्रभु को भोग लगाने से मनुष्य विनीत स्वभाव का बनता है शीलवान होता है। अहंकार रहित स्वच्छ और निर्मल चित्त मन का बनता है। इसलिए इसे पाखंड नहीं कहा जा सकता है।

## अंतर्मन




## आज की पाती

### रक्षा क्षेत्र में बदलती भारत की तस्वीर

भारत की रक्षा नीति इन दिनों एक ऐसे महत्वपूर्ण परिवर्तन के दौर से गुजर रही है जिसमें लक्ष्य केवल विदेशी हथियारों और सैन्य उपकरणों की खरीद करना नहीं, बल्कि उनके निर्माण की पूरी व्यवस्था को देश के भीतर विकसित करना है। रक्षा मंत्रालय के रक्षा उत्पादन विभाग ने 18 अगस्त 2026 को सामरिक दृष्टि से महत्वपूर्ण 405 वस्तुओं वाली छठी सकारात्मक स्वदेशीकरण सूची अधिसूचित की है। इन वस्तुओं का अनुमानित कारोबार मूल्य 3070 करोड़ रुपए है। सूची में भारतीय तटरक्षक बल से संबंधित 16 वस्तुए और रक्षा सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों से संबंधित 389 वस्तुएं शामिल हैं। यह निर्णय भारत की रक्षा आत्मनिर्भरता की दिशा में एक और महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है। - संदीप अग्रवाल, दुर्ग

## ट्रेंड

### राजनीतिक हताशा



राहुल गांधी का धरना न तो छात्रों के लिए है और न ही न्याय के लिए; यह कांग्रेस पार्टी की राजनीतिक हताशा और राहुल गांधी की 'फुटेज पाने की भूख' का प्रतीक है। आज कांग्रेस पूरे देश में 'वंदे मातरम' के मुद्दे पर हर तरफ से घिरी हुई है।
- जगत प्रकाश नड्डा, केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री

### एफआईआर दर्ज हो



मोदी-शाह के राज में शांति से विरोध कर रहे युवाओं पर खुलेआम पैलेट गन चलाई जा सकती है, लेकिन उन्हें इंसाफ नहीं मिल सकता। जब तक एफआईआर दर्ज नहीं होती और दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई का भरोसा नहीं मिलता हम डटे रहेंगे।
- राहुल गांधी, सांसद, कांग्रेस

### सरकारी स्कूलों का सच



सरकारी स्कूलों में सोशल मीडिया से जुड़े लोगों को जाने से रोकना यह दिखाता है कि इन स्कूलों की हालत सचमुच पूरी तरह से नजरअंदाजी की एक दुखद कहानी बयां कर रही है। स्कूलों में ब्लैकबोर्ड, टॉयलेट, जैसी मूलभूत सुविधाओं की भारी कमी है।
- अखिलेश यादव, सांसद, सपा

### गंभीर वित्तीय संकट



बिहार की वित्तीय स्थिति गंभीर चिंता का विषय बन गई है। राज्य पर सार्वजनिक कर्ज तेजी से बढ़ रहा है। राजकोषीय घाटा जीएसडीपी के 5.8 प्रतिशत तक पहुंच गया है, जो प्रमुख राज्यों में सर्वाधिक है। बिहार गंभीर वित्तीय संकट से गुजर रहा है।
- तेजस्वी यादव, कार्यकारी अध्यक्ष, राजद

## करंट अफेयर

# अमेरिका और द. कोरिया सैन्य अभ्यास समय से पहले खत्म



अमेरिका और दक्षिण कोरिया की सेनाओं के बीच वार्षिक सैन्य अभ्यास निर्धारित कार्यक्रम से छह दिन पहले शुक्रवार को खत्म होने वाला है। कहा जा रहा है कि उत्तर कोरिया के प्रति नरमी दिखाने के लिए यह फैसला लिया गया है। हालांकि, उत्तर कोरिया ने कहा कि यह कदम उसे वार्ता के लिए मनाने के लिए पर्याप्त नहीं है। सोमवार को शुरू हुए 'उलची फ्रीडम शील्ड' सैन्य अभ्यास से ठीक पहले अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने पेंटागन को अभ्यास की अवधि में कटौती करने का आदेश दिया था।

## ऑफ बीट

# भोजन और दवाएं बदल सकती हैं त्वचा का रंग



जब हांगकांग में 84 वर्षीय एक व्यक्ति बढ़े हुए प्रोस्टेट के साथ अस्पताल गया, तो डॉक्टर यह देखकर चौंक गए कि उसकी त्वचा – और यहाँ तक कि उसकी आँखों का सफेद भाग भी धूसर रंग का हो गया था। ये मामले आर्गिरिया नामक स्थिति के उदाहरणों को दर्शाते हैं, जिसमें शरीर में चांदी के कण जमा हो जाते हैं। चांदी कभी अपने रोगाणुरोधी गुणों के कारण चिकित्सा उपचारों में मुख्य आधार थी। लेकिन आधुनिक साक्ष्य दर्शाते हैं कि बहुत अधिक मात्रा में इसके सेवन या अवशोषण से व्यक्ति की त्वचा में ऐसे परिवर्तन हो सकते हैं जो शायद ही कभी फीके पड़ते हैं। आर्गिरिया में, चांदी के आयन रक्तप्रवाह के माध्यम से प्रसारित होते हैं

## संक्षेप

### तमंचा-कारतूस के साथ अभियुक्त गिरफ्तार

**संग्रामपुर पुलिस ने ऑपरेशन चक्रव्यूह के तहत की कार्रवाई**

अमेठी ,ऑपरेशन चक्रव्यूह के तहत संग्रामपुर पुलिस ने एक अभियुक्त को अवैध तमंचा और जिंदा कारतूस के साथ गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ आर्म्स एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कर कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी है। एसपी सरवणन टी. के निर्देश पर संग्रामपुर पुलिस टीम रात दो बजे संदिग्ध व्यक्तियों, वस्तुओं और वाहनों की चेकिंग कर रही थी। इसी दौरान मुखबिर से सूचना मिली कि एक व्यक्ति अवैध असलहे के साथ घूम रहा है। सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए पुलिस ने ग्राम तारापुर निवासी अखिलेश प्रताप सिंह (37 वर्ष) पुत्र दुर्गपाल सिंह को गिरफ्तार किया। तलाशी के दौरान उसके कब्जे से एक तमंचा और एक जिंदा कारतूस 315 बोर बरामद हुआ। गिरफ्तारी और बरामदगी के संबंध में थाना संग्रामपुर में आर्म्स एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज किया गया है। गिरफ्तार अभियुक्त अखिलेश प्रताप सिंह का पहले से भी आपराधिक इतिहास है। उसके खिलाफ थाना संग्रामपुर में धारा 308, 323, 324, 406, 504 और 506 के तहत मामले दर्ज हैं अभियुक्त को गिरफ्तार करने वाली टीम में थानाध्यक्ष संजय सिंह के नेतृत्व में उपनिरीक्षक राजकुमार यादव, कांस्टेबल धर्मेंद्र सिंह, कांस्टेबल संजय यादव और कांस्टेबल चंदन यादव शामिल रहे पुलिस ने बताया कि ऑपरेशन चक्रव्यूह के तहत अपराधियों के खिलाफ यह अभियान लगातार जारी रहेगा।

### ग्राम प्रधान प्रतिनिधि और उनके भाई पर हमला

**जामो थाना क्षेत्र के लालूपुर में नाली विवाद, दर्जनों पर मारपीट का आरोप**

अमेठी, जामो थाना क्षेत्र के लालूपुर गांव में जल निकासी नाली को लेकर चल रहा विवाद उस समय गंभीर हो गया, जब दर्जनों लोगों ने ग्राम प्रधान प्रतिनिधि और उनके भाई पर कथित तौर पर हमला कर दिया। आरोप है कि मामूली बात को लेकर दबंगों ने अपने साथियों के साथ मिलकर ग्राम प्रधान प्रतिनिधि के घर पर धावा बोल दिया और दोनों भाइयों के साथ मारपीट की। इस घटना में दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई। परिजन आनन-फानन में दोनों घायलों को इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले गए। चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद उनकी गंभीर हालत को देखते हुए उन्हें उच्च चिकित्सा केंद्र के लिए रेफर कर दिया। घटना की सूचना मिलते ही जामो थाना पुलिस मौके पर पहुंची और मामले की जांच शुरू कर दी। बताया जा रहा है कि गांव में जल निकासी की नाली को लेकर काफी समय से विवाद चल रहा था। इसी विवाद के चलते दोनों पक्षों के बीच कहासुनी हुई, जिसके बाद मामला मारपीट तक पहुंच गया। ग्राम प्रधान प्रतिनिधि और उनके भाई पर हुए हमले के बाद गांव में तनाव की स्थिति बनी हुई है। पुलिस मामले से जुड़े लोगों से पूछताछ कर घटना के कारणों और आरोपों की जांच कर रही है। जामो थाना प्रभारी विनोद सिंह ने बताया कि लालूपुर गांव में मारपीट की सूचना मिली थी।

# भारत-नेपाल सीमा पर सुरक्षा और समन्वय मजबूत करने पर जोर

## एसएसबी कमांडेंट ने एपीएफ आईजी से की मुलाकात

अमन लेखनी समाचार

मोहम्मद कौसर



रुपईडीहा, बहराइच। भारत-नेपाल सीमा पर सुरक्षा व्यवस्था को और अधिक मजबूत करने तथा दोनों देशों की सुरक्षा एजेंसियों के बीच आपसी समन्वय बेहतर बनाने के उद्देश्य से सोमवार को एसएसबी 42वीं वाहिनी के कमांडेंट गिरीश चंद्र पांडेय ने नेपाली सशस्त्र पुलिस बल (एपीएफ) के आईजी नारायण दत्त पौडेल से मुलाकात की। दोनों अधिकारियों के बीच सीमा सुरक्षा से जुड़े विभिन्न महत्वपूर्ण मुद्दों पर विस्तार से चर्चा हुई।

मुलाकात के दौरान भारत-नेपाल सीमा पर शांति एवं सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखने, सीमा क्षेत्र में होने वाली अवैध गतिविधियों पर प्रभावी नियंत्रण तथा दोनों देशों की सुरक्षा एजेंसियों के बीच सूचनाओं के आदान-प्रदान को और बेहतर बनाने पर विशेष जोर दिया गया। अधिकारियों ने कहा कि खुली सीमा होने के कारण दोनों देशों की सुरक्षा एजेंसियों के बीच बेहतर तालमेल बेहद जरूरी है।

बैठक में सीमा पर होने वाली संदिग्ध गतिविधियों की निगरानी, मानव तस्करी, मादक पदार्थों की तस्करी, अवैध आवागमन तथा अन्य सीमा अपराधों की रोकथाम के लिए आपसी सहयोग बढ़ाने पर भी विचार-विमर्श किया गया। दोनों पक्षों ने सीमा पर तैनात सुरक्षा बलों के बीच नियमित संपर्क और समन्वय बनाए रखने की आवश्यकता पर बल दिया।

एसएसबी कमांडेंट गिरीश चंद्र पांडेय और एपीएफ आईजी नारायण दत्त पौडेल ने इस बात पर सहमति जताई कि सीमा पर किसी भी प्रकार की चुनौती से निपटने के लिए समय रहते सूचनाओं का साझा किया जाना महत्वपूर्ण है। इसके साथ ही सीमा क्षेत्र में रहने वाले लोगों के बीच आपसी विश्वास और मैत्रीपूर्ण वातावरण बनाए रखने के लिए सुरक्षा एजेंसियों द्वारा सकारात्मक भूमिका निभाने पर भी चर्चा हुई। भारत और नेपाल के बीच सदियों पुराने सामाजिक, सांस्कृतिक और पारिवारिक संबंध हैं। दोनों देशों के सीमावर्ती क्षेत्रों में लोगों का नियमित आवागमन होता है। ऐसे में सीमा पर सुरक्षा व्यवस्था के साथ-साथ आम नागरिकों की सुविधाओं और दोनों देशों के बीच मैत्रीपूर्ण संबंधों को बनाए रखना भी महत्वपूर्ण माना जाता है।

अधिकारियों ने सीमा पर तैनात जवानों के बीच बेहतर तालमेल, संयुक्त प्रयासों और नियमित संवाद के माध्यम से सुरक्षा व्यवस्था को और प्रभावी बनाने पर जोर दिया। बैठक को भारत-नेपाल सीमा पर सुरक्षा सहयोग को मजबूत करने की दिशा में

# गोदाम में चीनी का स्टॉक मिला दुरुस्त, सहायक चीनी आयुक्त ने किया औचक सत्यापन

**शासन की मंशा के अनुरूप प्रतिदिन सुबह 10 बजे तक चीनी उठान और स्टॉक की रिपोर्ट भेजने के निर्देश**

अमन लेखनी समाचार



कैसरगंज। पारले चीनी मिल परसेंडी के मिल प्रांगण में स्थित चीनी गोदाम का सोमवार को सहायक चीनी आयुक्त देवीपाटन-गोंडा कुशल पाल ने औचक भौतिक सत्यापन किया। अचानक हुए निरीक्षण से मिल प्रबंधन में हलचल रही। सहायक चीनी आयुक्त ने गोदाम में मौजूद चीनी के स्टॉक का मौके पर भौतिक सत्यापन किया और संबंधित अभिलेखों से उसका मिलान कराया। सत्यापन के दौरान चीनी का स्टॉक सही पाया गया। निरीक्षण के समय गोदाम से चीनी का उठान भी जारी था। सहायक चीनी आयुक्त ने मौके पर चल रही उठान प्रक्रिया का जायजा लिया तथा मिल प्रबंधन से स्टॉक, उठान और उपलब्ध मात्रा के संबंध में जानकारी ली। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि चीनी के भंडारण एवं उठान की पूरी प्रक्रिया में पारदर्शिता बनाए रखी जाए और शासन द्वारा निर्धारित नियमों का कड़ाई से पालन किया जाए। उन्होंने कहा कि शासन की मंशा के अनुरूप चीनी के ओपनिंग बैलेंस, प्रतिदिन हुए उठान और क्लोजिंग बैलेंस का सही एवं अद्यतन विवरण तैयार किया जाए। इसके साथ ही निर्धारित प्रारूप पर प्रतिदिन प्रातः 10 बजे तक संबंधित कार्यालय को रिपोर्ट उपलब्ध कराई जाए, ताकि स्टॉक एवं उठान की नियमित निगरानी की जा सके। सहायक चीनी आयुक्त ने मिल प्रबंधन को स्पष्ट निर्देश दिए कि अभिलेखों में दर्ज स्टॉक और गोदाम में उपलब्ध वास्तविक स्टॉक में किसी भी प्रकार का अंतर नहीं होना चाहिए। उन्होंने रिकॉर्ड को व्यवस्थित रखने तथा प्रतिदिन की गतिविधियों का समयबद्ध विवरण तैयार करने पर भी जोर दिया। औचक सत्यापन के दौरान स्टॉक सही पाए जाने पर अधिकारियों ने संतोष व्यक्त किया। निरीक्षण के दौरान सहायक चीनी आयुक्त ने गोदाम की व्यवस्थाओं और चीनी उठान से संबंधित प्रक्रिया का भी जायजा लिया। इस अवसर पर पारले चीनी मिल के उप मुख्य प्रबंधक वहाजुद्दीन अहमद, जगतार सिंह, वित्त विभाग के विभागाध्यक्ष अतुल चतुर्वेदी, ओमप्रकाश गुप्ता, दिनेश कुमार सहित मिल के अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी मौजूद रहे।

# लघु उद्योग परिषद ने बहराइच में खोले ग्राम पंचायत केंद्र, बालिकाओं को मिलेगा निःशुल्क प्रशिक्षण

अमन लेखनी समाचार

कैसरगंज, बहराइच। लघु उद्योग परिषद द्वारा बहराइच जिले की विभिन्न ग्राम पंचायतों में केंद्रों की शुरूआत की गई है। इन केंद्रों के माध्यम से ग्रामीण क्षेत्र की बालिकाओं को शिक्षा एवं हुनर से जोड़ने का प्रयास किया जा रहा है। परिषद के राष्ट्रीय अध्यक्ष एसके ठाकुर के निर्देशन में बहराइच जिला निदेशक ज्ञानेन्द्र कुमार, जिला परिवेशिका सुष्मिता वर्मा, प्रखंड प्रवेशिका रीपी सिंह तथा पंचायत शिक्षिकाएं संध्या मौर्या, पुष्पा देवी और समीरा नूर द्वारा प्रशिक्षण एवं शिक्षण कार्य कराया जाएगा। केंद्रों पर बालिकाओं को प्रतिदिन दो घंटे निःशुल्क पढ़ाई कराई जाएगी। इसके साथ ही उन्हें सिलाई-कढ़ाई का प्रशिक्षण भी दिया जाएगा, ताकि बालिकाएं शिक्षा के साथ-साथ हुनर हासिल कर आत्मनिर्भर बन सकें। परिषद का उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों की बालिकाओं को बेहतर शिक्षा, कौशल प्रशिक्षण और रोजगारपरक हुनर से जोड़कर उन्हें आत्मनिर्भरता की ओर आगे बढ़ाना है।



# पीडीए जनसंवाद में सपा प्रदेश अध्यक्ष ने भरा कार्यकताओं में जोश

**2027 में भाजपा को सत्ता से हटाने का किया आह्वान**

अमन लेखनी समाचार



बहराइच। समाजवादी पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष श्याम लाल पाल सोमवार को बहराइच पहुंचे। सपा कार्यालय स्थित बाबा साहब डॉ. भीमराव आंबेडकर सभागार में आयोजित पीडीए जनसंवाद कार्यक्रम में उन्होंने पार्टी पदाधिकारियों, बूथ स्तरीय कार्यकताओं और नेताओं से संवाद किया। इस दौरान उन्होंने संगठन को बूथ स्तर तक मजबूत करने और वर्ष 2027 के विधानसभा चुनाव की तैयारियों में जुटने का आह्वान किया। कार्यक्रम में पहुंचने पर प्रदेश अध्यक्ष श्याम लाल पाल का सपा जिलाध्यक्ष रामहर्ष यादव सहित पार्टी पदाधिकारियों और कार्यकताओं ने गर्मजोशी से स्वागत किया। जिलाध्यक्ष ने स्वागत गीत प्रस्तुत कर प्रदेश अध्यक्ष का अभिनंदन किया। इसके बाद पार्टी नेताओं ने स्मृति चिन्ह, शाल और माला पहनाकर उनका स्वागत किया। पीडीए जनसंवाद को संबोधित करते हुए श्याम लाल पाल ने कहा कि पार्टी कार्यकर्ता गांव-गली और बूथ स्तर तक पहुंचकर जनता से संवाद करें तथा राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव की नीतियों और विचारों को जनता तक पहुंचाएं। उन्होंने संगठन को मजबूत करने पर विशेष जोर दिया। प्रेस वार्ता में प्रदेश अध्यक्ष ने भाजपा सरकार पर निशाना साधते हुए आरोप लगाया कि प्रदेश में सामंतवाद और पूंजीवाद बढ़ रहा है तथा शोषित, वंचित, पिछड़े, दलित और अल्पसंख्यक वर्ग के लोगों के साथ अन्याय हो रहा है। उन्होंने शिक्षा व्यवस्था, रोजगार, कानून-व्यवस्था और स्वास्थ्य सेवाओं को लेकर भी सरकार को घेरा। उन्होंने कहा कि छात्र पेपर लीक के विरोध में और नौजवान रोजगार की मांग को लेकर सड़कों पर संघर्ष कर रहे हैं। किसानों को खाद और यूरिया के लिए परेशान होना पड़ रहा है। स्वास्थ्य व्यवस्था पर सवाल उठाते हुए उन्होंने कहा कि अस्पतालों में पर्याप्त चिकित्सक और बेहतर इलाज की व्यवस्था नहीं है। बिजली व्यवस्था का जिक्र करते हुए श्याम लाल पाल ने कहा कि वर्ष 2012 से 2017 के बीच सपा सरकार में बिजली उत्पादन के क्षेत्र में कई कार्य किए गए और नए पावर प्लांट स्थापित किए गए। उन्होंने भाजपा सरकार से सवाल किया कि वर्ष 2017 से अब तक ऊर्जा के क्षेत्र में कितने बड़े कार्य किए गए हैं।

**सपा-कांग्रेस गठबंधन के सवाल पर उन्होंने कहा कि गठबंधन को लेकर फैसला दोनों दलों के शीर्ष नेतृत्व का विषय है।**

पीडीए की व्याख्या करते हुए प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि यह एक प्रगतिशील विचारधारा है, जिसमें पीड़ित और वंचित व्यक्ति शामिल है। उन्होंने कहा कि डॉक्टर, पत्रकार, पिछड़ा, दलित, अल्पसंख्यक या किसी भी वर्ग का व्यक्ति यदि अन्याय और उत्पीड़न का शिकार है तो वह पीडीए का हिस्सा है। उन्होंने भाजपा पर संविधान, लोकतंत्र और आरक्षण को कमजोर करने का आरोप लगाते हुए कहा कि प्रदेश की जनता वर्ष 2027 में भाजपा सरकार को सत्ता से बाहर करने का मन बना चुकी है। उन्होंने दावा किया कि जनता अखिलेश यादव की ओर उम्मीद भरी निगाहों से देख रही है। कार्यक्रम में विधायक मटेरा मारिया शाह, विधायक कैसरगंज आनंद यादव, पूर्व विधायक शब्बीर बाल्मीकि, केके ओझा, जिला महासचिव सुनील निषाद, जिला कोषाध्यक्ष हाजी अब्दुल मन्नान, जिला उपाध्यक्ष अनिल यादव, देवेश चंद्र मिश्र, उत्तम सिंह, सत्यदेव सिंह, पेशकार राव, प्रकोष्ठ जिलाध्यक्ष नंदेश्वर यादव, अफशाल शानू, मयंक मिश्रा, नदीमुल हक तन्नू, मनु देवी, सुमन शर्मा, मंजू चौधरी, अंजली सोनी, सदानंद शुक्ला, रामजी यादव, शैलेश सिंह शैलू, एडवोकेट रियाजुद्दीन, अवधेश वर्मा, राजेश चौधरी, शकील मेकरानी, दिनेश लोधी, पिंटू निषाद, अनवर वारसी, वसीम शेरवानी और विजय साहू मून सहित बड़ी संख्या में पार्टी कार्यकर्ता मौजूद रहे। कार्यक्रम का संचालन जिला उपाध्यक्ष जफर उल्ला खां ह्यबंटीह्न ने किया। इस अवसर पर मो. आसिफ, जवाहर यादव, गौरव यादव, पप्पू लाल यादव शब्बीर अहमद दीपक चौरसिया, तुफैल खान, ललित मिश्रा, आनंद प्रकाश यादव, कृपा राम यादव और सत्यम बाजपेयी सहित तमाम पार्टीजन उपस्थित रहे।

**बलहा में भी किया पीडीए संवाद**

बहराइच जिला मुख्यालय पर कार्यक्रम के बाद प्रदेश अध्यक्ष श्याम लाल पाल विधानसभा बलहा पहुंचे, जहां आयोजित विशाल पीडीए जनसंवाद कार्यक्रम में उन्होंने जनसमूह को संबोधित किया। कार्यक्रम में सपा जिलाध्यक्ष रामहर्ष यादव, पूर्व सांसद सावित्री फुले, पूर्व विधायक रमेश गौतम, ललिता पासवान सहित बड़ी संख्या में पार्टी नेता और कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# सपा नेता डॉ. संतोष वर्मा ने किया विशाल भंडारे का आयोजन

अमन लेखनी समाचार



बहराइच। पवित्र श्रावण मास के चतुर्थ सोमवार के शुभ अवसर पर 283 विधानसभा नानपारा क्षेत्र के मटेरा स्थित प्राचीन बाबा जंगलीनाथ मंदिर परिसर में समाजवादी पार्टी के नेता डॉ. संतोष वर्मा द्वारा विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। इस दौरान श्रद्धालुओं एवं शिवभक्तों की भारी भीड़ उमड़ी और श्रद्धापूर्वक भगवान शिव का दर्शन-पूजन किया।

भंडारे में लगभग 20 हजार श्रद्धालुओं एवं भक्तों ने प्रसाद ग्रहण किया। आयोजन के दौरान श्रद्धालुओं के लिए भोजन एवं प्रसाद की समुचित व्यवस्था की गई। सुबह से ही मंदिर परिसर में भक्तों का तांता लगा रहा और पूरा वातावरण ह्लहर-हर महादेवह्व के जयघोष से भक्तिमय बना रहाइस अवसर पर डॉ. संतोष वर्मा ने कहा कि श्रद्धालुओं और शिवभक्तों की सेवा करना उनके लिए सौभाग्य की बात है। उन्होंने सभी भक्तों के सुख, समृद्धि एवं खुशहाली की कामना की। भंडारे के सफल आयोजन में बड़ी संख्या में क्षेत्रीय लोगों एवं कार्यकताओं ने अपना सहयोग प्रदान किया।

# बलहा पहुंचे सपा प्रदेश अध्यक्ष का हुआ जोरदार स्वागत

## 2027 में समाजवादी पार्टी की सरकार बनाने का लिया संकल्प

अमन लेखनी समाचार

मिथिलेश जायसवाल



मोतीपुर, बहराइच। बलहा विधानसभा के मिहींपुरवा में पहुंचे समाजवादी पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष श्यामलाल पाल का कार्यकताओं ने जोरदार स्वागत किया। प्रदेश अध्यक्ष ने कार्यकताओं में जोश भरते हुए कहा कि कार्यकर्ता पीडीए अभियान को लेकर जन जन तक जाएं जिससे सर्व समाज के लोग पार्टी से जुड़कर 2027 में समाजवादी पार्टी की सरकार बनाएं।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में प्रदेश अध्यक्ष श्यामलाल पाल ,विशिष्ट अतिथि जिला अध्यक्ष राम हर्ष यादव एडवोकेट रहे ।कार्यक्रम की अध्यक्षता विश्राम सिंह यादव अध्यक्ष विधानसभा बलहा ने की ।विधानसभा क्षेत्र 282 बलहा में आयोजित पीडीए कार्यक्रम के दौरान समाजवादी पार्टी के विभिन्न संभावित प्रत्याशियों और कार्यकताओं ने आगामी विधानसभा चुनाव में पार्टी की जीत का संकल्प लिया। इस दौरान ललिता हरेंद्र पासवान ने भी जोरदार समर्थन करते हुए सपा के पक्ष में अपनी आवाज बुलंद की। उनके राजनीतिक कार्यक्रमों और बलहा में पीडीए अभियान से जुड़ी गतिविधियां हाल के दिनों में सामने आई हैं। ललिता हरेंद्र पासवान ने कहा कि 2027 में अखिलेश यादव के नेतृत्व में समाजवादी पार्टी की सरकार बनने जा रही है और हम भारी बहुमत से चुनाव जीतेंगे ।उन्होंने भाजपा सरकार की नीतियों पर हमला बोलते हुए महंगाई, बेरोजगारी,किसानों की समस्याओं, शिक्षा, स्वास्थ्य और युवाओं के मुद्दों को लेकर सरकार को घेरा। उन्होंने कहा कि जनता अब बदलाव चाहती है और आगामी चुनाव में जनता अपने मुद्दों के आधार पर फैसला करेगी।

कार्यक्रम में मौजूद सपा नेताओं और कार्यकताओं ने एकजुट होकर पार्टी की जीत का संकल्प लिया। नेताओं ने कहा कि पीडीए की विचारधारा को गांव-गांव और घर-घर तक पहुंचाकर संगठन को मजबूत किया जाएगा ।बलहा में सम्मेलन और सपा प्रदेश अध्यक्ष श्यामलाल पाल के कार्यक्रम को लेकर पार्टी कार्यकताओं में उत्साह देखने को मिला। सपा की ओर से 2027 के विधानसभा चुनाव को ध्यान में रखते हुए संगठन को मजबूत करने और जनसंपर्क अभियान तेज करने पर जोर दिया जा रहा है ।इस मौके पर काफी संख्या में समाजवादी पार्टी के पदाधिकारी कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# सपा प्रदेश अध्यक्ष के बहराइच प्रथम आगमन पर डॉ. संतोष वर्मा ने किया भव्य स्वागत

अमन लेखनी समाचार



बहराइच। समाजवादी पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष श्याम लाल पाल के जनपद बहराइच में प्रथम आगमन पर समाजवादी पार्टी के नेताओं एवं कार्यकताओं में जबरदस्त उत्साह देखने को मिला। इस अवसर पर 283 विधानसभा क्षेत्र नानपारा से समाजवादी पार्टी के वरिष्ठ नेता एवं जनप्रिय डॉ. संतोष वर्मा ने अपने समर्थकों एवं कार्यकताओं के साथ नानपारा टोल प्लाजा पहुंचकर प्रदेश अध्यक्ष श्याम लाल पाल का फूल-मालाओं से भव्य एवं गर्मजोशी के साथ स्वागत किया। प्रदेश अध्यक्ष के आगमन की सूचना मिलते ही नानपारा टोल प्लाजा पर बड़ी संख्या में समाजवादी पार्टी के कार्यकर्ता और समर्थक एकत्रित हो गए। पार्टी के झंडों एवं नारों के बीच कार्यकताओं ने प्रदेश अध्यक्ष का जोरदार स्वागत किया। इस दौरान डॉ. संतोष वर्मा ने प्रदेश अध्यक्ष श्याम लाल पाल को पुष्पमाला पहनाकर उनका अभिनंदन किया तथा बहराइच आगमन पर हार्दिक शुभकामनाएं दीं।

इस अवसर पर डॉ. संतोष वर्मा ने कहा कि प्रदेश अध्यक्ष श्याम लाल पाल का बहराइच जनपद में प्रथम आगमन समाजवादी पार्टी के कार्यकताओं के लिए अत्यंत उत्साह एवं ऊर्जा का विषय है। उनके नेतृत्व और मार्गदर्शन से पार्टी संगठन को नई मजबूती मिलेगी तथा कार्यकताओं में जोश और उत्साह का संचार होगा। उन्होंने कहा कि समाजवादी पार्टी सदैव गरीबों, किसानों, नौजवानों, मजदूरों और समाज के अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति की आवाज को मजबूती से उठाती रही है। डॉ. संतोष वर्मा ने कहा कि प्रदेश अध्यक्ष के नेतृत्व में पार्टी के कार्यकर्ता पूरी मजबूती के साथ जनता के बीच पहुंचकर समाजवादी विचारधारा एवं पार्टी की नीतियों को जन-जन तक पहुंचाने का कार्य करेंगे। उन्होंने कहा कि बहराइच एवं नानपारा विधानसभा क्षेत्र में समाजवादी पार्टी का संगठन लगातार मजबूत हो रहा है और कार्यकर्ता पूरी निष्ठा एवं समर्पण के साथ पार्टी को मजबूत बनाने में जुटे हुए हैं। प्रदेश अध्यक्ष श्याम लाल पाल के स्वागत के दौरान उपस्थित कार्यकताओं में भी विशेष उत्साह देखने को मिला। कार्यकताओं ने समाजवादी पार्टी एवं राष्ट्रीय नेतृत्व के समर्थन में जोरदार नारे लगाए और प्रदेश अध्यक्ष के आगमन को ऐतिहासिक बताया। इस अवसर पर डॉ. संतोष वर्मा के साथ बड़ी संख्या में समाजवादी पार्टी के पदाधिकारी, कार्यकर्ता एवं समर्थक मौजूद रहे। सभी ने प्रदेश अध्यक्ष श्याम लाल पाल के बहराइच प्रथम आगमन पर उनका अभिनंदन करते हुए संगठन को और अधिक मजबूत बनाने का संकल्प लिया।

# बाबागंज में बारावफात पर पीस व प्रेस कमेटी की बैठक संपन्न

**अराजकता फैलाने वालों पर होंगी सख्त कार्यवाही: मानवेन्द्र सिंह**

अमन लेखनी समाचार

बाबागंज, बहराइच। रुपईडीहा थाना क्षेत्र में बारह वफात त्यौहार को शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण माहौल में सम्पन्न कराने के लिए पुलिस चौकी बाबागंज परिसर में पीस कमेटी की बैठक आयोजित की गई। पीस कमेटी में अराजकता फैलाने वालों के खिलाफ सख्त कार्यवाही की चेतावनी दी गई और बताया गया कि ऐसे लोगों पर पुलिस की पैनी नजर रहेगी ।बैठक की अध्यक्षता नवनियुक्ति चौकी इंचार्ज मानवेन्द्र सिंह नें की। चौकी इंचार्ज नें मीटिंग में मौजूद लोगों से भाईचारे के साथ शांतिपूर्ण ढंग से आगामी त्यौहार मनाने की अपील की। श्री सिंह नें स्पष्ट किया कि आगामी त्यौहार के दौरान उन्माद और अराजकता की चौकी क्षेत्र में कोई स्थान नहीं है। कानून का उलंघन करने वालों के खिलाफ कठोर कार्यवाही की जाएगी। निर्धारित मार्ग और शासन के द्वारा निर्धारित मानको पर ही जुलूस की अनुमति है, क्षेत्र में माहौल बिगाड़ने का प्रयास करने वालों से स्थानीय पुलिस सख़्ती से निपटेगी। उपस्थित लोगों से क्षेत्र के बारे में जानकारी ली और क्षेत्रीय समस्याओ कों सुना और जल्द ही अपने स्तर से दूर करने का आश्वासन दिया ।इस मौके पर प्रधान इरशाद अहमद, डॉ अख्तर, पत्रकार रावेन्द्र शर्मा, रूद्र प्रताप मिश्रा, संजय गुप्ता, इलियास अहमद, पप्पू गुप्ता, अकील अहमद, मो0 नईम सहित उपनिरीक्षक ओम प्रकाश मौर्य, आरक्षी अर्जुन मौर्या, सुनील कुमार, सत्यम सोनी, धनु कुमार, शिवाजी, हार्दिक कुमार, झलक कुमार आदि उपस्थित रहे।

# बारिश से 300 घरों की राह बंद

**मुख्य मार्ग तालाब में तब्दील, एक सप्ताह से स्कूल नहीं जा रहे बच्चे**

अमन लेखनी समाचार



प्रतापगढ़ , मानधाता कोतवाली क्षेत्र के शिवरा गांव में लगातार बारिश के कारण हालात बिगड़ गए। गांव का मुख्य संपर्क मार्ग पूरी तरह जलमग्न होकर तालाब में तब्दील हो गया है। जलभराव के कारण करीब 250 से 300 घर प्रभावित हैं और सैकड़ों ग्रामीणों की रोजमर्रा की आवाजाही बाधित हो गई है।

**एक सप्ताह से स्कूल नहीं जा रहे बच्चे**

जलभराव का सबसे ज्यादा असर स्कूली बच्चों पर पड़ा है। ग्रामीणों के मुताबिक, मुख्य मार्ग पर पानी भरने के कारण गांव के बच्चे पिछले एक सप्ताह से स्कूल नहीं जा पा रहे हैं। इससे उनकी पढ़ाई प्रभावित हो रही है। ग्रामीणों को भी रोजाना घुटने तक पानी के बीच से होकर गुजरना पड़ रहा है। गड्ढे दिखाई नहीं देने से हादसे का खतरा पानी अधिक होने के कारण सड़क पर बने गड्ढे दिखाई नहीं देते हैं। इससे पैदल चलने वालों के साथ दोपहिया वाहन चालकों के लिए भी दुर्घटना का खतरा बना हुआ है। ग्रामीणों का कहना है कि जलभराव के कारण बुजुर्गों, महिलाओं और बच्चों को सबसे ज्यादा परेशानी हो रही है। हर साल बारिश में होती है यही समस्या ग्रामीण प्रदीप कुमार सिंह ने बताया कि जलभराव की समस्या नई नहीं है। सड़क का स्तर आसपास की जमीन से नीचे होने के कारण हर साल बारिश के मौसम में यहां पानी भर जाता है।

## संक्षेप

### पत्नी से विवाद पर युवक ने खुद को गोली मारी

**पेट में गोली लगने से गंभीर घायल, बागपत में हायर सेंटर रेफर**

बागपत , मोहल्ला ईदगाह में शनिवार रात पत्नी से विवाद के बाद एक युवक ने कथित तौर पर तमंचे से खुद को गोली मार ली। गोली पेट में लगने से युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने उसे जिला अस्पताल में भर्ती कराया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद डॉक्टरों ने हालत गंभीर होने पर हायर सेंटर रेफर कर दिया। पुलिस मामले की जांच कर रही है। मोहल्ला ईदगाह निवासी 27 वर्षीय अफजाल का शनिवार रात पत्नी आयशा से किसी बात को लेकर विवाद हुआ था। बताया जा रहा है कि विवाद बढ़ने के बाद अफजाल ने गुस्से में तमंचा निकाला और अपने पेट में गोली मार ली। गोली चलने की आवाज सुनकर आसपास के लोगों में अफरा-तफरी मच गई। कुछ ही देर में मौके पर बड़ी संख्या में लोग जमा हो गए। घटना की सूचना पुलिस को दी गई। पुलिस ने अस्पताल पहुंचाया सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंची और गंभीर रूप से घायल अफजाल को बागपत जिला अस्पताल लेकर गई। डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार के बाद उसकी हालत गंभीर देखते हुए हायर सेंटर रेफर कर दिया। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर घटना की जानकारी जुटाई और गोली चलने की परिस्थितियों की जांच शुरू कर दी है। पुलिस यह भी पता लगाने का प्रयास कर रही है कि युवक के पास तमंचा कहां से आया। पांच साल पहले हुई थी शादी, दो बच्चे परिजनों के मुताबिक, अफजाल की शादी करीब पांच साल पहले दिल्ली निवासी आयशा से हुई थी। दंपती के दो बच्चे हैं। अफजाल एक निजी कंपनी में नौकरी करता है। चौकी प्रभारी शिव कुमार ने बताया कि घायल युवक को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस घटना के वास्तविक कारण और परिस्थितियों की जांच कर रही है। जांच में सामने आने वाले तथ्यों के आधार पर नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

### दो कैंटर से 26 पशु बरामद

**चार पशु तस्कर गिरफ्तार; पुलिस से बचने को बंद कर रखे थे वाहन**

बागपत , शहर कोतवाली पुलिस ने शनिवार को चेकिंग अभियान के दौरान चार पशु तस्करों को गिरफ्तार किया। पुलिस ने दो कैंटरों में भरकर ले जाए जा रहे 26 पशुओं को बरामद किया है। कार्रवाई शहर कोतवाली क्षेत्र के मविकला गांव में मुखबिर की सूचना पर की गई। पुलिस टीम ईस्टर्न पेरीफेरल एक्सप्रेसवे के पास चेकिंग कर रही थी। इसी दौरान बागपत से गाजियाबाद की ओर जा रहे दो कैंटर दिखाई दिए। पुलिस ने दोनों वाहनों को रुकने का इशारा किया, लेकिन चालकों ने कैंटर की रफ्तार बढ़ा दी। इसके बाद पुलिस ने बल प्रयोग कर दोनों वाहनों को रोक लिया। कैंटरों में क्रूरतापूर्वक भरे मिले 26 पशु पुलिस ने दोनों कैंटरों की तलाशी ली तो अंदर 26 पशु भरे मिले। पुलिस के मुताबिक, पशुओं को तस्करी के लिए ले जाया जा रहा था। तस्करों ने पुलिस से बचने के लिए कैंटरों को पूरी तरह बंद कर रखा था। पुलिस के अनुसार गिरफ्तार आरोपियों की पहचान इलियास और शाहिद निवासी बागपत तथा आजाद और सोहन निवासी हरियाणा के रूप में हुई है। चारों को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है। पशु तस्करी रोकने के लिए अभियान जारी रहेगा कोतवाली प्रभारी मनोज चहल ने बताया कि चार पशु तस्करों को गिरफ्तार किया गया है।

## जगह-जगह चढ़ी कांवर भक्तों ने किया जलाभिषेक

**चतुर्थ सोमवार को शिव मंदिरों में उमड़ा जन सैलाब**

अमन लेखनी समाचार



अमौली, फतेहपुर। सावन मास के चतुर्थ सोमवार के अवसर पर जनपद के सभी ऐतिहासिक शिव मंदिरों समेत अन्य सभी धार्मिक स्थलों पर हर हर बम बम के जयकारे गूंज उठे जनपद के अमौली विकासखंड क्षेत्र के यमुना तटवर्ती क्षेत्र में भूगर्भित शिवलिंग श्री गूढेश्वर अखंड धाम में कावड़ियों का भारी जत्था पहुंचा वहीं क्षेत्रीय विधायक ने पहुंचकर पूजा अर्चना करते हुए पुण्य प्राप्त किया कल सोमवार सुबह भोर पहर से हजारों की संख्या में पहुंचे भक्तों ने कतार वद्ध होकर बारी-बारी से भगवान श्री गूढेश्वर महादेव के दर्शन किए रिठवां ग्राम पंचायत से कांवरियों का जत्था निकला जहां मौजूद अमौली विकासखंड के प्रधान संघ पूर्व अध्यक्ष अरविंद सिंह आदि ग्रामीणों ने सभी कांवरियों तथा श्रद्धालुओं का भव्य स्वागत किया दर्शन करने के पश्चात भक्तों ने मेले में जमकर खरीदारी की वही विकासखंड कस्बा अंतर्गत बाबा बैजनाथ धाम में श्री रामचरितमानस के अखंड पाठ के साथ भगवान का महा अभिषेक संपन्न हुआ वैदिक आचार्यों ने वेद मंत्रों के साथ मंदिर प्रांगण में अनुष्ठान संपन्न कराया वही महा आरती के पश्चात भक्तों ने जमकर जयकारा लगाया तथा महाप्रसाद गृहण किया।

## लंबे समय से फरार चल रहा है वारंटी अभियुक्त हुआ गिरफ्तार



अमन लेखनी समाचार

फतेहपुर , जनपद के पुलिस अधीक्षक अभिमन्यु मांगलिक के कुशल दिशा निर्देश का पालन करते हुए जगह-जगह अपराधियों तथा वारंटियों के खिलाफ अभियान चलाया जा रहा है इसी क्रम में जनपद के गाजीपुर थाना प्रभारी विनोद कुमार को अभियान चलाते हुए एक बड़ी सफलता मिली मुखबिर की सटीक सूचना के आधार पर काफी दिनों से फरार चल रहे वारंटी अभियुक्त मनीष मिश्रा पुत्र रामजीत मिश्रा निवासी सेवरामऊ को प्रशासन की टीम ने कड़ी मशक्कत के बाद गिरफ्तार किया वहीं थाना प्रभारी ने आवश्यक पूछताछ के पश्चात वारंटी अभियुक्त को गिरफ्तार कर वैधानिक कार्रवाई की इस सफल मिशन में थाना प्रभारी के साथ उप निरीक्षक कमलेश कुमार सिंह मुख्य आरक्षी संदीप कुमार आदि का सराहनीय सहयोग रहा

## चोरों ने घर में घुसकर 50000 नगदी समेत जेवरात किए पार

अमन लेखनी समाचार



फतेहपुर ,जनपद के किशनपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत गांव जालंधरपुर मजरे ग्राम पंचायत गुरुवल में विगत रात्रि रविवार प्रातः सोमवार को अज्ञात चोरों ने एक मकान को निशाना बनाते हुए कुंडी खोलकर लाखों रुपए का चूना लगाया पीड़ित गृह स्वामी राम सजीवन निषाद ने थाने में लिखित तहरीर देते हुए बताया कि विकास दिवस रविवार देर रात वह खाना खाकर अपने मकान के बाहर पड़े छप्पर के नीचे सो गया था वही मकान में कुंडी लगा दी थी सुबह नींद खुलने के पश्चात देखा कि घर की कुंडी खुली है अंदर जाकर देखा तो संदूक गायब मिला संदूक में रखें 50000 नगदी तथा जेवरात गायब थे पीड़ित ने तत्काल पुलिस प्रशासन को फोन कर सूचना दी जहां सूचना पाकर पीआरबी 112 में पहुंचकर घटना स्थल का जायजा लिया जानकारी लेने पर थाना प्रभारी मनीष सिंह ने बताया कि पीड़ित द्वारा तहरीर प्राप्त हुई है मामला संदिग्ध है फिर भी मामले की जांच प्रारंभ है

## कोल्ड स्टोर में आलू की जगह मौजूद मिले 8000 रसगुल्ला

**गांजे की शिकायत पर पुलिस क्षेत्राधिकारी ने मारा छापा कोल्ड स्टोर में निकली मिठाई**

अमन लेखनी समाचार

फतेहपुर , जनपद के थरियांव थाना क्षेत्र अंतर्गत स्थापित एक कोल्ड स्टोर में गांजा रखे जाने की जानकारी किसी अज्ञात व्यक्ति द्वारा पुलिस प्रशासन को दी गई जहां सूचना मिलते ही खागा क्षेत्राधिकारी ने मामले को संज्ञान में लेते हुए पीतांबरम कोल्ड स्टोर में छापेमारी की परंतु छापेमारी के दौरान कोल्ड स्टोर के अंदर एक अद्भुत नजारा देखने को मिला जिस कोल्ड स्टोर में आलू रखे जाते हैं वहां 8000 पीस रसगुल्ला बरामद हुए यह देखकर प्रशासनिक अधिकारियों समेत सभी आश्चर्यचकित हो गए पुलिस क्षेत्राधिकारी ने तत्काल उप जिलाधिकारी खागा तथा फूड इंस्पेक्टर को जानकारी देते हुए मौके पर पहुंच कर जांच करने को कहा मौके पर पहुंचे अधिकारियों ने बारीकी से जांच की तथा जानकारी ली तो कोल्ड स्टोर द्वारा जानकारी मिली कि आगामी रक्षाबंधन त्यौहार के चलते खागा कस्बे के एक मिष्ठान विक्रेता ने आलू के कोल्ड स्टोर में पहले से निर्मित कर 8000 पीस रसगुल्ला रखवा दिए थे ताकि वह सुरक्षित बने रहें वहीं अधिकारियों ने जांच की तथा जांच में पाया गया के रसगुल्ले कई दिनों पुराने हैं जो खाने योग्य नहीं है



खाद्य विभाग की टीम ने मिष्ठान विक्रेता की दुकान पर भी छापा मारा वहां भी काफी मात्रा में मिठाई दुष्ट पाई गई विभागीय अधिकारियों ने मौके पर बरामद सभी रसगुल्लों तथा मिष्ठान को नष्ट करवा दिया वहीं मिष्ठान विक्रेता दुकानदार के खिलाफ वैधानिक कार्रवाई की गई

## छह दिन बाद समाप्त हुआ भाकियू अराजनैतिक गुट का धरना प्रदर्शन

अमन लेखनी समाचार



बिंदकी, फतेहपुर। जनपद के बिंदकी तहसील परिसर में सात सूत्रीय मांगों को लेकर भारतीय किसान यूनियन अराजनीतिक गुट के पदाधिकारियों ने पूर्व दिवस से धरना प्रदर्शन प्रारंभ किया अनिश्चितकालीन धरना प्रदर्शन करते हुए छठवें दिन कल सोमवार देर शाम संगठन के पदाधिकारियों ने उप जिलाधिकारी तथा क्षेत्राधिकारी बिंदकी को 7 सूत्रीय ज्ञापन सौंपते हुए धरना स्थगित किया गुट के सदस्यों ने कहा कि बिंदकी तहसील अंतर्गत रावतपुर कोटिया गांव में सैकड़ो वर्ष पुराने मंदिर को दबंगों द्वारा तोड़ दिया गया तथा कब्जा कर लिया गया वहीं गांव का कूड़ा कचरा घूर गड्ढे इत्यादि पर भी दबंग लोग निरंतर कब्जा करते जा रहे हैं कई बार शिकायत की गई लेकिन विभागीय लापरवाही के कारण कोई कार्यवाही अमल नहीं हुई वही ज्ञापन देते हुए संगठन के सदस्यों ने जनपद के अन्य विकासखंड जैसे अमौली मलवा खजुआ आदि में घूम रहे अन्ना गोवंश आवारा मवेशी इत्यादि को कई शिकायतें किए जाने के बाद भी सुरक्षित नहीं किया जा रहा जिसकी भी मांग सदस्यों द्वारा की गई जनपद के कई क्षेत्रों में समिति बंद है जिन्हें तत्काल प्रारंभ करने की मांग रखी गई थी इसी प्रकार 7 सूत्रीय मांगे रखते हुए तहसील अध्यक्ष सुधीर प्रताप सिंह गौतम उर्फ.बबलू सिंह के साथ अन्य पदाधिकारी ने जल्द ही निवारण के लिए अपील की अपील स्वीकृत करते हुए उच्च अधिकारी ने सभी को यथा उचित आश्वासन दिया इस मौके पर सुखीराम धर्मेंद्र सिंह बैजनाथ निषाद धर्मपाल सिंह अंगद सिंह रज्जन सिंह शैलेंद्र सिंह तथा किसान यूनियन के नेता पुत्तन दुबे आदि लोग मौजूद रहे

## मेरठ-हापुड़ मार्ग पर हादसा, दो कांवड़ियों की मौत

**डीसीएम चालक को नींद की झपकी आने से हुई टक्कर, कई घायल**

अमन लेखनी समाचार

मेरठ , मेरठ-हापुड़ मार्ग पर खरखौदा कस्बे के पास सुबह करीब 3:30 बजे एक डीसीएम ट्रक ने हरिद्वार से गंगाजल लेकर लौट रहे कांवड़ियों की ट्रैक्टर-ट्रॉली को पीछे से टक्कर मार दी। इस हादसे में ट्रैक्टर-ट्रॉली पलट गई, जिससे दो कांवड़ियों की मौत हो गई और करीब एक दर्जन शिवभक्त घायल हो गए। डीसीएम चालक भी इस घटना में घायल हुआ है। मृतकों की पहचान यशपाल (18 वर्ष) पुत्र हुकम सिंह और राजेंद्र (45 वर्ष) पुत्र राधे श्याम कुमार के रूप में हुई है। यशपाल अपने तीन भाई-बहनों में सबसे छोटा और इकलौता भाई था। उसकी दोनों बड़ी बहनों की शादी हो चुकी है। यशपाल के पिता हुकम सिंह भी इस हादसे में मामूली रूप से घायल हुए हैं। पुलिस सूत्रों के अनुसार, यह हादसा डीसीएम चालक को नींद की झपकी आने के कारण हुआ बताया जा रहा है। डीसीएम में परचून का सामान भरा था, जिसे देर रात मेरठ से लोड किया गया था। यह सामान हापुड़, बुलंदशहर सहित कई शहरों में



पहुंचाना था। जल्दबाजी के कारण चालक ने रात में आराम नहीं किया, जिससे उसे नींद आ गई और हादसा हो गया। घायल डीसीएम चालक का नाम इरशाद बताया गया है, जो मेरठ जनपद के सरूरपुर थाना अंतर्गत हारा गांव का निवासी है। उसका मेरठ के एक अस्पताल में उपचार चल रहा है। देर शाम पोस्टमार्टम के बाद यशपाल और राजेंद्र के शव परिजनों को सौंप दिए गए, जिसके बाद परिजन शवों को लेकर अपने गांव के लिए रवाना हो गए।

## हफ्तेभर पहले चाकू खरीदा, पत्नी-बेटी को मार डाला

**आरोपी बोला- खर्चा नहीं चला पा रहा था, बेटा नहीं था तो परिवार का क्या होता**

अमन लेखनी समाचार



गाजियाबाद,पति ने पत्नी और बड़ी बेटी की चाकू से गोदकर हत्या कर दी। छोटी बेटी पर भी चाकू से हमला किया, लेकिन वह भाग गई। आरोपी ने पुलिस पूछताछ में कबूला कि बेटा नहीं हो रहा था। इसी बात को लेकर परेशान रहता था कि मेरे मरने के बाद परिवार का क्या होगा। घर का खर्चा भी नहीं चला पाता था, इसलिए मैंने एक सप्ताह पहले ही मन बना लिया था कि पत्नी और दोनों बेटियों की हत्या करनी है। लेकिन, एक बेटी बच गई। हफ्तेभर पहले गाजीपुर मछली मंडी से मुर्गा काटने वाला चाकू खरीदकर लाया था। उसे घर में कपड़ों के बीच छिपा दिया था। तीन दिन पहले भी रात में हत्या की कोशिश की, लेकिन हिम्मत नहीं जुटा सका। रात पत्नी से झगड़े के बाद सोते समय हमला किया और इसके बाद बड़ी बेटी की भी हत्या कर दी। ये घटना रात करीब 12 बजे जिला मुख्यालय से 28 किलोमीटर दूर खोड़ा के लोकप्रिय विहार कॉलोनी की है। आरोपी राजा अंसारी के कपड़ों पर खून की छीटें पड़ी थीं। उसकी नाक पर घाव था। ऐसा लग रहा कि पत्नी खुद को बचाने के लिए पति से भिड़ गई थी आरोपी राजा अंसारी के कपड़ों पर खून की छीटें पड़ी थीं। उसकी नाक पर घाव था। ऐसा लग रहा कि पत्नी खुद को बचाने के लिए पति से भिड़ गई थी। मछली मंडी में मुंशी की नौकरी करता था आरोपीबिहार के अररिया जिले के ज्योतिहाट के मढियाई गांव निवासी राजा अंसारी (45) तीन साल से गाजियाबाद के खोड़ा में रहता है। साथ में पत्नी तबस्सुम (35) और दो बेटियां रह रही थीं। राजा अंसारी दिल्ली के गाजीपुर मछली मंडी में मुंशी की नौकरी करता था, जिसे एक महीने में 34 हजार रुपए मिलते थे यहां रात सवा 12 बजे राजा अंसारी ने पत्नी तबस्सुम और बड़ी बेटी सना की चाकू से गोदकर हत्या कर दी। छोटी बेटी को भी मामूली चाकू लगा, वह बच गई। आरोपी राजा अंसारी ने हफ्तेभर पहले ये मुर्गा काटने वाला चाकू खरीदा था। इसी से पत्नी और बेटी की हत्या की है। तीन दिन पहले हत्या की कोशिश की, लेकिन हिम्मत नहीं हुई आरोपी राजा अंसारी पुलिस पूछताछ में लगातार अपने बयान बदलता रहा। कभी वह आर्थिक हालत खराब होने और घर का खर्चा न चला पाने पर हत्या की बात करता, तो कभी कहता कि मेरे बेटा नहीं था, मेरे बाद परिवार का क्या होता। मैं मर जाउंगा तो फिर मेरा परिवार भी नहीं बचेगा। इसलिए सबकी हत्या की प्लानिंग की। राजा अंसारी ने बताया कि एक सप्ताह पहले गाजीपुर मछली मंडी से मुर्गा काटने वाला चाकू लिया था। इसे लाकर घर में कपड़ों में छिपा दिया था। मैंने मन बना लिया था कि पत्नी और दोनों बेटियों की हत्या करनी ही है। तीन दिन पहले भी रात में पत्नी और दोनों बेटियों की हत्या की सोची, लेकिन हत्या नहीं कर सका।

## एसएसपी से मिले सपा विधायक अतुल प्रधान

**किसान नेता से मारपीट मामले में जांच की ली जानकारी, अस्पताल में भर्ती हुए दिग्विजय भाटी**

अमन लेखनी समाचार



मेरठ , एसपी कार्यालय में किसान नेता से कथित मारपीट के मामले को लेकर सपा विधायक अतुल प्रधान एसएसपी बीबीजीटीएस मूर्ति से मिले। उन्होंने मामले की जांच की प्रगति और पुलिस की कार्रवाई की जानकारी ली। विधायक ने निष्पक्ष जांच कर दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की। वहीं, मामले के पीड़ित किसान नेता दिग्विजय भाटी भी एडीजी भानु भास्कर से मिलने पहुंचे। उन्होंने मामले में अब तक मुकदमा दर्ज न होने और तहरीर न लिए जाने की बात कही। भाटी ने चेतावनी दी कि दो दिन में कार्रवाई नहीं हुई तो परिवार के साथ प्रदर्शन करेंगे। देर शाम दिग्विजय भाटी की तबीयत बिगड़ गई। आंख में तेज दर्द और बीपी कम होने के बाद उन्हें आनंद अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उनका इलाज चल रहा है।

### एसपी कार्यालय में मारपीट के आरोपों पर ली जानकारी

मेरठ में एसपी कार्यालय में किसान नेता दिग्विजय भाटी और मोहित जाटव के साथ कथित मारपीट के मामले को लेकर सरधना से सपा विधायक अतुल प्रधान शनिवार को एसएसपी कार्यालय पहुंचे। उन्होंने पुलिस अधिकारियों से मामले की जांच की प्रगति की जानकारी ली। विधायक ने आरोपों की निष्पक्ष जांच कराने और दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की।

### डीआईजी सहारनपुर को सौंपी गई जांच

मामले की जांच डीआईजी सहारनपुर को सौंपी गई है। अतुल प्रधान ने अधिकारियों से जांच की वर्तमान स्थिति, अब तक हुई कार्रवाई और जांच की दिशा के बारे में जानकारी ली। उन्होंने कहा कि मामले में निष्पक्ष जांच के आधार पर कार्रवाई होनी चाहिए। मामले के पीड़ित किसान नेता दिग्विजय भाटी भी एडीजी भानु भास्कर से मिलने पहुंचे। उन्होंने एडीजी के सामने अपनी शिकायत रखते हुए कहा कि अभी तक मामले में मुकदमा दर्ज नहीं किया गया है और न ही उनसे तहरीर ली गई है। भाटी ने कहा कि यदि दो दिन में पुलिस ने कार्रवाई नहीं की तो वह पत्नी और दोनों बच्चों के साथ प्रदर्शन करेंगे।


### तबीयत बिगड़ने पर अस्पताल में भर्ती

देर शाम दिग्विजय भाटी की तबीयत अचानक बिगड़ गई। उनकी आंख में तेज दर्द होने के साथ बीपी कम हो गया, जिसके बाद उन्हें आनंद अस्पताल में भर्ती कराया गया। सूचना मिलने पर राष्ट्रीय गुर्जर महासभा भारत के प्रतिनिधि चौधरी रविंद्र सिंह गुर्जर भी अस्पताल पहुंचे। उन्होंने कहा कि दिग्विजय भाटी के सम्मान और न्याय की लड़ाई में पूरा समाज उनके साथ है।

## 10वीं मंजिल से गिरकर युवती की मौत

**नैनी का काम करती थी, फ्लैट मालिक पर छेड़छाड़ का आरोप**

अमन लेखनी समाचार



गौतम बुद्ध नगर , ग्रेटर नोएडा सेक्टर-142 थाना क्षेत्र की एक सोसाइटी में 20 साल की युवती की दसवीं मंजिल से गिरकर मौत हो गई। मृतका के परिजनों ने इसे आत्महत्या नहीं, बल्कि हत्या बताते हुए गंभीर आरोप लगाए हैं। पुलिस ने शिकायत दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है। पोस्टमार्टम के बाद युवती का शव परिजनों को सौंप दिया गया। मृतका की पहचान सेक्टर-168 निवासी मोनिका (20) के रूप में हुई है। वह पिछले करीब तीन साल से सेक्टर-137 स्थित गुलशन विवांता सोसाइटी में नैनी का काम कर रही थी। रात करीब 8:30 बजे पुलिस ने परिजनों को फोन कर बताया कि मोनिका ने बिल्डिंग से कूदकर आत्महत्या कर ली है। परिजनों का आरोप- शव भी नहीं दिखाया परिजनों के मुताबिक सूचना मिलते ही वे सोसाइटी पहुंचे, लेकिन उन्हें अंदर जाने की अनुमति नहीं दी गई। उनका आरोप है कि काफी आग्रह करने के बावजूद उन्हें न तो मोनिका का शव दिखाया गया और न ही यह स्पष्ट बताया गया कि शव को कहां ले जाया जा रहा है। परिजनों का आरोप है कि पुलिस ने बिना जानकारी दिए एंबुलेंस बुलाकर शव को सोसाइटी से बाहर भेज दिया। उन्होंने एंबुलेंस रोकने की कोशिश की, लेकिन सफल नहीं हुए। देर रात उन्हें बताया गया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए सेक्टर-94 स्थित शवगृह भेजा गया है।

## एसडीएम ने बच्चों संग खाया मिड-डे-मील

**जेवर के प्राथमिक विद्यालय में जांची भोजन की गुणवत्ता**

अमन लेखनी समाचार



जेवर ,ग्रेटर नोएडा के जेवर स्थित उच्च प्राथमिक विद्यालय जेवर नंबर-1 में दोपहर 1 बजे उप जिलाधिकारी दुर्गेश सिंह ने मिड-डे-मील (एमडीएम) की गुणवत्ता का निरीक्षण किया। उन्होंने बच्चों के साथ बैठकर भोजन किया और उनसे प्रतिदिन मिलने वाले खाने की गुणवत्ता के बारे में पूछा। इस दौरान एसडीएम ने बच्चों से पढ़ाई से संबंधित सवाल भी पूछे। सही जवाब देने वाले विद्यार्थियों को प्रोत्साहित करते हुए उन्होंने मन लगाकर पढ़ाई करने की सलाह दी। उप जिलाधिकारी ने बच्चों को नियमित रूप से स्कूल आने और पढ़-लिखकर अपने माता-पिता का नाम रोशन करने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने विद्यार्थियों से ऐसे बच्चों को भी विद्यालय आने के लिए प्रेरित करने को कहा, जो स्कूल नहीं जाते हैं, और शिक्षकों को इसकी जानकारी देने की अपील की। सरकार द्वारा परिषदीय विद्यालयों में बच्चों को पौष्टिक भोजन उपलब्ध कराने के उद्देश्य से एमडीएम की व्यवस्था की गई है। इसकी गुणवत्ता और विद्यालयों की व्यवस्थाओं की समय-समय पर जांच के लिए अधिकारियों को निर्देश दिए जाते हैं। इसी क्रम में एसडीएम ने विद्यालय पहुंचकर भोजन की गुणवत्ता, बच्चों की उपस्थिति और अन्य व्यवस्थाओं का जायजा लिया। एसडीएम दुर्गेश सिंह ने बताया कि शासन के निर्देश पर जेवर क्षेत्र के विद्यालयों में व्यवस्थाओं और एमडीएम की गुणवत्ता की जांच की जा रही है। निरीक्षण की यह रिपोर्ट उच्च अधिकारियों और शासन को भेजी जाएगी।

## स्कूल में वीडियो बनाया-आप नेता पर मुकदमा दर्ज

**कंपोजिट स्कूल में निरीक्षण के नाम पर जबरन घुसे, स्टूडेंट्स को परेशान किया**

अमन लेखनी समाचार



नोएडा , सेक्टर-51 के होशियारपुर स्थित कंपोजिट विद्यालय में कथित तौर पर निरीक्षण के नाम पर जबरन प्रवेश करने, वीडियो बनाने और शिक्षकों से अभद्रता करने के मामले में आम आदमी पार्टी के पूर्व विधायक प्रत्याशी पंकज अवाना के खिलाफ सेक्टर-49 थाने में केस दर्ज किया गया है। पुलिस ने स्कूल स्टाफ की शिकायत के आधार पर शाम मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पंकज अवाना ने स्कूल में निरीक्षण का एक वीडियो बनाकर एक्स पर पोस्ट किया था। इसमें उन्होंने स्कूल के शौचालयों में गंदगी और पेयजल व्यवस्था पर सवाल उठाए थे। वीडियो में स्कूल की प्रधानाचार्य उन्हें रोकने का प्रयास करती नजर आती हैं। इसी दौरान दोनों के बीच बहस होती दिखाई देती है। चार लोगों के साथ स्कूल पहुंचे थे सेक्टर-115 सोरखा निवासी शिक्षक सत्यबीर यादव ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उनकी सेक्टर-51 होशियारपुर स्थित स्कूल में ड्यूटी थी। दोपहर करीब 12:30 बजे पंकज अवाना चार अन्य लोगों के साथ विद्यालय पहुंचे। शिकायत के मुताबिक, उनके पास स्कूल में प्रवेश और निरीक्षण की कोई आधिकारिक अनुमति नहीं थी। आरोप है कि पंकज अवाना और उनके साथ आए लोग स्कूल के अंदर जाकर वीडियो बनाने लगे। स्टाफ ने इसका विरोध करते हुए वीडियो बनाने से मना किया, लेकिन वे नहीं माने। विरोध करने पर पंकज अवाना पर जोर-जोर से चिल्लाने, अपशब्द कहने और स्टाफ को धमकाने का आरोप लगाया गया है। शिक्षक ने शिकायत में कहा कि इस व्यवहार से उनके साथ ही पूरे स्टाफ के आत्मसम्मान को ठेस पहुंची। स्कूल में 19 महिला और एक पुरुष स्टाफ सदस्य तैनात हैं।

# ओबरा पुलिस द्वारा महज 03 घंटे के अन्दर अपहृत बालक को सकुशल बरामद किया गया

**सीसीटीवी फुटेज, सर्विलांस एवं जनसहयोग की मदद से बालक की सकुशल बरामदगी।**



अमन लेखनी समाचार

सोनभद्र।पुलिस अधीक्षक अभिषेक वर्मा द्वारा बालकों की सुरक्षा, गुमशुदा/अपहत बच्चों की शीघ्र बरामदगी तथा बच्चों से सम्बन्धित घटनाओं में त्वरित एवं संवेदनशील कार्रवाई हेतु चलाए जा रहे अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक नगर अनिल कुमार के निर्देशन एवं क्षेत्राधिकारी ओबरा प्रभात राय के निकट पर्यवेक्षण में प्रभारी निरीक्षक ओबरा सदानन्द राय के नेतृत्व में थाना ओबरा पुलिस को महत्वपूर्ण सफलता प्राप्त हुई है। दिनांक 21.08.2026 को वादी हरिप्रसाद पुत्र बुद्धु निवासी झरिया नाला, ओबरा, थाना ओबरा, जनपद सोनभद्र द्वारा सूचना दी गई कि उनका करीब 13 वर्षीय पुत्र दिनांक 21.08.2026 को समय करीब 17:00 बजे घर से बाजार सब्जी लेने के लिए निकला था, जो वापस घर नहीं आया। काफी खोजबीन एवं रिश्तेदारों के यहां पता करने के बावजूद बालक का कोई पता नहीं चल सका। प्राप्त तहरीर के आधार पर थाना ओबरा पर मु0अ0सं0 180/2026 धारा 137(2) बीएनएस के अन्तर्गत अभियोग पंजीकृत किया गया। प्रकरण की गंभीरता को देखते हुए थाना ओबरा पुलिस द्वारा तत्काल पुलिस टीम गठित कर बालक की तलाश शुरू की गई। पुलिस टीम द्वारा आसपास के क्षेत्रों में लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज खंगालकर उनका विश्लेषण किया गया तथा सर्विलांस के माध्यम से महत्वपूर्ण सुराग जुटाए गए। स्थानीय लोगों एवं जनसहयोग से भी बालक की तलाश की गई पुलिस टीम के अथक प्रयास एवं प्राप्त महत्वपूर्ण सुरागों के आधार पर महज 03 घंटे के अन्दर दिनांक 21.08.2026 को समय करीब 20:00 बजे अपहत बालक को सकुशल बरामद कर लिया गया। बरामद बालक को सकुशल उसके परिजनों के सुपुर्द किया गया।

# जगत कल्याण के लिए अखंड हरिनाम संकीर्तन शुरू



अमन लेखनी समाचार

रेणुकूट/सोनभद्र। जगत कल्याण एवं क्षेत्र की सुख-समृद्धि की कामना को लेकर श्री राधा कृष्णा मंदिर के परिसर में विश्व हिंदू परिषद और बजरंग दल की ओर से अखंड हरिनाम संकीर्तन का आयोजन किया गया। संकीर्तन का शुभारंभ रविवार, 23 अगस्त को सुबह नौ बजे संकल्प के साथ हुआ। इसकी पूणार्हुति सोमवार, 24 अगस्त को होगी। विश्व हिंदू परिषद के जिला अध्यक्ष गोपाल सिंह ने बताया कि जगत कल्याण की भावना से यह अखंड हरिनाम संकीर्तन कई वर्षों से अनवरत आयोजित किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि हरिनाम संकीर्तन से वातावरण भक्तिमय होने के साथ ही लोगों में आध्यात्मिक ऊर्जा और सकारात्मकता का संचार होता है। वीर बहादुर सिंह ने बताया कि इस वर्ष 55 जोड़ों ने संकल्प लेकर अखंड हरिनाम संकीर्तन का शुभारंभ किया है। संकीर्तन में श्रद्धालु लगातार भगवान के नाम का जाप और भजन-कीर्तन कर रहे हैं। आयोजन को लेकर श्रद्धालुओं में खासा उत्साह देखने को मिला।इस अवसर पर मन्दिर के मुख्य पुजारी जयमंगल पाण्डेय, रमाकांत मिश्रा, मिथिलेश मिश्रा, जयप्रकाश शुक्ला तथा व्यापार मंडल अध्यक्ष बृजकिशोर गुप्ता मौजूद रहे ।

# रसोइयों का मानदेय बढ़ा, सोनभद्र में खुशी की लहर

**मानदेय में 1,000 रुपये की बढ़ोतरी कैशलेस इलाज और यूनिफॉर्म-ग्लव्स के लिए भी मिलेगी सहायता।**

अमन लेखनी समाचार



सोनभद्र। उत्तर प्रदेश की योगी सरकार ने परिषदीय विद्यालयों में मध्यान्ह भोजन तैयार करने वाले रसोइयों के मानदेय में 1,000 रुपये प्रतिमाह की बढ़ोतरी की है। अब रसोइयों को 2,000 रुपये के स्थान पर 3,000 रुपये प्रतिमाह मानदेय मिलेगा। सरकार के इस फैसले से सोनभद्र के प्राथमिक और उच्च प्राथमिक विद्यालयों में कार्यरत रसोइयों में खुशी की लहर है। सरकार ने रसोइयों के आर्थिक सशक्तीकरण के साथ उनके स्वास्थ्य और स्वच्छता का भी ध्यान रखा है। इसके तहत रसोइयों को 5 लाख रुपये तक के कैशलेस उपचार की सुविधा देने का निर्णय लिया गया है। इसके अलावा यूनिफॉर्म के लिए 500 रुपये और ग्लव्स के लिए 400 रुपये की अतिरिक्त सहायता भी दी जाएगी। मानदेय में वृद्धि और अन्य सुविधाओं की घोषणा से रसोइयों ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के प्रति आभार जताया है। जिलाधिकारी चर्चित गौड़ ने बताया कि जनपद में कुल 5900 रसोइया विद्यालयों में अपनी सेवा दे रही हैं।

## अब आसानी से मिल जाई इलाज

प्राथमिक विद्यालय दुरावलखुर्द, घोरावल की रसोइया अमरावती देवी ने कहा कि पइसा के तंगी के मारे हम महतारी- बहिन अक्सर आपन तबियत खराब होखी पर भी दर्द दबा के काम करत रहलीं। अब जब बिना पइसा के इलाज होखी, त समय रहते डॉक्टर के देखा लेब आ आपन जान बचा लेब। कंपोजिट विद्यालय डोरिहार, घोरावल की रसोइया लीलावती ने कहा कि पहिले अचानक केहू बेमार पड़त रहे त गहना- गुरिया बंधा धरे या सूद पर करजा लेवे के नौबत आ जात रहे। अब ई सरकारी सुविधा से हमनी के माथा से करजा के डर हमेशा खातिर खतम हो गइल। वहीं, कंपोजिट विद्यालय वीरमंदहा की रसोइया रामवती देवी ने कहा कि मानदेय बढ़ने से परिवार की आर्थिक जरूरतों को पूरा करने में कुछ और सहूलियत होगी। सरकार ने रसोइयों के सम्मान के साथ उनके स्वास्थ्य और सुरक्षा की भी चिंता की है। उन्होंने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के प्रति आभार जताते हुए कहा कि सभी रसोइया बहनें इस फैसले से खुश हैं।

खास समाचार

# जालसाजों ने मोबाइल फोन हैक करके 18 हजार रुपए किया पार

अमन लेखनी समाचार

सरोजनीनगर, लखनऊ। सरोजनीनगर थाना क्षेत्र में करीब साढ़े तीन माह पहले एक व्यक्ति के मोबाइल फोन को हैक कर जालसाजों ने गूगल पे के जरिए उसके बैंक खाते से 18 हजार रुपये निकाल लिए। जानकारी होने के बाद पीड़ित ने साइबर सेल में शिकायत करने के साथ सरोजनीनगर थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है। सरोजनीनगर के बदाली खेड़ा, कानपुर रोड निवासी पंकज शर्मा के मुताबिक, 8 मई 2026 को सुबह करीब 11:08 बजे वह अपने घर पर मोबाइल फोन से बात कर रहे थे। इसी दौरान उनके रियलमी मोबाइल में अचानक सॉफ्टवेयर अपडेट होने लगा। पंकज का कहना है कि कुछ देर बाद उनके मोबाइलपर यूनियन बैंक ऑफ इंडिया की आलमबाग शाखा स्थित खाते से 18 हजार रुपये डेबिट होने का एसएमएस आया। जानकारी करने पर पता चला कि रकम गूगल पे के माध्यम से निकाली गई है।इसके बाद पीड़ित ने आनन फानन साइबर क्राइम हेल्पलाइन नंबर 1930 पर शिकायत दर्ज कराई। बाद में इसकी सूचना सरोजनीनगर थाने पर दी। फिलहाल पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर साइबर सेल की मदद से जालसाजों का पता लगाने और निकाली गई रकम को होल्ड कराकर वापस कराने की कार्रवाई शुरू कर दी है।

# कृष्ण जन्माष्टमी एवं बारावफात पर्व को लेकर थाना घोरावल में आयोजित हुई पीस कमेटी की बैठक

**आपसी सौहार्द एवं शांतिपूर्ण माहौल में पर्व मनाने की अपील।**

अमन लेखनी समाचार

सोनभद्र। आगामी कृष्ण जन्माष्टमी एवं बारावफात पर्व को सकुशल शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में सम्पन्न कराने के दृष्टिगत उपजिलाधिकारी घोरावल एवं क्षेत्राधिकारी घोरावल राजेश राय द्वारा थाना घोरावल परिसर में पीस कमेटी की बैठक आयोजित की गई। बैठक में क्षेत्र के संभ्रांत नागरिकों, धर्मगुरुओं, ग्राम प्रधानों एवं दोनों समुदायों के गणमान्य व्यक्तियों से संवाद स्थापित कर आगामी पर्वों के संबंध में आवश्यक जानकारी प्राप्त की गई। अधिकारियों द्वारा सभी से आपसी भाईचारा, सौहार्द एवं शांति बनाए रखते हुए पर्व मनाने की अपील की गई। बैठक के दौरान पर्वों के अवसर पर निकलने वाले जुलूस, धार्मिक कार्यक्रमों, यातायात व्यवस्था एवं सुरक्षा-व्यवस्था के संबंध में आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। साथ ही उपस्थित लोगों से अपील की गई कि किसी भी प्रकार की अफवाह पर ध्यान न दें तथा सोशल मीडिया पर भ्रामक अथवा आपत्तिजनक सामग्री का प्रसार न करें। किसी भी संदिग्ध गतिविधि अथवा समस्या की सूचना तत्काल पुलिस को दें।

# चोपन पुलिस द्वारा चोरी की घटना मे 11 किग्रा कॉपर वायर के साथ 02 अभियुक्त गिरफ्तार

अमन लेखनी समाचार

सोनभद्र।पुलिस अधीक्षक अभिषेक वर्मा के निर्देशन में चोरी की घटना का सफल अनावरण एवं अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक अनिल कुमार एवं क्षेत्राधिकारी नगर रणधीर कुमार मिश्रा के पर्यवेक्षण तथा प्रभारी निरीक्षक चोपन के कुशल नेतृत्व में थाना चोपन पुलिस टीम को बड़ी सफलता प्राप्त हुई। थाना चोपन पुलिस टीम द्वारा संदिग्ध व्यक्तियों एवं वाहनों की चेकिंग के दौरान बग्घा नाला पर वाराणसी- शक्तिनगर हाइवे के ओबरा अण्डरपास के डाला से ओबरा जाने वाले अन्दर के सर्विस लेन से दिनांक 22.08.2026 को थाना चोपन पर पंजीकृत मु0अ0सं0 323/2026, धारा 303(2), 317(2) बीएनएस से संबंधित 02 अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया।

# शक्तिनगर पुलिस द्वारा चोरी के मुकदमे मे 01 अभियुक्त गिरफ्तार



09 बंडल कंडक्टर वायर बरामद

अमन लेखनी समाचार

सोनभद्र।पुलिस अधीक्षक अभिषेक वर्मा के निर्देशन में अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध तथा चोरी की घटनाओं के सफल अनावरण हेतु चलाए जा रहे अभियान के क्रम में, अपर पुलिस अधीक्षक नगर अनिल कुमार थाना शक्तिनगर पुलिस को महत्वपूर्ण सफलता प्राप्त हुई है। थाना शक्तिनगर पर पंजीकृत मु0अ0सं0 155/2026 धारा 303(2) बीएनएस से संबंधित चोरी की घटना के सफल अनावरण हेतु विवेचक उ0नि0 रंजीत कुमार द्वारा अभियुक्तों की गिरफ्तारी एवं माल बरामदगी के लिए लगातार सुरागरसी- पतारसी की जा रही थी। इसी क्रम में दिनांक 22.06.2026 को समय 20:55 बजे थाना शक्तिनगर पुलिस टीम द्वारा ठउछ के सुरक्षा अधिकारी/कर्मचारियों के सहयोग से प्रभावी कार्रवाई करते हुए चोरी के 09 बंडल कंडक्टर वायर के साथ 01 अभियुक्त को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्त की निशानदेही/कब्जे से चोरी का उक्त माल बरामद किया गया। गिरफ्तारी एवं बरामदगी के आधार पर अभियोग में धारा 317(2) बीएनएस की बढ़ोत्तरी की गई है।

# आश्रम परिसर में निःशुल्क चिकित्सा सेवा, मरीजों को मिला लाभ

रेणुकूट। पिपरी स्थित श्री अनंत पद्मावती सेवा आश्रम परिसर में रविवार को निःशुल्क चिकित्सा सेवा का आयोजन किया गया। इस दौरान बाल रोग विशेषज्ञ डॉ. आनंद पटेल ने मरीजों का स्वास्थ्य परीक्षण किया और उनकी समस्याओं का समाधान किया। पिपरी और रेणुकूट क्षेत्र सहित आसपास के इलाकों के लोगों ने इस सेवा का लाभ उठाया। डॉ. आनंद पटेल ने बताया कि बदलते मौसम में लोगों को सतर्क रहने की आवश्यकता है। इस समय वायरल फीवर तेजी से फैल रहा है, इसलिए सभी को स्वच्छता और खानपान पर विशेष ध्यान देना चाहिए। उन्होंने कहा कि समय पर इलाज और सावधानी से बीमारी को रोका जा सकता है। आश्रम संचालक पंडित वीर विक्रम नारायण पांडेय ने बताया कि प्रत्येक रविवार को आश्रम परिसर में निःशुल्क चिकित्सा सेवा का आयोजन किया जाता है। इस सेवा का विशेष लाभ नगर और आसपास के क्षेत्र में झुग्गी-झोपड़ी में रहने वाले गरीब एवं जरूरतमंद लोग उठाते हैं।

# सोनभद्र में भारी वर्षा की संभावना के दृष्टिगत जिला प्रशासन ने जारी की चेतावनी, आमजन से सतर्क रहने की अपील

अमन लेखनी समाचार



सोनभद्र। भारत मौसम विज्ञान विभाग, क्षेत्रीय मौसम केन्द्र लखनऊ द्वारा जारी प्रभाव आधारित मौसम पूर्वानुमान एवं चेतावनी के अनुसार जनपद सोनभद्र में दिनांक 23 अगस्त 2026 से आगामी दिनों में वर्षा एवं गरज-चमक के साथ बौछारें पड़ने की संभावना व्यक्त की गई है। विशेष रूप से 23 अगस्त शाम से सोनभद्र एवं आसपास के क्षेत्रों में भारी वर्षा तथा 24 से 27 अगस्त के दौरान कहीं-कहीं भारी वर्षा की संभावना जताई गई है। जारी पूर्वानुमान के दृष्टिगत जिला प्रशासन द्वारा जनपदवासियों से सतर्कता एवं सावधानी बरतने की अपील की गई है। भारी वर्षा के कारण निचले क्षेत्रों में जलभराव अथवा अस्थायी बाढ़, मौसमी नदी-नालों के जलस्तर में अचानक वृद्धि, कच्चे एवं असुरक्षित भवनों को क्षति, विद्युत व्यवस्था में व्यवधान तथा फिसलन एवं कम दृश्यता के कारण यातायात प्रभावित होने की संभावना है।जिलाधिकारी/अध्यक्ष, जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण ने आमजन से अपील की है कि भारी वर्षा के दौरान नदी, नालों एवं जलाशयों के समीप जाने से बचें तथा उफनते नदी-नालों को पार करने का प्रयास न करें। निचले एवं जलभराव वाले क्षेत्रों में विशेष सतर्कता बरतें तथा कच्चे अथवा जर्जर भवनों से सुरक्षित स्थानों पर चले जाएं। गड्ढों, पोखरों एवं तालाबों में स्नान करने से बचें तथा खतरे के निशान के आसपास बह रही नदियों से दूर रहें।

# लोक संस्कृति संरक्षण केन्द्र के तत्वावधान में कजली मल्हार उत्सव का भव्य आयोजन

**, कजली की तान पर झूमा पूरा मीरजापुर**

**लोक संस्कृति संरक्षण केन्द्र के तत्वावधान में कजली मल्हार उत्सव का भव्य आयोजन, कजली की तान पर झूमा मीरजापुर**



अमन लेखनी समाचार

मीरजापुर। लोक संस्कृति संरक्षण केन्द्र के तत्वावधान में आयोजित एक दिवसीय कजली मल्हार उत्सव का भव्य और रंगारंग आयोजन षनिवार को सम्पन्न हो गया। सावन की काली घटाओं के बीच कजरी की मधुर तानों ने पूरे नगर को लोक संगीत में सराबोर कर दिया। कार्यक्रम का शुभारंभ नगर विधायक श्री रत्नाकर मिश्र, जिलाध्यक्ष भाजपा लालबहादुर सरोज कुलपति जगद्गुरु रामभद्राचार्य दिव्यांग राज्य विश्वविद्यालय, चित्रकूट प्रोफेसर शिशिर पाण्डेय एवं अध्यक्ष नगर पालिका परिषद मीरजापुर श्री श्याम केशरी व अष्ट कौशल महंत डा योगानंद गिरी महाराज बूढ़े नाथ मंदिर ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्ज्वलित कर किया। कार्यक्रम में लगभग 40 से अधिक लोक कलाकारों ने अपनी प्रस्तुति देकर दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया, वहीं कु0 सिद्धिका, अनुश्का व वैभवी ने कजली लोकगीत नृत्य कर लोगों को अपनी तरफ आकर्शित किया। कार्यक्रम का शुभारंभ शाम 6 बजे वैदिक मंत्रोच्चार के बीच दीप प्रज्ज्वलन से हुआ। अतिथियों को जिला सूचना अधिकारी द्वारा ओमप्रकाष उपाध्याय पुश्प गुच्छ, मोमेण्टो व स्मृति चिन्ह देकर उनका स्वागत एवं अभिनन्दन किया। मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित नगर विधायक रत्नाकर मिश्र ने कहा कि कजरी केवल एक गीत नहीं, बल्कि पूर्वांचल की आत्मा है। उन्होंने कहा कि सावन में जब महिलाएं झूला झूलते हुए कजरी गाती हैं तो उसमें विरह, प्रेम और प्रकृति का अद्भुत संगम देखने को मिलता है। मीरजापुर तो कजली की जन्मभूमि है, ऐसे आयोजनों से हमारी युवा पीढ़ी अपनी जड़ों से जुड़ेगी। भाजपा जिलाध्यक्ष बृजभूषण सिंह ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की मंशा है कि लोक कलाओं को बढ़ावा दिया जाए। लोक संस्कृति संरक्षण केन्द्र का यह प्रयास सराहनीय है कि वह कजरी जैसी लुप्त हो रही विधा को मंच दे रहा है। सरकार लोक कलाकारों के कल्याण के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है। जगद्गुरु रामभद्राचार्य दिव्यांग राज्य विश्वविद्यालय, चित्रकूट के कुलपति प्रो. शिशिर कुमार पाण्डेय ने कहा कि कजरी में भक्ति रस भी है। राधा-कृष्ण की लीलाओं का वर्णन कजरी में बड़े ही सुंदर ढंग से होता है। यह विधा साहित्यिक दृष्टि से भी बहुत समृद्ध है। प्रेमघन जी ने भी कजली को साहित्य में स्थान दिया था। नगर पालिका अध्यक्ष श्यामसुंदर केशरी ने कहा कि पालिका ऐसे सांस्कृतिक आयोजनों को हमेशा सहयोग देती रहेगी।

# पीएम पोषण योजना के रसोइयों को बड़ी सौगात, बढ़ा मानदेय और मिला 5 लाख तक कैशलेस इलाज का सुरक्षा कवच

अमन लेखनी समाचार

सोनभद्र। विद्यालयों में बच्चों के पोषण की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी निभा रहे रसोइयों के सम्मान, स्वास्थ्य सुरक्षा और आर्थिक सशक्तीकरण की दिशा में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी ने महत्वपूर्ण सौगातें दी हैं। पीएम पोषण योजना के अंतर्गत आयोजित रसोइया सम्मान समारोह एवं कैशलेस चिकित्सा कार्ड वितरण कार्यक्रम का सजीव प्रसारण रविवार को कलेक्ट्रेट सभागार, सोनभद्र में राज्य मंत्री, समाज कल्याण विभाग संजीव कुमार गोंड जी की गरिमामयी उपस्थिति में देखा एवं सुना गया। मुख्यमंत्री जी द्वारा रसोइयों का मासिक मानदेय 2,000 से बढ़ाकर 3,000 किए जाने की घोषणा की गई। इसके साथ ही रसोइयों एवं उनके परिवार को 5 लाख तक वार्षिक कैशलेस चिकित्सा सुविधा का स्वास्थ्य सुरक्षा कवच प्रदान किया गया है। साड़ी/यूनिफॉर्म के लिए मिलने वाले 500 के वार्षिक भत्ते को बढ़ाकर 1,000 कर दिया गया है। साथ ही दुर्घटना में मृत्यु की स्थिति में 2 लाख की आर्थिक सहायता का प्रावधान किया गया है।

## रसोइयों का सम्मान उनके सेवाभाव और परिश्रम का सम्मान—मा0 राज्य मंत्री

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए राज्य मंत्री समाज कल्याण विभाग संजीव कुमार गोंड जी ने कहा कि विद्यालयों में बच्चों को पौष्टिक भोजन उपलब्ध कराने में रसोइयों की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। रसोइये पूरी निष्ठा और सेवाभाव के साथ बच्चों के स्वास्थ्य एवं पोषण की जिम्मेदारी निभा रहे हैं। मुख्यमंत्री जी द्वारा मानदेय बढ़ाने के साथ स्वास्थ्य सुरक्षा एवं अन्य आर्थिक सुविधाओं का विस्तार उनके परिश्रम के प्रति सम्मान और सरकार की संवेदनशीलता का परिचायक है उन्होंने कहा कि रसोइयों को आर्थिक रूप से सशक्त करने के साथ उनके परिवारों को स्वास्थ्य सुरक्षा प्रदान करने का यह निर्णय उनके जीवन में सकारात्मक बदलाव लाएगा। प्रदेश सरकार समाज के प्रत्येक वर्ग के कल्याण एवं सामाजिक सुरक्षा के लिए प्रतिबद्ध होकर कार्य कर रही है।

## बच्चों के बेहतर पोषण की मजबूत कड़ी हैं रसोइये—जिलाधिकारी

जिलाधिकारी चर्चित गौड़ ने कहा कि पीएम पोषण योजना बच्चों के स्वास्थ्य, शिक्षा एवं समग्र विकास से सीधे जुड़ी महत्वपूर्ण योजना है और इसके सफल क्रियान्वयन में रसोइयों की भूमिका आधारभूत है। प्रतिदिन विद्यालयों में बच्चों के लिए भोजन तैयार करने वाले रसोइयों का परिश्रम बच्चों के बेहतर पोषण और स्वस्थ भविष्य की मजबूत कड़ी है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री जी द्वारा रसोइयों के मानदेय में वृद्धि, परिवार सहित कैशलेस चिकित्सा सुविधा, साड़ी/यूनिफॉर्म भत्ते में वृद्धि तथा दुर्घटना की स्थिति में आर्थिक सहायता का प्रावधान उनके सम्मान, सामाजिक सुरक्षा और आर्थिक संबल को सुदृढ़ करने की दिशा में महत्वपूर्ण पहल है। जनपद में पीएम पोषण योजना के प्रभावी क्रियान्वयन के साथ बच्चों को निर्धारित मानकों के अनुरूप गुणवत्तापूर्ण एवं पौष्टिक भोजन उपलब्ध कराया जाना सुनिश्चित किया जा रहा है। कार्यक्रम के समापन पर मुख्य विकास अधिकारी सुश्री जागृति अवस्थी ने राज्य मंत्री, जनप्रतिनिधिगण, अधिकारियों, रसोइयों एवं उपस्थित सभी प्रतिभागियों के प्रति आभार व्यक्त करते हुए धन्यवाद ज्ञापित किया।

# मिशन शक्ति के अंतर्गत महिला सुरक्षा, सम्मान की ओर सशक्त पहल

**महिला सुरक्षा एवं साइबर अपराधों के प्रति किया गया जागरूक**

अमन लेखनी समाचार



सोनभद्र। महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा, सम्मान एवं सशक्तिकरण को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए सोनभद्र पुलिस द्वारा मिशन शक्ति 5.0 के दूसरे चरण के अंतर्गत जनपद में व्यापक एवं प्रभावी जनजागरूकता अभियान संचालित किया जा रहा है। पुलिस अधीक्षक अभिषेक वर्मा के कुशल निर्देशन में जनपद के समस्त थाना क्षेत्रों में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित कर समाज के सभी वर्गों को जागरूक किया जा रहा है। अभियान के अंतर्गत महिलाओं एवं बच्चों से संबंधित प्रमुख सामाजिक विषयों–जैसे लिंगानुपात, लैंगिक समानता, बाल विवाह, लैंगिक शोषण, महिलाओं एवं बच्चों के प्रति होने वाली हिंसा, साक्षरता एवं स्वास्थ्य–पर विशेष रूप से प्रकाश डालते हुए जनमानस को जागरूक किया गया। इस क्रम में जनपद के समस्त थानों की मिशन शक्ति टीमों द्वारा विद्यालयों, महाविद्यालयों, कोचिंग संस्थानों, बाजारों एवं ग्राम सभाओं में संवाद कार्यक्रम आयोजित कर महिलाओं एवं बालिकाओं को गुड टच-बैड टच, आत्मरक्षा के उपाय, महिला उत्पीड़न से संबंधित विधिक अधिकारों, तथा विभिन्न हेल्पलाइन सेवाओं की विस्तृत जानकारी प्रदान की गई। साथ ही साइबर अपराधों के बढ़ते खतरे को दृष्टिगत रखते हुए ऑनलाइन फ्रॉड, फर्जी कॉल/लिंक, सोशल मीडिया के दुरुपयोग, बैंकिंग धोखाधड़ी एवं डळढ साझा न करने के संबंध में विशेष जागरूकता उत्पन्न की गई।

## महत्वपूर्ण हेल्पलाइन नंबर

112-आपातकालीन सेवा

1090 / 1091-महिला सुरक्षा हेल्पलाइन

181-महिला हेल्पलाइन

1930-साइबर अपराध हेल्पलाइन

1076-मुख्यमंत्री हेल्पलाइन

# पंचायत सहायकों का एक दिवसीय प्रशिक्षण शिविर संपन्न



अमन लेखनी समाचार

मीरजापुर । छानबे ब्लॉक मुख्यालय विजयपुर के सभागार में पंचायत सहायकों का एक दिवसीय प्रशिक्षण शिविर आयोजित किया गया। राष्ट्रीय ग्राम स्वराज योजना के अंतर्गत आयोजित प्रशिक्षण का विषय ग्राम पंचायतों में ओएसआर (डद्दल्ल रङ्ग४श्ृ फीप्रील्ल४ी) का निर्माण रहा। प्रशिक्षण का उद्देश्य ग्राम पंचायतों को स्वयं की आय के स्रोत विकसित कर आर्थिक रूप से सशक्त बनाना रहा। प्रशिक्षण शिविर में क्षेत्र के सभी पंचायत सहायकों ने प्रतिभाग किया। पंचायत सहायक विंध्यप्रकाश जायसवाल एवं आलोक शुक्ला ने दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस दौरान पंचायत सहायकों को ग्राम पंचायतों में स्वयं के आय-स्रोत विकसित करने तथा ओएसआर के माध्यम से पंचायत की आय बढ़ाने से संबंधित जानकारी दी गई। प्रशिक्षण में पंचायत सहायक सूबेदार यादव, करफूलाल, विंध्य प्रकाश जायसवाल, आलोक शुक्ला, अर्चना देवी, इंदु मौर्या, सीमा गौतम, अनिल बिंद, अंजनी कुमार मौर्या, रोशन लाल एवं सुमेश प्रजापति सहित अन्य पंचायत सहायक उपस्थित रहे।

**अमन लेखनी (हिन्दी दैनिक)**

स्वामी, प्रकाशक एवं मुद्रक श्रीमती अखिलेश सिंह द्वारा अवध एक्सप्रेस प्रकाशन, 434, सिविल लाइन, जेल रोड, उन्नाव, उत्तर प्रदेश से मुद्रित और ग्राम व पोस्ट- बनी, थाना- बन्थरा, लखनऊ-226401 (उ.प्र.) से प्रकाशित।


सम्पादक– श्रीमती अखिलेश सिंह

समाचार सम्पादक – रुद्र प्रताप सिंह

समाचार से संबंधित सभी विवादों का न्यायिक क्षेत्र लखनऊ होगा।

मो. - 9838159555, 9935457982

E-mail address amanlekhaninews@gmail.com



# क्राइम-ड्रामा वेब सीरीज 'आश्रम 4' का ऐलान

मुंबई। बॉबी देओल की अदाकारी वाली वेब सीरीज 'आश्रम' की अगली कड़ी का ऐलान हो गया है। प्रकाश झा प्रोडक्शंस ने इंस्टाग्राम पर इसकी जानकारी दी है। 'आश्रम' सीरीज के सभी पार्ट को दर्शकों ने प्यार दिया है। 'आश्रम 4' का ऐलान करते हुए सोशल मीडिया पर एक तस्वीर शेयर की गई है। तस्वीर शेयर करते हुए प्रोडक्शन हाउस ने कैप्शन में लिखा 'एक और आरंभ। आश्रम के नए अध्याय में आपका स्वागत है। जापनाम। आश्रम 4 की शूटिंग हो रही है।' बता दें कि आश्रम (सीजन 1) 2020 में, आश्रम चैप्टर 2 (सीजन 2) 2020 में और आश्रम 3 (सीजन 3) 2022 में रिलीज हुईं। सभी सीजन के निर्देशक प्रकाश झा हैं।



लाइफ Style

# नयनतारा

## 2-3 हजार थी पहली सैलरी, आज करोड़ों की हैं मालकिन

नयनतारा और कविन अपनी आने वाली रोमांटिक ड्रामा फिल्म 'हाय' की रिलीज की तैयारी कर रहे हैं। हाल ही में एक इंटरव्यू में नयनतारा ने अपनी पहली नौकरी के बारे में बात की और बताया कि उन्हें अपनी पहली सैलरी के तौर पर कितने पैसे मिले थे।

एजेंसी ⏭ मुंबई

एक्ट्रेस ने बताया कि उन्हें अपने पहले प्रोफेशनल असाइनमेंट के लिए सिर्फ 2,000-3,000 रुपए मिले थे। आज 'लेडी सुपरस्टार' करोड़ों की मालकिन हैं और उनका खुद का प्रोडक्शन हाउस भी है। उन्होंने इस बातचीत के दौरान अपने संघर्ष के दिनों के बारे में खुलकर बात की। एक बातचीत के दौरान, नयनतारा से उनकी पहली नौकरी और पहली सैलरी के बारे में पूछा गया। उन्होंने बताया कि उन्होंने एक मॉडल के तौर पर शुरुआत की थी और याद करते हुए कहा, 'मुझे लगता है कि यह एक कवर शूट के लिए था। मुझे लगता है कि मुझे एक फैशन प्रोग्राम के लिए बुलाया गया था।' फिर उन्होंने बताया कि उन्हें उस असाइनमेंट के लिए लगभग 2,000-3,000 रुपये मिले थे। पर्ल ने मजाकिया अंदाज में एक किस्सा सुनाते हुए कहा, 'मुझे अपने पिता के नाखून काटने के लिए 500 रुपये मिले थे।' नयनतारा ने अपने करियर की शुरुआत 2003 में 'मनस्सिनाक्कारे' फिल्म से की थी। उन्हें फिल्ममेकर सत्यन अंथिकाड ने 'वनिता' मैगजीन में उनकी एक फोटो देखकर चुना था, जब वह एक मॉडल के तौर पर काम कर रही थीं। शुरू में उनका एक्टिंग में आने का कोई प्लान नहीं था, लेकिन उन्होंने गौरी का रोल स्वीकार कर लिया।

हॉलीवुड मसाला




# समय बर्बाद होने का होता है पछतावा

लॉस एंजिल्स। हॉलीवुड स्टार एंड्रयू गारफील्ड ने आखिरकार यह स्वीकार कर लिया है कि उनका एक सीक्रेट इंस्टाग्राम हैंडल है। साथ ही उन्होंने बताया कि सोशल मीडिया पर वे भी उतने ही एक्टिव हैं, जितना कि कोई अन्य। इतना ही नहीं, उन्होंने माना कि कई बार इंस्टाग्राम पर नोटिफिकेशंस उन्हें डराते हैं। समय बर्बाद होने का मुझे पछतावा है। गारफील्ड ने कहा, 'सोशल मीडिया का मैं भी उतना ही आदी हूं, जितना कोई और हो सकता है। गारफील्ड ने कहा, जब आप इस पर गौर करते हैं, तो यह काफी परेशान करने वाली बात लगती है।



# वजन कम करने का अनुभव किया साझा

लॉस एंजिल्स। म्यूजिक प्रोड्यूसर बेनी ब्लैंको ने काफी वजन कम कर लिया है। इसके लिए उन्होंने एक अजीबो-गरीब डाइट प्लान पर अमल किया। वजन कम करने के अपने इस अनुभव को बेन ब्लैंको ने साझा किया है। बेनी ब्लैंको ने एक अनोखे डाइट एक्सपेरिमेंट के तहत पांच दिन तक सिर्फ पिज्जा खाकर लगभग पांच पाउंड वजन कम किया। इस एक्सपेरिमेंट का मकसद यह साबित करना था कि कोई भी खाना खाकर वजन कम किया जा सकता है। 38 साल के बेनी ब्लैंको ने 19 अगस्त को पोस्ट किए गए एक टिकटॉक वीडियो में अपने एक्सपेरिमेंट के नतीजे शेयर किए। वह इस वीडियो में कहते हैं, 'मैं साबित करना चाहता था कि सचमुच कुछ भी खाकर वजन कम किया जा सकता है।' बेनी ने पूरे हफ्ते के लिए डोमिनोज का एक बड़ा थिन-क्रस्ट चीज पिज्जा चुना।



# द रिवोल्यूशनरीज का गाना जय दुर्गा रिलीज

नई दिल्ली। वेब सीरीज 'द रिवोल्यूशनरीज' का गाना 'जय दुर्गा' रिलीज हो गया है। यह भक्ति सॉन्ग है, जो मां दुर्गा के अलग-अलग रूपों को समर्पित है। देश की आजादी से पहले 1857 की क्रांति के दौर पर आधारित वेब सीरीज का दर्शक बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। बीते दिनों इस पीरियड एक्शन सीरीज के किरदारों से पर्दा उठाया गया था। 'द रिवोल्यूशनरीज' में भुवन बाम, गुरफतेह सिंह और प्रतिभा रांटा अहम भूमिकाओं में हैं। आज शुक्रवार को सीरीज का गाना 'जय दुर्गा' रिलीज हो गया है। इस गाने को श्रेयस प्रशांत पुराणिक के कंपोज किया है। वहीं इसे श्रेयस प्रशांत पुराणिक, राजा हसन, अल्तमश फरीदी और दिव्या कुमार ने अपनी दमदार आवाज से सजाया है। सिद्धार्थ-गरिमा वाहल ने गाना लिखा है। गाने को बड़ी खूबसूरती से फिल्माया गया है।




# एडवांस बुकिंग में टॉक्सिक का जलवा

मुंबई। अब फिल्म 'टॉक्सिक' ने एडवांस बुकिंग में कई बड़ी फिल्मों को पीछे छोड़ दिया है। रविवार सुबह तक बुक माय शो पर 'टॉक्सिक' हर घंटे करीब 10 हजार टिकट बेच रही थी। रिलीज से चार दिन पहले यह एक बड़ी संख्या है। फिल्म ने सिर्फ 48 घंटे में एडवांस बुकिंग से 18 करोड़ रुपए का आंकड़ा पार कर लिया। फिल्म के हिंदी डब वर्जन को भी इंडस्ट्री की उम्मीद से बेहतर रिस्पॉन्स मिल रहा है। रविवार सुबह 8 बजे तक हिंदी वर्जन ने सिर्फ पहले दिन की एडवांस बुकिंग से 8 करोड़ रुपए की ग्रॉस कमाई कर ली थी। फिल्म ने एडवांस बुकिंग की रफ्तार में कई बड़ी फिल्मों को पीछे छोड़ दिया है। इनमें ये फिल्में शामिल हैं- शाहरुख खान की 'वान(1.5 लाख टिकट), रणवीर सिंह की 'रंधर 2 (1.3 लाख टिकट), रणबीर कपूर की 'एनिमल' (55 हजार टिकट)।

टीवी मसाला



# किताबें खरीदने तक के नहीं थे पैसे एक करोड़ के सवाल तक पहुंचीं रुचिता

नई दिल्ली। महानायक अमिताभ बच्चन होस्टेड रियलिटी टीवी शो 'कौन बनेगा करोड़पति' में अब तक कई बार यह साबित हो चुका है कि चुनौतियां आपके अच्छी शिक्षा पाने के आड़े नहीं आ सकतीं। रुचिता ने बताया वह एक स्टूडेंट हैं और एसएससी की परीक्षा देने की इच्छुक हैं। रुचिता ने शो पर बताया कि उनके पास अपनी किताबें खरीदने तक के पैसे नहीं होते हैं। वह मुंबई के धारावी में अपने माता-पिता और भाई के साथ 10 फुट के छोटे से कमरे में रहती हैं। फैमिली की आर्थिक स्थिति खराब है, क्योंकि रुचिता के पिता प्रतिदिन केवल 600 रुपए कमाते हैं। शो के हालिया एपिसोड में मुंबई की रुचिता अधलराव एक करोड़ रुपये के पड़ाव तक पहुंच गईं। रुचिता ने बताया कि उनके पास खुद का घर नहीं है और वह मुंबई के धारावी की एक चॉल में परिवार के साथ रहती हैं। यूं तो रुचिता के लिए खुद का घर बनाने को 25 लाख रुपए काफी थे, लेकिन खेल तो आगे बढ़ना ही था। शुक्रवार को जब उन्होंने हॉट सीट पर बैठकर खेल आगे शुरू किया तो उनके पास 2 लाइफलाइन बाकी रह गई थीं। एक लाइफलाइन का इस्तेमाल करके उन्होंने 50 लाख रुपये के सवाल का सही जवाब दिया। इसके बाद आई वो चुनौती, जिसे पार करके वह 1 करोड़ की धनराशि जीत सकती थीं। तो चलिए जानते हैं कि क्या था यह 1 करोड़ रुपये का सवाल और क्या रुचिता इसका सही जवाब दे पाईं? सवाल था: किस क्रिकेटर के नाम यह अनोखा रिकॉर्ड है कि वह टेस्ट मैच की दोनों पारियों में एक ही गेंदबाज की हैट्रिक का हिस्सा बनकर आउट हुए हैं?

## सद्गुरु की सलाह पर एक्टिंग छोड़ खेती करने लगे थे

नई दिल्ली। 'साराभाई वर्सेज साराभाई' में रोसेश साराभाई का किरदार निभाकर घर-घर में मशहूर हुए एक्टर राजेश कुमार एक बार फिर चर्चा में हैं। अभिनेता ने हाल ही में अपने कॅरियर के उस फेज के बारे में बात की जब उन्होंने एक्टिंग छोड़ दी थी और खेती शुरू कर दी थी। राजेश कुमार 2017 में एक्टिंग छोड़कर अपने होमटाउन गया चले गए और खेती करने लगे। राजेश कुमार ने उनके फैंस सहित कइयों को चौंका दिया। अभिनेता के कई फैंस उनके इस फैसले से निराश भी हो गए थे, हालांकि बाद में उन्होंने एक्टिंग में वापसी कर ली। अब राजेश कुमार ने इस फैसले के बारे में खुलकर बात की और बताया कि आध्यात्मिक गुरु सद्गुरु से हुई बातचीत के बाद उन्होंने ये फैसला लिया था। एक बातचीत में एंटरटेनमेंट इंडस्ट्री छोड़कर बागवानी करने के अपने फैसले के बारे में बात की। इस दौरान उन्होंने ये भी बताया कि एक समय पर वह 2 करोड़ से ज्यादा के कर्ज में डूब गए थे। ऐसे में उन्होंने बेटे के स्कूल के बाहर सब्जियां तक बेचीं।



# भंसाली की माइथोलॉजिकल फिल्म में करीना की एंट्री, धनुष भी आएंगे नजर


नई दिल्ली। इसे संजय लीला भंसाली एक पौराणिक जंगल एडवेंचर फिल्म बना रहे हैं। रिपोर्ट्स के मुताबिक इसमें करीना कपूर खान नजर आएंगी। उनके अलावा साउथ एक्टर धनुष भी लीड रोल में होंगे। फिल्म के निर्देशन की कमान पीएस मित्रन संभालेंगे। हाल ही में मिथ्रन ने फिल्म को लेकर अपडेट शेयर किया है। निर्देशक पीएस मित्रन ने बताया कि संजय लीला भंसाली के प्रोडक्शन में बनने वाली एक फिल्म के लिए करीना कपूर खान और धनुष के साथ बातचीत चल रही है। पीएस मित्रन इन दिनों 'सरदार 2' के प्रमोशन में व्यस्त हैं। इस दौरान 'सिनेमा विकटन' से बात करते हुए मित्रन ने कहा, 'करीना और धनुष से बातचीत चल रही है, हम कन्फर्मेशन के लिए तारीखें देख रहे हैं।

उम्मीद है कि इससे कुछ अच्छा नतीजा निकलेगा'। मित्रन के इस अपडेट के बाद भंसाली के प्रोडक्शन में बनने वाली फिल्म के लिए करीना और धनुष के साथ आने की खबरों ने जोर पकड़ लिया है। रिपोर्ट्स के मुताबिक, इस फिल्म को बड़े पैमाने पर बनाए जाने की तैयारी है। बॉलीवुड हंगामा की एक रिपोर्ट के मुताबिक, यह प्रोजेक्ट अभी लिखने के स्टेज पर है और फाइनल होने से पहले इसकी स्क्रिप्ट को कई बार फिर से लिखा गया है। उसी रिपोर्ट में यह भी कहा गया है कि नवंबर 2026 में प्री-प्रोडक्शन शुरू होने की उम्मीद है। वहीं, जनवरी 2027 में मुख्य शूटिंग की योजना है। अगर यह प्रोजेक्ट आगे बढ़ता है, तो यह हिंदी सिनेमा में मित्रन के निर्देशन में बनने वाली पहली फिल्म होगी। इसी के साथ इस फिल्म में धनुष और करीना कपूर खान पहली बार एक साथ स्क्रीन शेयर करेंगे। वहीं, 2000 के दशक की शुरुआत में मनमुटाव के बाद संजय लीला भंसाली के साथ करीना इस फिल्म में पहली बार काम करेंगी। बता दें कि संजय लीला भंसाली ने साल 2002 में फिल्म 'देवदास' बनाई थी। कथित तौर पर इस फिल्म के लिए करीना कपूर को पारो की भूमिका के लिए अप्रोच किया था। अभिनेत्री ने स्क्रीन टेस्ट भी दिया था।



# कलाकार की काबिलियत को फिल्म की कमाई से नहीं मापा जा सकताः सैयामी

मुंबई। अभिनेत्री सैयामी खेर अपनी अपकमिंग फिल्म 'हैवान' को लेकर चर्चा में हैं। इस बीच उन्होंने अपनी फिल्म घूमर और 8 एएम मेट्रो के परफॉर्मेंस को लेकर बात की है। उन्होंने इस बात पर भी प्रकाश डाला है कि किसी कलाकार की काबिलियत को हमेशा फिल्म की कमाई से नहीं मापा जा सकता। अभिनेत्री ने कहा कि बॉक्स ऑफिस कलेक्शन यह नहीं दिखाता कि किसी कलाकार को दर्शकों से कितना सम्मान मिलता है। अभिनेत्री का कहना है कि 1000 करोड़ रुपए की फिल्म सम्मान की गारंटी नहीं देती। उन्होंने कहा कि मैं '8 एएम मेट्रो' जैसी फिल्म करके संतुष्ट हूं। यह यूट्यूब पर बड़ी हिट हुई और बाद में एक ओटीटी प्लेटफॉर्म ने इसे खरीद लिया। जब तक वह यूट्यूब पर बड़ी हिट नहीं हुई, तब तक कोई उसे खरीद नहीं रहा था। मुझे लगता है कि '8 एएम मेट्रो' से मुझे जो सम्मान मिला है, वह मुझे किसी और फिल्म से नहीं मिला। कलाकार के भविष्य के मौकों को बॉक्स ऑफिस परफॉर्मेंस से जोड़ने की आदत के बारे में सैयामी ने कहा... 'मुझे लगता है कि बॉलीवुड में बॉक्स ऑफिस के बारे में बहुत बात होती है। पकी अगली फिल्म इस बात पर निर्भर करती है कि उसने कितना पैसा कमाया है, जो दुखद है। यह काबिलियत पर कम और इस बात पर ज्यादा निर्भर करता है कि आपकी फिल्म कितना पैसा कमाती है। हालांकि यह एक कारोबार है। खेर ने उन फिल्ममेकर्स से मिले सम्मान के बारे में भी बात की जिन्होंने मार्केट के दबाव के बावजूद उनके साथ काम करने का फैसला किया। उन्होंने कहा 'घूमर' को कोई भी बड़ा स्टार मिल सकता था, लेकिन आर. बाल्की सर ने कहा 'तुम इस स्क्रिप्ट के लिए सबसे सही इंसान हो।



## 67 साल बाद भी भाई-बहनों का फेवरेट है यह अमर गीत

# लता का रक्षाबंधन का वो गाना, जिसे गाते हुए रो पड़ीं सिंगर

*नई दिल्ली। रक्षाबंधन का त्यौहार आने वाला है, लेकिन उससे पहले ही बहन और भाइयों ने तैयारियां शुरू कर दी हैं। यह फेस्टिवल भाई और बहन की जिंदगी में बहुत ही मायने रखता है, क्योंकि भले ही वह कितने भी दूर हो, लेकिन एक बहन अपने भाई की कलाई को सूना नहीं होने देती। जब बात त्यौहारों की हो तो अक्सर बॉलीवुड के गाने भी याद आ जाते हैं। रक्षाबंधन पर वैसे तो कई गीत बने हैं, लेकिन आज हम आपको लता मंगेशकर के एक ऐसे कल्ट गाने के बारे में बता रहे हैं, जिसे पिछले 67 सालों से भाई-बहन की जिंदगी में कोई रिप्लेस नही कर पाया है। ये छोटी बहन और भाई से जुड़ा एक ऐसा कालजयी गाना है, जिसे गाते हुए खुद लता मंगेशकर रो दी थीं।*



### भाई-बहन के रिश्ते का प्रतीक है ये गाना

67 साल बाद भी राखी के मौके पर जिस गाने की सबसे ज्यादा डिमांड है, वह गाना है 'भैया मेरे राखी के बंधन को निभाना'। यह गाना साल 1969 में रिलीज हुई फिल्म 'छोटी बहन' का है, जिसमें स्वर कोकिला लता मंगेशकर ने अपनी आवाज दी थी और गाने को हमेशा के लिए अमर किया था। जब भी रक्षाबंधन सेलिब्रेट किया जाता है, तो सबसे पहले हर बहन की जुबान पर यही गीत आता है।

### फिल्म छोटी बहन में फिल्माए गए

नंदा और बलराज साहनी की मूवी 'छोटी बहन' में फिल्माए गए 'भैया मेरे राखी के बंधन को निभाना' म्यूजिक शंकर-जयकिशन ने दिया था। इसके अलावा इसके लिरिक्स शैलेंद्र ने लिखे थे।

### आज भी सदाबहार गीतों में है शामिल

इस गीत के बोल छोटी बहन के अपने भाई के लिए प्यार को व्यक्त करते हैं और ऐसा कहा जाता है कि जब लता मंगेशकर इस गाने को रिकॉर्ड कर रही थीं, तो उनकी आंखें भी नम हो गई थीं। इस गाने के बोल ऐसे थे कि उन्हें अपने छोटे भाई हृदयनाथ मंगेशकर याद आने लगे, जिनसे लता दीदी बहुत ज्यादा प्यार करती थीं। हृदयनाथ मंगेशकर ने एक इंटरव्यू में ये बताया था कि लता मंगेशकर ने पिता के निधन के बाद कैसे सभी भाई-बहनों को संभाला था। उन्होंने कहा था कि पूरे ब्रह्मांड में लता दीदी जैसी एक ही हैं। लता मंगेशकर की आवाज में गाया ये गाना आज सदाबहार गीतों में शामिल है।

